
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 18 जून 2024, वर्ष-30, अंक-240, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com




भाजपा नेता किरीट सोमैया ने
ईवीएम हैक के आरोपों...

सेंसेक्स
76,992.77 +181.88

डॉलर
83.520 -0.028

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,590
01 किलो 89,120

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### पश्चिम सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता

# जोनल कमेटी सदस्य कांडे होनहागा और सब जोनल सिंगराय समेत 5 नक्सली ढेर

- मृतकों में एक महिला नक्सली भी शामिल
- दो नक्सलियों को पकड़ने में मिली कामयाबी
- हथियार और अन्य नक्सली सामग्री बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित गुवा थाना क्षेत्र स्थित कोल्हान जंगल में सुरक्षाबलों ने सोमवार की सुबह मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को मार गिराया। इनमें एक महिला नक्सली भी शामिल है। मौके से हथियार और अन्य सामग्री बरामद हई है। जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान जारी है। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी ने बताया कि दो नक्सलियों को जीवित पकड़ने में भी कामयाबी मिली है। इनमें एक एरिया कमांडर और एक महिला नक्सली है। मारे गए नक्सलियों में एक जोनल कमेटी सदस्य, एक सबजोनल कमेटी सदस्य और तीन दस्ता सदस्य हैं। इनमें एक महिला नक्सली भी शामिल है। बताया गया कि सिंगराई उर्फ मनोज पर 10 लाख रुपये, कांडे और सूर्या पर क्रमशः पांच लाख और दो लाख रुपये का इनाम पुलिस ने घोषित किया था।

गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान टाइगर उर्फ पांडू हांसदा और दस्ता सदस्य बतारी बानरा के रूप में हुई है। पांडू हांसदा दो लाख रुपये का इनामी एरिया कमांडर है। बतारी महिला नक्सली है। गुवा थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादी नक्सलियों के एकत्र होने की सूचना पर सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम को इस अभियान में यह कामयाबी मिली। कुछ नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल भी रहे।

उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों का सबसे बड़ा दस्ता मौजूद है। जिले के जराइकेला और टोंटो थाना क्षेत्र में मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, सिंगरई, अजय महतो का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 65 नक्सली कैडर हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के ही गोइलकेरा और सोनुवा थाना क्षेत्र में मेहनत और अमित मुंडा का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 30 नक्सली कैडर हैं।





**गिरफ्तार नक्सली**

- एरिया कमांडर टाइगर उर्फ पांडू हांसदा, पे-विशु हांसदा, सा-हतानाबुरू, थाना-छोटानागरा, प. सिंहभूम।
- दस्ता सदस्य बतारी बानरा पे-कांडे बानरा, सा. सरजोमबुरू, थाना-टोंटो, प. सिंहभूम।

**बरामद सामान**

एसएलआर राइफल-02, इंसास राइफल-01, .303 राइफल-01, बोल्ट एक्शन राइफल-02, 9एमएम पिस्टल-01, डेटोनेटर-13 पीस, नक्सली साहित्य, 15-18 लोगो की ठहरने की सामग्री, विभिन्न प्रकार के आवश्यक जीवनरक्षक दवाएं, अन्य दैनिक उपयोग की सामान।

**मृत नक्सली**

- जोनल कमेटी सदस्य कांडे होनहागा उर्फ गोविंद नागदुवार उर्फ दिरीसुम, पे-सरगेया होनहागा, सा.-थोलकोबाद, थाना छोटानागरा, प. सिंहभूम।
- सबजोनल कमेटी सदस्य सिंगराय उर्फ मनोज कुंजाम, सा. एवं थाना जयगुड़, जिला-सुकमा राज्य छत्तीसगढ़।
- दस्ता सदस्य जोंगा सा-ईचागोड़ा, थाना गोईलकेरा, प. सिंहभूम।
- दस्ता सदस्य सूर्या उर्फ मनता देवगम उर्फ मुंडा, पे-सिन्नु देवगम, सा. सरजोमबुरू, थाना-टोंटो, प. सिंहभूम।
- दस्ता सदस्य सपनी हांसदा पति टाइगर उर्फ पांडू हांसदा सा. हतनाबुरू थाना छोटानागरा प. सिंहभूम।

## एंबुलेंस के टक्कर से मोपेड सवार की मौत, ढाई घंटा एनएच जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नेशनल हाइवे 139 पर सोमवार को दुबटिया मोड़ के समीप अज्ञात एंबुलेंस के टक्कर से मोपेड सवार 65 वर्षीय केश्वर साव की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक हरिहरगंज से धान का बीज खरीद कर पिपरा थाना क्षेत्र के होल्या गांव स्थित अपने घर जा रहे थे। दर्घटना सुबह करीब 9 की है। दुर्घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन व आसपास के लोगों ने मुआवजे की मांग करते हुए एनएच को जाम कर दिया। बाद में हरिहरगंज तथा पिपरा की पुलिस अधिकारियों द्वारा समझा बुझा कर तथा सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## भाजपा ने शिवराज को बनाया झारखंड विस चुनाव का प्रभारी

### हिमंता विश्व सरमा बनाए गए सह प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड सहित महाराष्ट्र, हरियाणा एवं जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए प्रदेश चुनाव प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है। झारखंड के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा को सह प्रभारी बनाया गया है। बीते लोकसभा चुनाव में प्रदेश भाजपा ने 14 लोकसभा सीटे जीतने का लक्ष्य तय किया था, लेकिन उसे कुल नौ सीटों पर ही जीत मिली। वर्ष 2019 की अपेक्षा पार्टी को तीन सीटों का नुकसान हुआ। अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित पांच सीटों पर एनडीए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### सड़क हादसे में विक्षिप्त महिला की मौत

**हरिहरगंज।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य मार्ग एनएच 139 पर सुल्तानी गांव के समीप ओवर ब्रिज पर अज्ञात वाहन कि चपेट में आने से एक महिला कि मौत घटना स्थल पर हो गयी। घटना सोमवार रात्रि नौ बजे कि है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के पलामू जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी, किसी वाहन के चपेट में आने से मौत हो गयी है।

### धनबाद में देवप्रभा कंपनी के गुर्गों ने ग्रामीणों को पीटा

**धनबाद।** बीसीसीएल के एरिया 10 के कुजामा में चल रही एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के गुर्गों ने सोमवार को जमकर तांडव मचाया। कंपनी के गुर्गों ने कई राउंड फायरिंग करने के साथ ही मुहल्ले में घुसकर ग्रामीणों को जमकर मारा-पीटा। इस घटना में एक ग्रामीण को गोली लगने की भी बात कही जा रही है। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार को एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग में कोयले के उत्खनन के दौरान हैवी ब्लास्टिंग की गई, जिससे आउटसोर्सिंग से उड़ा पत्थर मोहरीबांध मुहल्ला में आकर गिरा। मुहल्ले के लोग इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद मुहल्ले वाले विरोध प्रकट करने आउटसोर्सिंग पहुंचे। लोगों को देखते ही कंपनी का मालिक कुंभनाथ सिंह आग बबूला हो गया और अपने गुर्गों से सभी को मारने का आदेश दे दिया।

### आज | कल




## जमीन म्यूटेशन व निबंधन में देरी, छह सीओ को शो कॉज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जमीन के म्यूटेशन और निबंधन को लेकर राज्य सरकार सख्त है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सख्ती के बाद हजारीबाग जिले की डीसी नैंसी सहाय ने सर्वाधिक पेंडिंग और रिजेक्ट करने वाले छह अंचल अधिकारियों (सीओ) को शोकॉज किया है और दो दिनों के भीतर जवाब मांगा है। इनमें बड़कागांव, सदर, बरही, कटकमदाग, बरकट्ठा और पदमा के अंचलाधिकारी शामिल हैं। जिले के 16 अंचल में 12 जून तक कुल 1,99,162 आवेदन पड़े है, जिसमें 90,645 आवेदन पर विचार करते हुए म्यूटेशन का कार्य पूर्ण किया गया, जबकि 6,298 म्यूटेशन पेंडिंग में डाल दिए गए। इनमें 972 वैसे म्यूटेशन का आवेदन हैं, जो 30 दिन का समय अवधि पार कर चुके हैं। जबकि, 74 आवेदन 90 दिन की समय अवधि को भी पार कर चुके हैं। पूरे जिले के सभी अंचलों में कुल 1,02,238 आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं। इस मामले में डीसी नैंसी सहाय ने कहा कि म्यूटेशन का मामला काफी दिनों से पेंडिंग है। जिला प्रशासन की कोशिश है कि जल्द से जल्द सारे मामलों का निपटारा हो। सरकार की तरफ से भी निर्देश है कि म्यूटेशन पेंडिंग न हो। जिला प्रशासन सकारात्मक रूप से मामले को देख रहा है। छह सीओ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**इन सीओ को शो कॉज**

**बड़कागांव :** 30 दिन से अधिक 69 आवेदन पेंडिंग पड़े हुए हैं, जबकि 90 दिनों से अधिक 303 लंबित हैं। यहां 668 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए। अस्वीकृत मामले 47.12 फीसदी और दाखिल खारिज 45.59 फीसदी है।

**सदर अंचल :** 32,102 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए हैं। 30 दिनों से अधिक के 13 और 90 दिनों से अधिक के चार आवेदन लंबित हैं। अस्वीकृत 45.89 फीसदी है।

**बरही अंचल :** 6,997 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए हैं। 30 दिन से अधिक के 12 और 90 दिनों से अधिक के दो आवेदन लंबित हैं।

**कटकमदाग अंचल :** 17,674 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं, जबकि 30 दिन से अधिक 49 और 90 दिनों से अधिक का एक आवेदन लंबित पड़ा हुआ है। अस्वीकृति 56.66 फीसदी है।

**बरकट्ठा अंचल :** 5,795 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए हैं। 30 दिन से अधिक 485 और 90 दिनों से अधिक 236 आवेदन लंबित हैं। यहां अस्वीकृति का 36.61 फीसदी है।

**पदमा अंचल :** 2,452 आवेदन अस्वीकृत किए गए जबकि 30 दिन से अधिक 14 और 90 दिनों से अधिक पांच आवेदन लंबित पड़े हुए हैं।

**दर्दनाक हादसा**

# बंगाल में कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त, 9 की मौत, 41 घायल

- अगरतला से सियालदह जा रही थी ट्रेन मालगाड़ी ने मारी टक्कर
- सिलीगुड़ी के फांसीदेवा में रंगापानी स्टेशन के पास हुई दुर्घटना




**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार की सुबह करीब नौ बजे एक बड़ा रेल हादसा हो गया। एक मालगाड़ी ने सिग्नल पर खड़ी डाउन कंचनजंगा एक्सप्रेस (13174) को पीछे से टक्कर मार दी। ये ट्रेन सियालदह आ रही थी। हादसे में कंचनजंगा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे लगभग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। देर शाम तक 9 लोगों के शव बरामद हुए थे। कम से कम 41 लोगों के घायल हुए हैं। ये संख्या और बढ़ सकती है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मालगाड़ी के इंजन पर एक्सप्रेस ट्रेन का एक डिब्बा हवा में लटक रहा। अन्य दो डिब्बे बेपटरी हो गए। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर जोन में हादसा दुखद है। रेस्क्यू ऑपरेशन युद्धस्तर पर जारी है। रेलवे, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ मिलकर काम कर रहे हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है और वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, दार्जिलिंग के फांसीदेवा इलाके में एक रेल दुर्घटना के बारे में जानकर बहुत दुःख हुआ। राहत बचाव काम और लोगों को अस्पताल ले जाने के लिए डीएम, एसपी, डॉक्टर, एंबुलेंस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। इस बयान के बाद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**रेलवे ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर**

इस दुर्घटना के बाद लोगों की सुविधाओं के लिए रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ये नंबर 033-23508794 और 033-23833326 (सियालदह) और 03612731621, 03612731622 और 03612731623 गुवाहाटी हैं।

**प्रधानमंत्री और रेल मंत्री ने अनुग्रह राशि की घोषित**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए कंचनजंघा एक्सप्रेस हादसे पर दुख जताया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, पश्चिम बंगाल में कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। जबकि, घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि रेल मंत्रालय की ओर से पीड़ितों को बढ़ी हुई अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। मृत्यु की स्थिति में 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल होने पर 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल होने पर 50,000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

**राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने रेल हादसे पर जताया दुख**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए रेल हादसे पर दुख जताया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए रेल हादसे में लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और राहत एवं बचाव कार्यों की सफलता की कामना करती हूं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए रेल हादसे में लोगों की जान जाना वास्तव में दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं, तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# योगी के बदले मौर्य बनेंगे सीएम अफवाह या रणनीति?



**सुनील बादल**

*क्या योगी मॉडल का अंत होने वाला है क्योंकि आरएसएस प्रमुख से योगी की लखनऊ में मुलाकात के यही मायने निकाले जा रहे है।*

यूपी में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और आधारभूत संरचना में उल्लेखनीय कार्य के साथ कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार के बाद भी भाजपा को लोकसभा में अपेक्षा से बहुत सीटें मिलने से चर्चा,समीक्षा और अफवाहों का दौर चल रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पांच दिनों से दिल्ली में हैं और कई कैबिनेट बैठकों में अनुपस्थित रहे जिससे योगी को हटाकर उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की चर्चा मीडिया में भी होने लगी है। क्या योगी मॉडल का अंत होने वाला है क्योंकि आरएसएस प्रमुख से योगी की लखनऊ में मुलाकात के यही मायने निकाले जा रहे हैं कि योगी के सर भाजपा की हार का ठीकरा फोड़ कर उनका कद छोटा किया जाए ।तथ्य यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अकेले 206 चुनावी रैलियां की या रोड शो किए। 68 करोड़ मतदाताओं को बूथ ताला लाने में सबसे बड़ी भूमिका प्रधानमंत्री मोदी की रही है। बीजेपी की ओर से लोगों को लुभाने के लिए जिन नेताओं ने मेहनत की है, उनमें दूसरे नंबर पर अगर कोई है तो वे हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। उन्होंने देशभर में करीब 197 रोड शो और रैलियां की हैं। बीजेपी के चुनाव प्रचार में योगी आदित्यनाथ की मांग उत्तर प्रदेश में रहनी थी। वैसे उत्तर प्रदेश में पार्टी को जिताना उनकी जिम्मेदारी भी थी। लेकिन उत्तर प्रदेश के बाहर भी उनकी खूब मांग रही। योगी जी ने उत्तर प्रदेश से बाहर बारह राज्यों उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, जम्मू, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, ओडिशा, चंडीगढ़, हरियाणा और दिल्ली जैसे बारह राज्यों में उन्होंने प्रचार किया। योगी को लेकर देश का कथित प्रबुद्ध वर्ग विरोधी भाव रखता है। लेकिन चुनाव अभियान में प्रबुद्ध लोगों को लुभाने के लिए उन्होंने प्रबुद्ध लोगों की पंद्रह सभाओं को भी संबोधित किया। चुनाव के दौरान एक अफवाह फैलाई गई कि उत्तर प्रदेश में अगर बीजेपी जीती तो योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। चुनाव अभियान के दौरान बीजेपी के प्रति क्षत्रिय समुदाय के गुस्से की भी अफवाहें फैलीं। बीजेपी ने शुरू में तो इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी। लेकिन बाद में जब पार्टी को लगा कि इस अफवाह का नुकसान हो सकता है तो पार्टी को सामने आना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी को कई सभाओं में योगी की तारीफ करनी पड़ी। अलीगढ़ की सभा में 23 अप्रैल को मोदी ने जो कहा, उससे पार्टी में योगी की महत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। तब मोदी ने कहा, 'जो लोग योगी जी की पहचान सिर्फ बुलडोजर से करते रहते हैं मैं उनकी जरा आंखें खोलना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद



जितना औद्योगिक विकास नहीं हुआ वो अकेले योगी जी के काल खंड में हुआ है। मोदी यहीं नहीं रूके। उन्होंने योगी सरकार द्वारा शुरू की गई 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' मिशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसकी वजह से पूरे देश में उत्तर प्रदेश की नई इज्जत बनी है। योगी को उत्तर प्रदेश के विरोधी दल बुलडोजर बाबा कहते रहे हैं। इससे योगी की नकारात्मक छवि बनाने की कोशिश की जाती रही है। उत्तर प्रदेश की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने इसका उल्लेख करते हुए जो कहा, उस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। तब मोदी ने कहा था कि लोगों ने सिर्फ बुलडोजर-बुलडोजर की बातें सुनी हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश को अगर विकास की नई ऊंचाइयों पर कोई ले गया है तो योगी जी की सरकार लेकर गई है। योगी के खिलाफ चल रहे अफवाहों के जवाब में प्रधानमंत्री के इस बयान को भी देखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने योगी की प्रशंसा करते हुए कह दिया कि काशी का सांसद होने के नाते, वे खुद उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि हैं। इस लिहाज से योगी उनके भी मुख्यमंत्री हैं। प्रधानमंत्री के इस बयान से योगी को लेकर जैसे अफवाहों पर विराम ही लग गया था। नरेंद्र मोदी 73 साल के हो गए हैं। मोदी की जो कार्यशैली है, उसके हिसाब से समझा जा सकता है कि मौजूदा कार्यकाल के बाद वे अपने उत्तराधिकारी को लेकर भी सोच रहे होंगे। वैसे भारतीय जनता पार्टी में नेतृत्व का चुनाव किसी एक व्यक्ति के हाथ नहीं होता। वैसे बीजेपी के पास दूसरीं पांत के नेताओं की कमी नहीं है। लेकिन योगी अपने तरीके से उभर रहे हैं। बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपराधियों, बलात्कारियों और माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के लिए योगी का अचूक औजार बुलडोजर को अपना लिया है। इससे साबित होता है कि पार्टी के अंदरूनी हलके में उनकी स्वीकृति बढ़ी है। योगी की सख्त प्रशासक की छवि लोगों को लुभाती है। योगी जी के राज में उत्तर प्रदेश में सुरक्षा की गारंटी बढ़ी है। यह गारंटी महिलाओं को आश्वस्त करती है। इसी आश्वस्ति की जानकारी प्रकारांतर से महिला मतदाता ने दिया। योगी के साथ अच्छी बात यह है कि उनके आगे-पीछे कोई परिवार नहीं है। इसलिए उनकी ईमानदारी पर बाकी राजनेताओं की तुलना में ज्यादा भरोसा किया जाता है। शायद यही वजह है कि योगी आदित्यनाथ बीजेपी में दूसरी पांत की नेताओं में सबसे ज्यादा स्वीकार्य बने हैं। यही वजह है कि उन्हें हटाने को लेकर फैली अफवाह पर बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा तक को कहना पड़ता है कि योगी बीजेपी के सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं और उन्हें हटाने के लिए सोचा भी नहीं जा सकता। योगी ने राजनीति में ऐसी हैसियत जरूर बना ली है, जिसकी वजह से देश का एक वर्ग उनसे उम्मीद जताए बैठा है। यह उम्मीद पूरी होगी या नहीं, यह भविष्य के गर्भ में हैं। अब यदि उन्हें सोशल इंजीनियरिंग के तहत हटाकर मौर्य को सीएम बनाया जाता है तो एक मैसेज जाएगा कि अब कठोरता से बदमाशों से निबटने के दिन गए और जातीय आधार पर वोट साधने में समाजवादी पार्टी के एमवाई के अलावा अन्य पिछड़ी जातियों के वोट बैंक में सेंध मारने का कदम कहीं आत्मघाती न हो जाए।



खुल गया | खुल गया | खुल गया
नीलकमल फर्नीचर
मेसर्स विनय इंटरप्राइजेज
गायत्री मंदिर रोड, सुदना

प्रो. अभिषेक कुमार
नीलकमल के अधिकृत विक्रेता सभी तरह के | फर्नीचर के लिए एक बार जरूर पधारें
दीवान, सोफा, आलमीरा, स्कूल फर्नीचर, प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल व सभी सामानों के सेट उपलब्ध
8789497720 | 9199963588


## एक नजर

### मोनू मिश्रा हत्या कांड मामले में नामजद एक आरोपी गिरफ्तार

**विश्रामपुर।** थाना पुलिस ने मोनू मिश्रा हत्या कांड मामले में नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। गिरफ्तार युवक का पहचान छिपादोहर खुर्द निवासी 25 वर्षीय मुक्लेश कुमार यादव पिता लखन यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया की मोनू मिश्रा हत्या कांड मामले का नामजद एक आरोपी को आज गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।वही अन्य की गिरफ्तारी हेतु पुलिस छापेमारी कर रही है। गौरतलब है की पिछले 10 मई को छिपादोहर खुर्द निवासी डब्लू मिश्रा का 25 वर्षीय पुत्र मोनू मिश्रा अपने घर से लापता हो गया था। जिसका नर कंकाल छिपादोहर पांचघड़ के जंगल से 27 मई को बरामद किया गया था। जिसे लेकर विश्रामपुर पुलिस से असंतुष्ट मोनू के परिजन राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन व राज्य के डीजीपी से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनते हुए न्याय की गुहार लगाई थी।

### नाबालिग की हत्या में शामिल हत्यारों को गिरफ्तार करें प्रशासन : सिंटू

**छतरपुर।** नाबालिग की हत्या में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए। बिहार के औरंगाबाद जिला के नवीनगर की नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के छतपुर प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह ने कही। उन्होंने प्रशासन से अविलंब हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि नाबालिग लड़की के हत्यारों को जबतक गिरफ्तार करवा कर सजा नहीं होती है, तब तक झारखंड बिहार का क्षत्रिय समाज चुप नहीं बैठेगा। प्रशासन और सरकार की नींद हराम कर दिया जाएगा। उन्होंने हत्यारों को पकड़ने व मौत सजा की मांग की है। नवीनगर की नाबालिग लड़की 11 जून को घर से कोचिंग के लिए निकली थी लेकिन, घर वापस नहीं लौटी। लापता होने के तीन दिन बाद नाबालिक का शव पुलिस ने बरामद किया। लड़की की मां ने अपनी बेटी की सहेली, उसकी मां और बगल गांव के एक युवक पर अपहरण और हत्या का मामला दर्ज कराया है।

# अकीदत व सादगी से मनी कुर्बानी का पर्व बकरीद





**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में समर्पण व बलिदान का प्रतीक ईद उल अजहा बकरीद की नमाज शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के मस्जिदों में सामूहिक रुप से अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने देश, राज्य व अपने क्षेत्रों में अमन चैन और सद्भावना के साथ रहने के उद्देश्य से खुदा पाक से दुआ मांगी। मौके पर जामा मस्जिद के पेश इमाम ने कहा की ईद उल अजहा कुर्बानी का पर्व है। मौके पर अपने पालनहार परवर दिगार, और सुन्नत इब्राहिमी को राजी करने के लिये कुर्बानी पेश करते है। यह त्योहार हमें प्रेम सद्भावना त्याग, और बलिदान का प्रेरणा देता है। मस्जिदों में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे से गले मिले और बकरीद की मुबारकबाद दी। साथ ही कई लोगों ने अपने अपने घरों में बकरे की कुर्बानी देकर समाज में जकात का वितरण किया। नमाज अदा करने को लेकर सुबह से नमाजियों की भीड़ शहर के जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद, इमामन मस्जिद इस्लामगंज, दातानगर स्थित ईदगाह के अलावा देवरी मस्जिद, सुखन बिगहा ऊपरी कला, बहोरन बीघा, फातमा चक,सूबेदार बिगहा, बुधुआ समेत कई मस्जिदों में पहुंच कर नमाज अदा की। मौके पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, बसपा के वरिष्ठ नेता शेर अली, आमीन खान, जहीर खान, डॉ. आफताब आलम, डा. एजाज आलम, पूर्व नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, जाकिर अली उर्फराज अली, समेत कई लोग मौके पर लोगों से गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रही। बकरीद की नमाज को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के मस्जिदों में पुलिस बलों की तैनाती की गई थीं। वहीं हुसैनाबाद एसडीओ पियूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामाशंकर पटेल, पुलिस निरीक्षक अशुतोष प्रताप नारायण, एस आई, शशि शेखर पांडेय समेत पुलिस अधिकारी काफी सक्रिय देखे गए।

### त्याग व बलिदान का त्योहार बकरीद धूमधाम से मनाया गया

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को त्याग व बलिदान का त्योहार बकरीद धूमधाम से मनाया गया। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिद व ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम धर्मावलंबियों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान प्रशासनिक स्तर से सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था किया गया था। क्षेत्र में चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। हरिहरगंज शहर के अंसारी विगहा, सतगांवा, बंजारी, अररुआ खुर्द, बेलौदर तथा पिपरा के सरैया, कुड़वा स्थित मस्जिदों में विशेष नमाज अदा कर देश व प्रदेश में अमन चैन, खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज अदायगी के बाद अकीदतमंदों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद पर्व की बधाईया दी। इस अवसर पर अतहर हुसैन, इरफान शाहिद, मो. असलम, मो. जमील, इसरार अंसारी, बबलू , मुन्ना, मो. गोल्डेन, मो. डायमंड, मो. राजा, जमील अंसारी, मुस्तफा अंसारी, महबूब अंसारी, मो. सरवर, गुलाम गौस सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### कुर्बानी का पर्व बकरीद की नमाज अदा की गई

**सतबरवा।** प्रखंड व आसपास के क्षेत्रों में ईद- उल-अजहा बकरीद का त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। सतबरवा जामा मस्जिद में 7 बजे व ताहा मस्जिद में 6:45 नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। सुबह 5 बजे से ही ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर जामा मस्जिद में नमाज अदा करने लोग इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। बकरीद को ईद उल-अजहा भी कहा जाता है। इस्लाम में ईद उल-अजहा के दिन बकरे की कुर्बानी का विशेष महत्व बताया गया है। इस्लाम धर्म में बकरीद को बलिदान का प्रतीक माना जाता है। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना तौफीक आलम मिस्बाही ने कहा कि आज का दिन कुर्बानी का दिन है। ये कुर्बानी हमे संदेश देता है कि जिस तरीके से आज के दिन हम कुर्बानी दे रहे है, उसी तरीके से तमाम लोग अपने अंदर के छुपे हुए बुराइयों की भी कुर्बानी दें। लोग हमेशा मिल-जुल कर मोहबत के साथ जिंदगी जिए व मोहाब्बत फैलाएं। करमा गांव में हाफिज रेहान के नेतृत्व में ईद- उल - अजहा (बकरीद) की नमाज जामा मस्जिद में अदा की गई। सामाजिक कार्यकर्ता जुमन मियां ने बताया कि जिस तरह से ईद-उल-अजहा बकरीद के नमज पर सभी मुस्लिम भाइयों ने मस्जिद में नमाज अदा की व एक दूसरे से गले मिल कर मुबारकबाद दी। उसी तरह हमेशा एक दूसरे से मिलजुल कर रहना चाहिए। मौके पर मौलाना शाहिद राजा, करी कुटबुद्दी अंसारी, शमशाद अंसारी, तहसीन राजा, शाहनवाज आलम, नौशाद आलम, मो अताउलाह, मो कासिद हुसैन, मो अदनान अशरफ, मो शमसाद खान, मो मोजाहिद हुसैन, ताहा खान, मो तमशीर, मो समीर, मो अनीस, मो नासिर, सैफुलाह, राजा खान ने एक दूसरे को बधाई दी। जिप सदस्य सुधा कुमरी, प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, राजेंद्र सिंह चेरों, प्रमोद यादव, भाजपा अजजा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरों, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, बारी मुखिया निरोतमा कुमारी,धावाडीह मुखिया रिंकी यादव ने मिलकर ईद-उल-अजहा बकरीद की बधाई दी। वहीं थाना प्रभारी अंचित कुमार के नेतृत्व में पूरे प्रखड क्षेत्र में पूरी विधि व्यवस्था को लेकर अलर्ट थे।

### ईद उल अजहा की नमाज अदा की, अकीदतमंदों ने की अच्छी बारिस की दुआ

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न जामा मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज सोमवार की सुबह सात बजे अकीदत के साथ पढ़ी गई। इसके बाद चौक बाजार, भाई बिगहा, भिखा बिगहा, करीमनडीह, सिंघना, बंशीपुर, कोसीआरा, तारा, सबनवा, कररिया मस्जिद में शामिल रिजवान, सफीउल्ला खान, नावाजिश खान, राहत, ईशरत खान, सज्जू खान, राजू खान, मो. राशिद, अजहर अली, मो. शमीम, लड्डन, मो. अफजल, मो. अशरफ, डॉ. अमीनुल हक अंसारी, शमीम राईन सहित सैकड़ों अकीदतमंदों ने देश व राज्य में अमन चैन के अलावे क्षेत्र में अच्छी बारिस की दुआ मांगी है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा खुशी का पर्व बकरीद में आपसी भाईचारा, प्रेम का पैगाम देता है। यह पर्व हजरत इब्राहिम ने अपने बेटा हजरत इस्माइल की दी गई कुबार्नी की याद में मनाया जाता है। इसमें बकरे की कुर्बानी देने का विशेष महत्व रहता है। जिसे बकरीद को बलिदान के रुप में मनाया जाता है। नमाज के बाद उन्होंने एक दूसरे से गले मिल इस पर्व की मुबारकबाद दी है। वहीं लोगों ने इस मौके पर एक दूसरे के घर जाकर सेवईयां सहित अन्य नाना प्रकार के व्यंजनों का लुफ्त उठाया। उधर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये थाना प्रभारी अफजल अंसारी दलबल के साथ विभिन्न मस्जिदों के परिसर तक गश्ती में सक्रिय रहे।

## हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह में हाइवा की चपेट में आने से 25 वर्षीय राजू प्रजापति की मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ रामगढ़ थाना क्षेत्र में बारात जा रहा था। इसी बीच नावाडीह गांव के समीप मोटरसाइकिल को एक हाइवा ने पीछे से ठोकर मार देने से दोनों मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहयोग से दोनों को एमएमसीएच में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के क्रम में राजू प्रजापति गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। रांची ले जाने के क्रम में चियांकी के पास उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजू प्रजापति लातेहार के बरवाडीह निवासी अपने दोस्त की शादी समारोह में अपने मोटरसाइकिल से जा रहा था। राजू के साथ एक अन्य युवक भी था। परिजनों को जानकारी मिलने के बाद एमएमसीएच पहुंचे। वहां कागजी प्रक्रिया कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शव पैतृक आवास पहुंचते हीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सभी दहाड़ मार कर रो रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही जनप्रतिनिधि पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया। युवक का दाह संस्कार थाना परिसर स्थित खूंटी सोत नदी पर किया गया। राजू अपने पीछे पत्नी, माता, पिता के साथ दो बच्चा छोड़ गया। दाह संस्कार में समाजसेवी सफिर आलम, सुरेश प्रसाद गुप्ता, राजदेव यादव, गिरीज प्रजापति, डॉ. रविंद्र प्रजापति, दशरथ प्रजापति, उदय जयसवाल, जयराम साव, पंकज कुमार, अमरेश प्रसाद, सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## कानूनी सलाहकार के रूप में समर्पित रहूंगा : अनिल कश्यप

### झारखंड हाईकोर्ट के सीनियर व लीडिंग वकील को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कार्यालय हुसैनाबाद में झारखंड हाईकोर्ट के सीनियर व लीडिंग एडवोकेट अनिल कश्यप को अंग वस्त्र तथा मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया। मालूम हो कि अनिल कश्यप जपला के ही मूल निवासी हैं व इन्होंने दसवीं तक की पढ़ाई बक्शी उच्च विद्यालय हुसैनाबाद से किया है। जपला जैसे छोटे शहर से निकलकर उन्होंने रांची में एक अलग पहचान बनाई व रांची हाईकोर्ट में लीडिंग एडवोकेट के रूप में कार्यरत हैं। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सभी सदस्यों ने संगठन संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए व हुसैनाबाद के लोगों के लिए इतनी व्यस्तता के वावजूद भी फोन के जरिए या रांची आफिस में बुलाकर कानूनी सलाहकार व मददगार के रूप में खड़े रहते हैं। उनके जपला आगमन पर पूर्व सैनिको ने उन्हें कार्यालय में आमंत्रित कर भव्य स्वागत और सम्मानित किया। संगठन संरक्षक कर्नल डा. संजय कुमार सिंह ने कहा कि बड़ा होना कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन बड़प्पन से आपका समाज व आपकी मातृभूमि लाभांवित होती है तो बड़प्पन की असली सकारात्मकता वहीं दिखाई देती है। अनिल कश्यप ने बहुत सारे जुडिसियरी और वकालत के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने वाले अपने क्षेत्र के गरीब बच्चों का मार्गदर्शक बनकर उनके लिए मददगार साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि बहुत सुखद अनुभूति हो रही है कि हुसैनाबाद में कोई संगठन मुझे सम्मानित कर रहा है। लेकिन इस सम्मान के असली हकदार वें लोग हैं, जिन्होंने संघर्ष में मुझे आगे बढ़ाने में हमारी मदद की। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद वासियों के लिए कानूनी सलाहकार के रूप में सदैव समर्पित रहूंगा। सम्मान समारोह में कैप्टन दुखन सिंह, जिला अध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, सुबेदार आरसी मेहता, असर्फी पाल, सुमेर सिंह, सतेन्द्र ठाकुर, सत्यनारायण सिंह, गौरीशंकर ठाकुर, सुधीर सिंह, प्रसाद सिंह, सुबेदार उदय प्रताप सिंह व लोकनाथ केशरी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्रभावित रैयतों का शिष्टमंडल मिला सांसद वीडी राम से, मांग पत्र सौंपा



**सतबरवा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम से सतबरवा प्रखंड के एन एच 39 फोर लेन के निर्माण में प्रभावित 20 गांव के रैयतों के शिष्टमंडल ने मांग पत्र सौंपा। बैठक कर लिए गए निर्णय के आलोक में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को सुबह रैयत समिति का शिष्टमंडल ने सतबरवा प्रखण्ड के सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार के नेतृत्व में सांसद वीडी राम को मांग पत्र सौंपा । समिति के पदाधिकारी एन एच 39 के सड़क निर्माण के दौरान आम रैयतों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। उनमें मुख्य रूप से जमीन के मुआवजे की राशि का निर्धारण को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जमीन का मुआवजा प्रति डिसमिल काफी कम होने के कारण रैयत काफी आहत है। इसका समाधान किया जाए। सांसद ने रैयतों की समस्या को सुनकर आश्वासन दिया कि रैयतों के साथ अन्याय नहीं होगा। शिष्टमंडल में संत कुमार मेहता, सुभाष चंद्र बोस, जितेंद्र चौधरी, भोला मेहता, धनंजय कुमार गुप्ता, विनोद मेहता अरविंद चौधरी, रामजीत यादव, संजय चौधरी आदि मौजूद थे।

### संगोष्ठी में सुरक्षित ट्रेन परिचालन के लिए संरक्षा, अनुरक्षण पर दिया बल



**हुसैनाबाद।** समयबद्ध ट्रेनों के संचालन के लिए रेलकर्मी संरक्षा व अनुरक्षण के स्तर को और ज्यादा ऊंचा करें, ताकि ट्रेनों के त्वरित आवागमन में सुविधा होने के साथ ही संरक्षा भी और सुदृढ़ हो। उक्त बातें रूट रिले इंटरलॉकिंग कार्यालय जपला में अनुरक्षण और संरक्षा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भारतीय रेल सांकेतिक सेवा 2008 बैच के अधिकारी व डीडीयू रेल मंडल के सीनियर डीएसटीई राजेश कुमार कुशवाहा ने कही। उन्होंने ट्रेनों के संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित रखने संबंधी तकनीक कवच, आटोमेटिक ब्लाक सिगनलिंग सिस्टम, ट्रैक सर्किट, एमएसडैग, इंटरलॉकिंग सिस्टम, एक्सल काउंटर, यूएफएसबीआई,मोटर प्वाइंट, जैसे विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए रेलकमीर्यों से लगातार सूक्ष्म तरीके से अनुरक्षण करने को कहा। सीनियर डीएसटीई ने रेलकर्मियों के बीच ओआरएस वितरण भी की और हीट वेब से बचाव के उपाय भी बताए।इस दौरान रेलकर्मियों को हिदायत भी दी कि ट्रेक पर कभी भी मोबाइल फोन का उपयोग न करें और चलते वक्त हमेशा ट्रेन के दिशा के विपरीत दिशा में चलें। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नही कि जाएगी।इस सेमिनार में एएसटीई अविनाश यादव, एसएसई जेपी भारती, अशोक कुमार राय,राजेश कुमार, हरिवंश राम, सुधांशु शेखर, एस शर्मा, टीसीएम विजय कुमार, राहुल कुमार सहित काफी संख्या में रेलकर्मी मौजूद थे।

## समस्या

### हुसैनाबाद शहर की सभी सड़कों पर सजती है दुकानें

# रोज शाम को लगता है जाम, हादसे की आशंका






**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर की प्रायः सभी सड़कों पर ही दुकानदारों, बाइक, वाहनों का अघोषित पड़ाव है। जहां पड़ाव बनाया गया है, वहां एक भी वाहन नहीं रहता है। इस मामले में यहां के लोग पूर्व में पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह को आज भी लोग याद करते हैं, जिन्होंने यहां पड़ाव की व्यवस्था की थी। साथ ही शहर को सुसज्जित करने का प्रयास किया था। कुछ हद तक वह सफल भी हुए थे। अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासनिक अभियान तो चलाया जाता है, लेकिन कुछ दिन बाद ही यह बेअसर हो जाता है। कुछ दिन पहले हुसैनाबाद में मुख्य सड़क पर अतिक्रमणमुक्त अभियान चलाया गया था, जिसका फलाफल शून्य रहा। नतीजतन शहर की सड़कों पर हर दिन शाम को जाम लगना आम बात बन गई है। किसी दिन इन अतिक्रमण के कारण बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। हुसैनाबाद नगर पंचायत के शहर स्थित मुख्य सड़कों के बगल में राहगीरों के चलने के लिए पेवर ब्लॉक से सड़क का कायाकल्प किया गया था। शहर के इन फुटपाथों को अतिक्रमणकारियों ने पूरी तरह अपने कब्जे में ले लिया है। हुसैनाबाद शहर में दो सौ से अधिक फुटपाथी दुकानदार रोजाना सड़क पर ही दुकान लगाते हैं। शहर के मेन बाजार में चार पहिया वाहन के प्रवेश पर भी किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। इस संबंध में मोड़ पर केवल साइन बोर्ड लगाया गया था। जयप्रकाश चौक से लेकर गांधी चौक तक हुसैनाबाद(जपला) का मेन बाजार है, और अगर इसमें चार पहिया वाहन प्रवेश करने लगता है तो मुख्य सड़क जाम हो जाती है। दुकानों का सामान आधा सड़क किनारे रखा जाता हैं। उसके बाद दुकान में जो खरीददार होते हैं, उनकी बाइक वहीं पर लगी मिलती है। चारपहिया वाहन भी प्रवेश कर जाता है तो जगह कहां से मिलेगी। जयप्रकाश चौक से गांधी चौक तक की मुख्य सड़क पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में है। यहां सैकड़ों फल व सब्जी का ठेला सड़क पर बेतरतीब तरीके से स्थाई रूप से लगाई जाती हैं, जिससे राहगीरों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मुख्य सड़क ही सब्जी मार्केट में तब्दील हो चुका है। दूसरी ओर फुटपाथी दुकानदारों का भी अपना रोना है। चूंकि जपला में अलग से कोई बाजार का स्थान निर्धारित नहीं है। बाजार के नाम पर लाखों रुपये की वसूली नगर पंचायत द्वारा की जाती है। अपने जीविकोपार्जन के लिए सड़क पर ही लोग दुकान लगाने को विवश हैं। क्योंकि सरकार व प्रशासन की ओर से अब तक इनके लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। मजबूरन सड़क के किनारे या बीच में कहीं भी जहां जगह मिली, वहीं अपनी दुकान लगा लेते हैं, ताकि दो वक्त की रोटी का जुगाड़ कर सकें। इस कारण पैदल चलनेवालों के लिए भी सिरदर्द हो जाता है। बाइक या कोई वाहन ने ठेला को छू भी लिया तो उसकी खैर नहीं। यहां चोरी सीनाजोरी दोनों हावी है।




## एक नजर

### कल्पना सोरेन की जनसभा आज, तैयारी पूरी



**हुसैनाबाद।** टाउन हॉल में गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन की हुसैनाबाद मे होने वाली जनसभा की तैयारी पूरी ली गई हैं। जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पांच हजार से ज्यादा ग्रामीण व कार्यकताओं ने भाग लेकर इसे सफल बनाएंगे। जनसभा में ढाई सौ लोग झामुमो का दामन थामेंगे। कार्यक्रम को लेकर पलामू डीडीसी रवि आनंद, एसडीएम पियूष सिन्हा व कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर लोगों को कार्यक्रम शामिल होकर सफल बनाने की अपील की है।

### आर्दश पंचायत में जहां-तहां फेंका जा रहा कूड़ा

**पाटन।** प्रखंड के आदर्श पंचायत किशुनपुर में कूड़ा कचरा का अंबार लगा रहता है। सरकार के जन उपयोगी योजना पेयजल स्वच्छता विभाग से लाखों की लागत से कूड़ा रखने वाला कूड़ा दान बनाया गया है, लेकिन लोग कूड़े दान की जगह रोड के किनारे कूड़ा फेंक देते हैं। आदर्श पंचायत होने के बाद भी किशुनपुर पंचायत भवन के पीछे कचरे का अंबार लगा रहता है। इस जगह घनी आबादी बसी हुई है। कूड़ेदान जगह-जगह पर बनाया गया है, लेकिन जानकारी के अभाव में कूड़ा को जहां तहा फेंक दिया जाता है। इस प्रकार का कूड़ादान प्रखंड के हर एक पंचायत में बनाया जा रहा है, लेकिन लोग कूड़ेदान का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

### नीतेश कुमार ने प्रभार लिया

**पाटन।** प्रखंड के किशुनपुर ओपी प्रभारी के रूप में नीतेश कुमार ने सोमवार को प्रभार ग्रहण किया। बता दे कि कुमार नीरज का ट्रांसफर हो गया है। योगदान देने के बाद ओपी प्रभारी नीतेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अमन-चैन का महौल कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

---

#### पूर्व में भी डायन बता कर मारपीट की घटना हुई थी

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, आधा दर्जन घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के देल्ही गांव में आपसी मारपीट में एक पक्ष के आधा दर्जन लोग घायल हो गए है। सभी घायालों को इलाज के एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि चुनाव के दौरान भी दोनों पक्ष में मारपीट हुई थी। इसकी लिखित शिकायत थाना में दर्ज करायी गयी थी। सोमवार को चनारीक महतो उनका बेटा संतोष मेहता, पोता राज रोशन कुमार, पत्नी भगवानी देवी, बहू ज्ञानती देवी को दूसरे पक्ष के रमेश महतो, बसंत महतो, राम लखन महतो, अरविंद महतो, वशिष्ठ महतो, पवन महतो, कामेश महतो, रामरति महतो, श्याम देव महतो, ललन महतो, धूपन महतो, बृजदेव महतो, दौलती देवी, जऊत्रि देवी, प्रमिला देवी, बुधन महतो ने लाठी, डंडा, कुदाल से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। कुछ दिनों पूर्व पीड़ित पक्ष ने एक भूखंड पर अपने मकान बनाने के लिए नींव खुदाई किया था। इस बीच रमेश महतो व अन्य ने जमीन पर नींव खुदाई का काम रोकने लगे। चनारीक महतो वहां पहुंच कर नींव भरने से मना किया। इसके विरोध स्वरूप अचानक दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी डंडे से हमला कर करना शुरू कर दिए। बीच बचाव करने गए उनके परिवार के लोगों से भी मारपीट की गई। मारपीट में चनारीक महतो का दोनों हाथों, पैर में गंभीर चोट लगा है। बेटा संतोष मेहता, चचेरा पोते राज रौशन का सिर फट गया है। ज्ञानती देवी को कूल्हे में चोट लगी है। चनारीक की पत्नी भगवानी देवी भी घायल है। घटना के संबंध में तरहसी थाना प्रभारी नीरज सिंह ने बताया कि घटना में कुछ लोगों की घायल होने की सूचना मिली है, लेकिन अब तक किसी ने लिखित आवेदन थाने नहीं दिया है। आवेदन प्राप्त होते ही बाद जांच के बाद दोषियों पर कार्यवाई की जाएगी।

### थाना में लिखित शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

ज्ञानती देवी के पति सह वार्ड सदस्य लवकुश मेहता ने बताया कि पहले भी चुनाव से पूर्व इस घटना में शामिल कुछ लोगों द्वारा उसकी पत्नी ज्ञानती देवी को डायन बता कर मारपीट की गई थी। थाना में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## 23 को दौड़ का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के निर्देश पर पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में 23 जून को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर 16 वर्ष से अधिक उम्र वाले खिलाड़ियों के लिए पलामू जिला स्तरीय 3000 मीटर दौड़ व 16 वर्ष आयु वर्ग से कम वाले (सब-जूनियर)खिलाड़ियों के लिए 600 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम प्रातः 6:30 बजे से जीएलए कॉलेज ऐथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में पलामू जिला के कोई भी प्रखंड के स्कूल, कॉलेज के बालक, बालिका, महिला, पुरूष प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता स्थल पर भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों मेडल, प्रमाण पत्र दिए जाएगा। इसके अलावा चौथा, पांचवा, छठा, सातवां स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को भी प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यह जानकारी पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएश सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने दी।

**कार्यक्रम प्रातः 6:30 बजे से जीएलए कॉलेज ऐथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित होगा।**

## दुष्कर्म पीड़िता की नबालिग बहन की बालिका गृह में मौत

**नवीन मेल संवाददात**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बालिका गृह में दुष्कर्म पीड़िता की बहन का मौत का मामला सामने आया है। मृतका दुष्कर्म पीड़िता की बहन थी। मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण उसका इलाज चल रहा था। बालिका गृह में मौत के बाद दंडाधिकारी की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करा कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया जाता है किजून 2023 में पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में एक अनाथ लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना हुई घटी थी। दुष्कर्म पीड़िता, उसकी 10 वर्षीय बहन को पुलिस की पहल पर बालिका गृह में भेज दिया गया था। दोनों बहन एक साथ बालिका गृह में रह रही थी। कुछ समय पहले दोनों बालिका गृह से निकल कर बाहर चले जाने के बाद बालिका गृह प्रबंधन दोनों को दोबारा बालिका गृह में पहुंचाया था। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि बच्ची को बुखार था। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, वहां इलाज के दौरान नाबालिग की मौत हो गई है।




## सिस्टम फेल है, पानी नहीं मिलने से लोग त्रस्त : आशीष भारद्वाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पानी यात्रा के छठे दिन शहर के वार्ड नंबर दो,अघोर आश्रम पश्चिमी के 15 परिवार के सदस्यों से मिल कर युवा समाज सेवी आशीष भारद्वाज ने उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को समृद्ध करने में उनकी रुचि है। संपूर्ण सिस्टम फेल है। लोग पानी नहीं मिलने से त्रस्त है। शहर में व्याप्त पेयजल संकट के निराकरण के लिए चलाये जा रहे जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान में यह बात सामने आ रही है कि पानी नहीं मिलने के अभाव में लोग गंदा पानी पी कर जीवन बसर कर रहे हैं। गंदा पानी पीने पीने से बीमारियां फैलने की अधिक संभावना है। इसका जिम्मेवार कौन होगा? उन्होंने कहा कि वर्तमान समय सचेत होने का है। उन्होंने कहा कि कुछ पदाधिकारी व पूर्व के जनप्रतिनिधियों को शहर की मूल समस्याओं से कुछ भी लेना देना नहीं है। मौके पर शैलेश तिवारी, मुकेश तिवारी, साहेब जी नामधारी, मधुकर शुक्ला, मनीष तिवारी, अरविंद पांडेय, दीपक प्रसाद, अमन सिंह, अंकित शुक्ला आरंभ, राजकुमार वर्मन, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, गोलू, धीरू, उपस्थित थी।



### बिजली विभाग की छापामारी अभियान

**नीलांबर पीतांबरपुर।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी को रोकने के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा विद्युत सहायक अभियंता के नेतृत्व में गठित टीम ने प्रखंड के कमलपुर, धनगांव, भलमंडा, भकासी, लेस्लीगंज बाजार में बिजली चोरी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान एलटी लाइन में तार का टोका फंसा कर मीटर से बाईपास कनेक्शन कर बिजली की चोरी करते 26 लोग पकड़े गए। कनीय विद्युत अभियंता संजय खलखो ने बिजली चोरी करते पकड़े गए सभी लोगों के विरुद्ध नीलांबर पीतांबरपुर थाने में विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया है। साथ ही जुमार्ना भी लगाया है। जिन पर जुर्माना लगा है उनमें कमलपुर के राजदेव प्रसाद यादव, मालदेव यादव, जनू राम, मनोज राम, मनीष कुमार राम, धनगांव के आशीफ मियां, हलीम मियां, सरफुद्दीन मियां, मुस्तकीम मियां, फेकन मियां, कुदुस मियां, समसुद्दीन मियां, शंकर देव साव, मंजूर आलम, कृष्णा गोस्वामी, भकासी गांव के विनोद सिंह, भोला पासवान, पद्मावती देवी, वैभव कुमार वर्मा, भलमंडा के बलराम मांझी, लेस्लीगंज के गोपाल प्रसाद सोनी, विनोद प्रसाद, मनोज प्रसाद, संजय कुमार, बसौरा गांव के अर्जुन कुमार का नाम शामिल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### पलामू के रंगकर्मी को मिला सोन गौरव सम्मान

**मेदिनीनगर।** पलामू के मासूम आर्ट ग्रुप के सचिव व वरीय रंगकर्मी सैकत चटर्जी को बिहार के डेहरी ऑन सोन में सोन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। रंगकर्म के क्षेत्र में 35 वर्षो से सक्रिय रहने के कारण सैकत को सोन गौरव सम्मान दिया गया। रविवार की रात डेहरी के झुनझुनवाला वाटिका में अभिनव कला संगम द्वारा आयोजित एक समारोह में सैकत को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरा के मनोज कुमार सिंह द्वारा निर्देशित बहु चर्चित नाटक गंगा स्नान की प्रस्तुति की गई। रांची के फीनिक्स संस्था ने अभिराज द्वारा निर्देशित नाटक राजरक्त का मंचन किया। सम्मान समारोह में रंगमंच से जुड़े सक्रिय वरीय रंगकर्मियों को भी सम्मानित किया गया। अभिनव कला संगम के अध्यक्ष कमलेश कुमार ने कहा कि सैकत चटर्जी पिछले 35 सालों से लगातार रंगमंच से जुड़कर पलामू जैसी जगह में नाटक को जीवित रखने का काम कर रहे है। इसलिए संस्था उन्हें सोन गौरव सम्मान से सम्मानित कर रही है। उन्होंने कहा कि सैकत एक ऐसे कलाकार है जो अभिनव कला संगम द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा बार भाग लिया है। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। सम्मान प्राप्त करने के बाद सैकत ने कहा कि यह सम्मान पलामू का है। पलामू के उन सभी लोगो को समर्पित है जिन लोगो ने रंगकर्म के अलख को जलाकर रखने में सहयोग करते रहते है। उन्होंने कहा की अभिनव कला संगम की टीम को धन्यवाद दिया। सैकत को सोन गौरव सम्मान मिलने से मासूम के कलाकार व अन्य रंगकर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जायंट्स महिला विंग ने रक्तदान का किया आयोजन

**मेदिनीनगर।** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक व प्रथम विश्व अध्यक्ष पदम श्री नाना चूड़ासमा के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर सोमवार जायंट्स क्लब महिला विंग ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। ब्लड बैंक में सहेली उड़ान की सदस्याओं ने रक्तदान कर सामाजिक उत्तरदायित्व को पूरा कर रक्तदान महादान मूल मंत्र को साकार किया। रक्तदान शिविर में अविनाश सिन्हा ने 14 वीं बार रक्तदान कर लोगों को रक्तदान करने के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा सदस्यों में आरती, प्रियांका आनंद, नंदिनी, कंवलजीत, सीमा ने रक्तदान किया। मौके पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दिया गया। लैब टेक्नीशियन संजय ने कहा पहली बार किसी महिला ग्रुप द्वारा इतनी बड़ी संख्या में रक्तदान किया गया। अध्यक्ष देवेंद्र नामधारी, सचिव सचिव प्रियंका आनंद ने कहा कि महिलाएं घर ही नहीं समाज भी बनाती हैं। जन्म भी देती हैं, जान बचाने में भी आगे रहती हैं। किसी की जिंदगी बचाना सबसे बड़ पुण्य का काम है। पुण्य का भागीदार सभी को बनना चाहिए। क्लब द्वारा रक्तदान करने वालों के लिए पीने का पानी, जूस की व्यवस्था की गई थी। मौके पर जायंट्स सहेली की आईपीपी रेनू शर्मा, तृप्ता आनंद,अंजू अग्रवाल, नंदिनी राजन सहाय, कंवलजीत नामधारी, सीमा भसीन, आरती आनंद सहित अन्य मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन रेनू शर्मा ने किया।

### जल संकट का स्थाई समाधान, सामूहिक चेतना : ओझा

**मेदिनीनगर।** पलामू 40 वर्षों से जल संकट की मार झेल रहा है। मंडल डैम बनाने की योजना 40 वर्षों से खटाई में पड़ी हुई है। सरकारी तंत्र में ऐसा षडयंत्र रचा कि वह डैम आज भी अधूरा है। पलामू में जल संकट का दोषी सरकारी तंत्र है। आज एक भी जगह ऐसा नहीं बचा है जहां पानी ठहराव हो। नदियां संकीर्ण हो गई है। नदियों में लोगों ने घर बना दिया है। कचरा से भर दिया है। नदियां नाला का स्वरूप ले चुकी है। सामूहिक चेतना के विकास से ही जल संकट को दूर किया जा सकता है। ये बातें इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 44 वीं कड़ी में आयोजित जल संकट, चिंता और समाधान विषय पर वरिष्ठ साहित्यकर्मी केडी ओझा ने कही। परिचर्चा इप्टा पलामू के अध्यक्ष वरिष्ठ कलाकार प्रेम भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। प्रेम भसीन ने वक्ताओं से आग्रह किया कि संकट झेल रहे हैं। समाधान पर ज्यादा बात करें। उनके आग्रह के बाद एनटीपीसी के इंजीनियर फराज अहमद ने कहा कि जल संकट को दूर करने के लिए अपने घर से ही रेन हरवेस्टिंग की शुरूआत करनी होगी। प्रॉपर चैनल द्वारा पेड़ लगाने का सामूहिक प्रयास जरूरी है। प्रगतिशील लेखक संघ पलामू के सचिव नुदरत नवाज ने कहा कि जब लाखों पेड़ कट रहे हो वैसे में सामूहिक स्तर पर वन विभाग से मिलकर पेड़ लगाने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। व्यक्तिगत रूप से पेड़ लगाकर जंगल नहीं बचाया जा सकता। पीयूसीएल के सचिव निषाद खान, कुलदीप राम, दौरान शशि पांडेय, अजीत कुमार, घनश्याम कुमार संजीव कुमार संजू ने कहा कि आज अंबेडकर हॉस्टल में पानी के कमी के कारण छात्र अपने घर चले गए हैं। मात्र अभी 70-75 छात्र ही हैं। प्रेम भसीन ने जल संकट के स्थाई समाधान के लिए उपायुक्त, नगर आयुक्त को सुझाव के साथ मेमोरेंडम देने का प्रस्ताव रखा। जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सहमति प्रदान किया।

---

#### अमन की दुआ

#### अकीदत के साथ मनाई गई बकरीद

# मस्जिदों में हुई विशेष नमाज, अमन चैन व भाईचारे की दुआ की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में सोमवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार अकीदत के साथ मनायी गयी। सुबह 8.30 बजे से जिले के विभिन्न क्षेत्र के मस्जिदों पर विशेष नमाज अदा की गई। हजार की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग विशेष नमाज में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश, देश में अमन चैन शांति के लिए मुस्लिम समुदाय ने सामूहिक दुआ की व भाईचारे का संदेश दिया। शहरी क्षेत्र के जामा मस्जिद छहमुहान, छोटी मस्जिद मेन बाजार, नूरी मस्जिद पहाड़ी मुहल्ला, मदीना मस्जिद मुस्लिमनगर, मिल्लत मस्जिद कुंड मुहल्ला, मस्जिद ए हे राईन मुहल्ला, अलकसीम मस्जिद नावाटोली, अहले हदीस मस्जिद, मोहम्मदी मस्जिद मुस्लिमनगर, मदरसा अहसानूल उलूमा शाह मुहल्ला में निर्धारित समय पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की। नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। इसी तरह जिले के अलग अगल मस्जिदों में मस्जिदों में भी ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी गई। इस दौरान मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों ने बकरीद पर कुर्बानी के महत्व को बताया।



### अल्लाह की राह में यह पर्व अपने सबसे प्रिय को कुर्बानी देना है

विभिन्न मस्जिदों पर इमाम ने बकरीद पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि कुर्बानी के सबसे बड़े पर्व पर तीन दिन चलने वाली ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर लोग एक दूसरे को मुबारकबाद देते है। देश व शहर में अमन चैन व भाईचारे का संदेश दिया गया। यह पर्व अल्लाह की राह में अपने सबसे प्रिय को कुर्बानी देने का है। इस मौके पर लोगों ने कुर्बानी दी।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के सिक्की कला गांव निवासी अनीस अंसारी के 26 वर्षीय पुत्र हकीम अंसारी का चैनपुर थाना क्षेत्र के बंजारी स्थित गांव में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दुर्घटना में उसका दोस्त औरंगजेब भी घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को अनीस अपने दोस्त के ससुराल से वापस लौट रहा था। इस दौरान बंजारी गांव के पास बाइक अनियंत्रित होने से दोनों गिर गए। आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल ही चैनपुर थाना पुलिस को दुर्घटना की जानकारी दिया। पुलिस दोनों घायलों को एंबुलेंस से एमएमसीएच में भर्ती कराया। वहां इलाज के क्रम में अनीस की मौत



### पीटीआर में दिखा मादा तेंदुआ

**मेदिनीनगर।** मादा तेंदुआ व उसके तीन बच्चा रविवार को पीटीआर के मारोमार व बारेसाढ़ पक्की सड़क पर देखा गया। इसकी पुष्टि बाड़ेसाढ़ रेंज के प्रभारी वनपाल परमजीत तिवारी ने की। उन्होंने बताया कि एक मादा तेंदुआ व उसके तीन बच्चे सड़क पर थे। रात के 10 बजे मादा तेंदुआ को जैसे ही ग्रामीणों के आसपास होने की भनक लगी वैसे ही मादा तेंदुआ अपने दो छोटे बच्चों को लेकर झाड़ी में छिप गया। उन्होंने बताया कि तेंदुआ की संख्या 50 से ऊपर थी। पिछले वर्ष 2023 में पलामू टाइगर रिजर्व में उस समय निश्चित रूप से इनकी संख्या में बढ़ोतरी हुई है। पलामू टाइगर रिजर्व के कर्मियों ने लोगों से सतर्क व सावधान रहने की अपील की है। मादा तेंदुआ अगर बच्चे के साथ रहने पर आक्रमक हो जाता है।

## एक नजर

### अज्ञात जंतु के काटने से ग्रामीण बीमार अस्पताल में भर्ती

गढ़वा। डंडा थाना क्षेत्र के कोटा गांव निवासी उपेंद्र महतो पिता स्व.नागेश्वर महतो को अज्ञात विषैले जंतु ने काट लिया। उसे बीमार हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि उपेंद्र महतो ने रविवार की रात में सब्जी के फसल लगे खेत को पटाने के लिए गया था। इस दौरान उसके बायां पैर में अज्ञात विषैला जंतु ने काट लिया। इससे उसे तेज दर्द होने लगा तथा कुछ देर बाद वह बेहोश हो गया। इसके बाद उसके स्वजनों ने सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

### चिनिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



चिनिया। चिनिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की सुबह लगभग 6:30 बजे अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जप्त कर चिनिया थाना लाया है। बताते चले कि चिनिया थाना क्षेत्र के चपकली रोड स्थित बिजली सब स्टेशन के पास से अवैध रूप से बालू परिवहन करते स्वराज ट्रैक्टर को जप्त कर चिनिया पुलिस द्वारा थाना परिसर ले लाया गया, मामले में पूछे जाने पर चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाकर की गई है जिसमें ट्रैक्टर मालिक चिनिया के टोला चिखुरा पत्थर निवासी धीरज यादव पिता वृक्ष यादव का ट्रैक्टर है जो अवैध रूप से कनहर नदी से बालू लोड कर अन्यत्र जा रहा था। जिसे जप्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है बताते चले कि झारखंड सरकार द्वारा पिछले 10 जून से ही अवैध खनन पर विशेष रूप से रोक लगा दिया गया है। उसके बावजूद भी अवैध रूप से बालू माफिया द्वारा बालू का अवैध ढुलाई अनवरत जारी है। उधर पुलिस का कहना है कि इस तरह का कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। अवैध खनन करने वालों की खैर नहीं उधर पुलिस के इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप है कार्रवाई में चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार सब इंस्पेक्टर राधेश्याम कुमार व पुलिस बल शामिल थे।

### घर में लगी आग कई समान जलकर हुए खाक



खरौंधी। खरौंधी थाना क्षेत्र के बैरी टोला महागोड निवासी उदय सिंह के घर में लगी आग घर सहित कई समान जलकर हुई खाक . जिसमें आग लगी के घटना को लेकर उदय सिंह ने खरौंधी थाना में सोमवार को लिखित आवेदन दिया। जिसमें उन्होंने आवेदन में उल्लेख किया है की रविवार को शाम लगभग 5: 30 बजे मैना देवी पति संजय सिंह के द्वारा मेरे घर में आग लगाया गया है। जिसमें मेरी बेटी पूजा कुमारी के द्वारा मैना देवी को आग लगाकर भागते हुए देखा गया है। जिसमें घर में आग लगने से घर सहित घर में रखे पशु की चारा जलकर खाक हो गया। इसके साथ ही उदय सिंह ने बताया की घर के आसपास में लगे लगभग 15 हरा पेड़ भी जल गया। वहीं इस संबंध में मैना देवी पति संजय सिंह ने बताया की मेरे द्वारा आग नहीं लगाया गया है। उपर झूठा आरोप लगाया गया है। वहीं इस संबंध में खरौंधी थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया की आवेदन प्राप्त हुआ है जांचोपरांत करवाई की जायेगी।

# सामाजिक समानता और भाईचारे का संदेश देता है बकरीद : मंत्री मिथिलेश

## मंत्री ने गले मिलकर दी बकरीद की मुबारकबाद



नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
ईद - उल - अजहा बकरीद का त्योहार सोमवार को जिले भर में काफी धूमधाम से पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा के उंचरी स्थित ईदगाह, मस्जिद, मदरसा आदि स्थानों पर पहुंचकर इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि बकरीद का त्यौहार समानता और भाईचारे का संदेश देता है। यह इस्लाम धर्म का एक प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार हजरत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) की अल्लाह के प्रति निष्ठा और उनके बलिदान की याद में मनाया जाता है। यह पर्व त्याग और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बकरीद का महत्व केवल बलिदान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि हमें अपनी प्रिय वस्तुओं को अल्लाह के रास्ते में त्यागने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह त्योहार हमें परस्पर प्रेम, सद्भावना, और सहायता का पाठ पढ़ाता है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि बलिदान और सेवा में ही सच्ची खुशी और संतोष निहित है। बकरीद का त्योहार न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक और मानवीय मूल्यों को भी प्रकट करता है। यह हमें त्याग, निष्ठा, और सामाजिक सेवा के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है। बकरीद का त्योहार वास्तव में एक ऐसा पर्व है जो हमें आपस में जोड़ता है और प्रेम, भाईचारे और इंसानियत के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिलता है। यहां सभी धर्म के लोग आपस में मिल जुल कर एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं। वे ऊपर वाले से यही प्रार्थना करते हैं कि यहां आपसी एकता, भाईचारा एवं सद्भावना हमेशा बनी रहे। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, मदनी खान, मासूम खान, डॉ असजद अंसारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।



## दतवनिया गांव के ईदगाह में अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज



डंडई। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीद पर्व त्यौहार के मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा किया। झोतर पंचायत के दतवनियां गांव में मदरसा गौसिया जियाउल उलूम इस्थित ईदगाह कमेटी द्वारा बड़े ही धूमधाम से ईदगाह को सजाया रचाया गया था जिसमें ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई इस वर्ष ईद उल अजहा की नमाज पर बड़ी संख्या में लोगों ने ईदगाह में जाकर सौहार्दपूर्ण तरीके से नमाज अदा किया एवं नमाजियों द्वारा देश में अमन चैन और भाईचारे के साथ साथ राज्य तथा देश के तरक्की के लिए भी दुआ मांगी गई। त्योहार को लेकर बच्चों में काफी उत्साहित रहा। नमाज अदा के बाद लोगों ने आपस में गले मिलकर एक दूसरे को ईद के मुबारकबाद दिया। मुबारकबाद देने वालों में शिक्षक जमील अंसारी शिक्षक मंसूर आलम उप मुखिया नेसार अंसारी गुलाम मुर्तजा अंसारी सफायत अंसारी जिया उल हक अंसारी मुमताज अंसारी साकिर हुसैन तस्लीम अंसारी खलील अंसारी फरीद अंसारी असलम अंसारी हदीस अंसारी सफीक अंसारी नसीम राजा वकील अंसारी आदि लोग शामिल है।

## अकीदत के साथ मनाई गई बकरीद



केतार। त्याग और बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा (बकरीद) प्रखंड क्षेत्र में शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। इस त्योहार को लेकर लोगों में खास उत्साह देखा गया मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सोमवार की सुबह नये वस्त्र पहनकर अपने नजदीकी के बेलाबार और केतार के मस्जिद में नमाज अदा की। मस्जिद के इमाम व मौलाना ने तकरीर कर नमाज अदा कराई। इस दौरान नमाजियों ने मुल्क की हिफाजत , तरक्की और अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद एक दूसरे को गले मिलकर बकरीद पर्व की मुबारकबाद दी।

## ईद-उल-अजहा का त्योहार समानता और भाईचारे का संदेश देता है : अनंत प्रताप देव

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
त्याग, बलिदान, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक ईद उल अजहा बकरीद पर्व अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईदगाह व मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा किया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल अजहा का त्योहार आपसी सौहार्द इबादत एवं भाईचारे के साथ सोमवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया ईद उल अजहा को लेकर अहले सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह में पहुंचे और नमाज अदा की। उसके बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद उल अजहा की बधाई दी। इस दौरान बच्चे युवा और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखा गया लोगों ने बकरीद की नमाज अदा कर मुल्क में अमन चैन खुशहाली,आपसी भाईचारा एवं तरक्की की दुआ मांगी अनुमंडल मुख्यालय गोसाईबाग स्थित ईदगाह, बरडीहा मस्जिद, नरही स्थित ईदगाह, कुशदण्ड स्थित ईदगाह,कधवन स्थित ईदगाह, हुलहुला स्थित मस्जिद सहित अन्य जगहों पर ईद उल अजहा नमाज अदा किया गया। गोसाईबाग स्थित ईदगाह में मोहतमिम अब्दुल कादिर साहब के द्वारा ईद उल अजहा का नमाज अदा कराया गया। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व का दिन फर्ज-ए-कुर्बान का दिन होता है बकरीद पर सक्षम मुस्लिम समुदाय के लोग अल्लाह की राह में बकरे भेड़ की कुर्बानी देते हैं। ईदगाह पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेत्री किरण देवी, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय,अमरनाथ पांडेय, जदयू नेता रवि प्रकाश बबलू ने लोगों से मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दिया पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम आपसी भाईचारे के साथ भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सभी त्यौहार मनाया जाता है।

## सजदे में झुके सिर, मांगी शांति की दुआ



नवीन मेल संवाददाता। मेराल
प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीद पर्व त्यौहार के मौके पर ईद उल अजहा के नमाज सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हो गई। प्रखंड क्षेत्र में ईद उल अजहा की नमाज मेराल पुवारी टोला, बना, गेरुआ, हासनदाग, खुटेलिया, तीसरटेटुका, दुलदुलवा, चामा, लोवादाग, दलेली, पचफेड़ी, बिस्रामपुर इत्यादि गांव के ईदगाह में मुस्लिम धर्म के लोगों ने जाकर ईद उल अजहा के नमाज अदा किया। साथ ही देश की तरक्की और अमन चैन के साथ आपसी भाईचारा के लिए लोगों द्वारा दुआ की गई। त्योहार को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर लोगों ने त्यौहार की मुबारकबाद दिया। बकरीद पर्व त्यौहार का मुस्लिम धर्म में खास मतलब है अपने पसंदीदा चीज को अल्लाह के राह में कुर्बानी देना अल्लाह सब्र का इम्तिहान लेता है कुर्बानी देने का मकसद है हर बुराई से बचने लोगो को मदद करना का पैगाम

## भाईचारे के साथ मनायी गयी बकरीद

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)
सोमवार को प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का पर्व शांतिपूर्वक व भाई चारा के साथ मनाया गया। थाना क्षेत्र के मझिगावां, खरौंधी, अंधरी, चंदनी, करिवाडीह, सेमरवा मस्जिद एवं ईदगाह में नमाज अदा किया। ईद-उल-अजहा के नमाज के बाद लोगो ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की एक दूसरे को मुबारकबाद दिया। वहीं सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगो ने मुबारकबाद दिया। इस पर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी सतर्क थी। क्षेत्र में त्योहार को लेकर पुलिस गश्त बढ़ा दी गई थी। सभी जगहों पर बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। वही खरौंधी थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी ने पुलिस पदाधिकारी को अलग अलग मस्जिद पर नमाज के समय प्रतिनियुक्त किया गया। इस दौरान खरौंधी प्रखंड सदर कलीम अंसारी,मझिगांवा सदर समसुद्दीन अंसारी, जाहिर अंसारी, फिरोज अहमद, इदु अंसारी, मोजाहिम अंसारी, जाकिर हुसैन, मझिगांवा पंचायत मुखिया पति सतीस राम,बीडीसी कृष्णा राम,सोविचत अंसारी,नुरायन अंसारी, बदरे आलम, रियासत अंसारी, कुर्बान अंसारी सहित कई लोग उपस्थि थे।

## जेसीबी और बाइक की टक्कर में हुई युवक की मौत

### परिजनों ने सदर अस्पताल की व्यवस्था को लेकर किया हंगामा

- घंटों हंगामा के बीच कमरे में कैद रहे चिकित्सक, डॉक्टरों ने प्राथमिक दर्ज कराई



नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
मझिआंव थाना क्षेत्र के खरसोता गांव में जेसीबी और बाइक के टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। मृतक का पहचान मझिआव थाना क्षेत्र की करकट्टा गांव निवासी रामजीत राम का 24 वर्षीय पुत्र नंदन कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से नंदन को सदर अस्पताल लाया गया। जहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने सदर अस्पताल के व्यवस्था के खिलाफ जमकर हंगामा किया। परिजनों ने कहा कि उनके मरीज को चिकित्सको ने नहीं देखा। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों को हंगामा करता देख चिकित्सक इमरजेंसी रूम में ही कैद हो गए। और उसकी सूचना गढ़वा पुलिस को दिया गया। उस दौरान परिजनों ने जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलने के काफी देर बाद गढ़वा पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मृतक के परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्त के बाद पुलिस मामले को शांत कराया। और डरे सहमे हुए चिकित्सको को एमरजेंसी रूम से बाहर निकाला और मामले को शांत कराया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को शव सौंप दिया गया है। परिजनों ने बताया कि नंदन कुमार एक मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी में बारात में शामिल होने जा रहा था।

### लू लगने से हुई महिला की मौत



केतार। केतार बाजार स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप सोमवार की दोपहर दो बजे के करीब मंगलेश वस्त्रालय के पास बांसडीह खुर्द गांव निवासी भोला मुसहर की पत्नी उर्मिला देवी(45)(मुसहरीन) मौत लू लगने से हो गई। आस-पास के दुकानदारों द्वारा इसकी सुचना स्थानीय मुखिया प्रमोद कुमार को दी गई। मुखिया ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को धोती से ढंका। मुखिया ने थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल को इसकी जानकारी दी। मृतक के पति भोला मुसहर ने बताया कि वह सोमवार की सुबह अपनी पत्नी उर्मिला देवी के साथ बकरीद के अवसर पर मस्जिद पर आये थे।

## साइबर क्राइम का शिकार हुआ व्यक्ति, 69 हजार 500 रुपये ठगे

नवीन मेल संवाददाता। केतार
केतार प्रखंड के खोनहर गांव निवासी रघुनाथ गुप्ता साइबर क्राइम का 69 हजार पांच सौ रू ठगी का शिकार हो गये। भुक्तभोगी रघुनाथ गुप्ता ने बताया की रविवार को 8250635827 नम्बर से फोन आया था। उसने कहा की आपके सुखाड़ के फार्म में कुछ गड़बड़ी है। इसमें सुधार करने के लिए उसने बैंक पासबुक, आधार कार्ड और पेन कार्ड वाट्सएप नम्बर पर भेजने को कहा।जब मैंने उसके वाट्सएप नम्बर पर सभी कागजात भेजें तो उसके द्वारा बोला गया की 2500 रू जल्द फोन पे नम्बर पर डालो तुरंत आपके खाते में 1 लाख 25 हजार रुपए भेजा जायेगा। जब मैं 2500 रू फोन पे नम्बर पर डाला उसके बाद पुनः 22 हजार रुपए एकाउंट में डालने की बात कही गई। कुछ देर बाद 6202520447 से फोन आया उसके द्वारा 45 हजार रुपए एकाउंट नम्बर में डालने के लिए बोला गया और कहा गया की आपके खाते में दो मिनट में एक लाख 25 हजार रुपए व नया ट्रैक्टर आपके घर पर शाम तक चला जायेगा। उन्होंने बताया की उसके प्रलोभन में फस गया और उसके एकाउंट में 45 हजार रुपए डाल दिया। इसके बाद से उक्त दोनों नम्बर बंद बता रहा है। भुक्तभोगी ने केतार थाना में आवेदन देकर ठगी का शिकार हुए 69 हजार 5 सौ रुपए वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

### बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई

भवनाथपुर। प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में ईद उल अजहा अर्थात कुर्बानी का पर्व बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। मौके पर भारी संख्या में ईदगाह मैदान में बकरीद की नमाज अदा करने के लिए नमाजियों की भीड़ उमड़ी। बकरीद को लेकर शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुबह से ही लोगों में चहल पहल दिखा। सुबह से ही नए कपड़े पहन छोटे-छोटे बच्चों के साथ ईदगाह मैदान की ओर बकरीद की नमाज के लिए जाते हुए लोग नजर आए। बकरीद के मौके पर अरसली, मकरी, बेलपहाड़ी, बघमनवा, टाउनशिप में काफी रौनक देखी गई।

## न्यूज बॉक्स

### राजेश ठाकुर ने कांग्रेस की जीत की दी बधाई



खरौंधी(गढ़वा)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रांची प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में भवनाथपुर विधानसभा के सभी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तथा 20 सूत्री अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर बधाई दिया। साथ ही आगामी होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। जिसकी जानकारी देते हुए 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने कहा शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस नेता मानस सिंह के नेतृत्व में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड अध्यक्ष तथा 20 सूत्री अध्यक्ष के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बैठक किया। जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर हमलोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इसके अलावे सभी को आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाने का टास्क दिया है। कांग्रेस नेता मानस सिन्हा ने भी बैठक में पहुंचने वाले भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रतिनिधियों का उत्साह वर्धन करते हुए कई दिशा निर्देश दिया। साथ ही विधानसभा चुनाव को लेकर अपना अनुभव साझा किया। इसके अलावे भवनाथपुर विधानसभा में पार्टी की मजबूती दिलाने के लिए सभी 502 बूथ पर कांग्रेस कमेटी का गठन करने का टास्क दिया है। ताकि विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ सके। इस दौरान जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला, शिवकुमार यादव, नवल किशोर यादव, प्रमोद पटेल, केतार से संजय सिंह, बिशनपुरा से शैलेंद्र देव, बहादुर चंद्रवंशी, रमना से मंसूर अंसारी, डंडा से कयूम अंसारी, भोलाराम सहित सभी प्रखंड के अध्यक्ष तथा 20 सूत्री अध्यक्ष उपस्थित थे।

### अवैध बालू उठाव को लेकर हुई मारपीट में एक घायल



गढ़वा । गढ़वा थाना क्षेत्र के कोरवाडीह गांव निवासी उदय चौधरी पिता जगदीश चौधरी मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में घायल उदय चौधरी ने बताया कि उसने अपने गांव के सामने दानरो नदी से बालू निकाल कर अपनी जरूरत के लिए स्टाक किया है। जबकि गांव के कई लोग भी बालू का स्टाक कर रखे हैं। उसने बताया कि रविवार की रात में उसके गांव का अशोक चौधरी ने ट्रैक्टर पर मेरे स्टाक का बालू उठा रहा था। जब उसे बालू उठाने से मना किया तो मंतु चौधरी, उसका पुत्र सुनील चौधरी एवं ट्रैक्टर मालिक अशोक चौधरी ने मिलकर उदय चौधरी पर कुदाल एवं डंडे से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## डंडई में प्रधानमंत्री की दूसरी महत्वाकांक्षी योजना भी चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

# आदिम जनजाति लाभुकों से हुई 6 हजार रुपये की अवैध वसूली



सीमा देवी, चमेली देवी, सविता देवी, कलसिया देवी, मोती कोरवा आदि लोगों से की वसूली



नवीन मेल संवाददाता। डंडई
प्रधानमंत्री का महत्वाकांक्षी योजना पीएम आवास योजना की तरह उनका जनमन योजना भी प्रखंड क्षेत्र में भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया है। उक्त योजना के नाम पर लाभुकों से छः छः हजार रुपए की अवैध वसूली करने का काम किया जा रहा है। राशि की वसूली करने वाला कोई और नहीं बल्कि गांव का ही बिचौलिया सुरेंद्र कोरवा नामक युवक है। मामला प्रखंड के तसरार पंचायत स्थित चकरी गांव के कोरवा समाज से जुड़ा है। उक्त गांव के लगभग दर्जनों लाभुकों के द्वारा राशि की वसूली की गई है। लाभुक सीमा देवी ,चमेली देवी, सविता देवी , कलसिया देवी, मोती कोरवा इत्यादि लोगों ने बताया कि हम लोगों से प्रखंड के बाबुओं को देने के लिए गांव के ही युवक सुरेंद्र कोरवा के द्वारा प्रति लाभुक 6 हजार रुपए की राशि वसूला गया है। उन्होंने बताया कि वह पैसा सुरेंद्र किस साहब को दिया हम सभी इसके बारे में कुछ भी नहीं बता सकते हैं। नरेश कोरवा ने बताया कि मेरे से सुरेंद्र कोरवा ने साहब को देने के लिए रू6000 की राशि की मांग किया जिसमें मैं उन्हें तत्काल रू5000 दे दिया। शेष 1000 बाद में देने के लिए उन्हें कहा तो वह इस पर राजी नहीं हुवा। साथ ही पूर्व में लिया हुआ 5000 भी मुझे वापस कर दिया। उसके अलावा विमला देवी, फुलमतिया देवी ने बताया कि हम लोगों से शुरुआती दौर में ही योजना मद की पहली किस्त रू30000 की राशि खाते में हस्तांतरित कर दी गई थी। उसके बाद अभी तक दूसरे किस्त की राशि खाता में नहीं आ सका है। जबकि पहली किस्त की राशि के ऐवज में हम लोगों ने अपने-अपने कार्य को पूरा भी कर दिए हैं।

उन्होंने कहा कि खाता में राशि हस्तांतरित करने के लिए हम लोगों से भी सुरेंद्र कोरवा के द्वारा 6000 रुपए की राशि मांग की जा रही है। हम सभी न तो उन्हें उक्त राशि दे रहे हैं और ना ही उनके द्वारा दूसरी किस्त की राशि हम लोगों के खाते में हस्तांतरित करवाया जा रहा है। जबकि जिन जिन लोगों के द्वारा उन्हें छःछः हजार रुपए रिश्वत की राशि दिया जा रहा है उनके खाते में सुरेंद्र के द्वारा दूसरी किस्त की राशि डलवा दिया जा रहा है। विदित हो कि इससे पूर्व भी मुख्यालय पंचायत डंडई में पीएम आवास योजना के नाम पर आवास प्रखंड समन्वयक के द्वारा लाभुक से अवैध राशि की वसूली की गई थी। मामले में जांच के बाद उन्हें अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ गया था। उसके बाद पुनः प्रधान मंत्री के महत्वाकांक्षी योजना जनमन में रिश्वतखोरी का मामला सामने आना शुरू हो गया। पूछने पर सुरेंद्र कोरवा ने बताया कि मेरे द्वारा किसी भी लाभुक से ना तो राशि ली गई है और न ही उनसे राशि की मांग की गई है। लाभुकों के द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है। उधर प्रखंड के प्रभारी आवास समन्वयक अभिषेक कुमार ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। जहां तक रिश्वतखोरी की बात है तो उसकी जांच करा कर मैं आगे की कारवाई करूंगा।

## एक नजर

### गिद्धौर में आधा दर्जन हैंडपंप खराब पेयजल की समस्या

**गिद्धौर(चतरा)।** विभिागीय लापरवाही व जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में आधा दर्जन हैंड पंप मरम्मत के अभाव में बेकार पड़े हुए हैं। वैसे में पेयजल को लेकर आम लोगों के बीच समस्या उत्पन हो गई है। हैंडपंप मरम्मत को लेकर ग्रामीणों प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ मुखिया को भी पत्र प्रेषित कर चुके हैं। परंतु हैंडपंप मरम्मत को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई। फिलहाल गिद्धौर के पूर्व सरपंच के घर के समीप, ठाकुरबारी के समीप, कन्या मध्य विद्यालय के समीप, मुख्य चौक के समीप का हैंडपंप पिछले कई दिनों से मरम्मत के अभाव में बेकार पड़ा हुआ है। वैसे में आसपास के ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी मकसत करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने गर्मी को देखते हुए सभी बेकार हैंडपंप को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।

### फ्लाई ऐश व कोयले के धूलकणों से नदी का पानी हुआ जहरीला

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में पानी को लेकर जहां चहुंओर हाहाकार मचा हुआ है। वहीं एनटीपीसी परियोजना में भंडारित कोयले की राख व जहरीले फ्लाई ऐश से ग्रामीण क्षेत्र की नदियां जहरीली हो रही है।
परियोजना से सटे राहम के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव की नदी प्रदूषित होने के कारण पानी काला व जहरीला हो चुका है। जिससे जानवर समेत ग्रामीणों बीमारियों के चपेट में आ रहे हैं। वहीं पानी की समस्या टंडवा प्रखंड मुख्यालय व एनटीपीसी से प्रभावित गांवों में सबसे अधिक है। स्थिति ऐसी है कि अहले सुबस से ही क्षेत्र के लोग पानी की व्यवस्था में लग जाते है। जबकी एनटीपीसी द्वारा क्षेत्र में पानी की आपूर्ति को लेकर समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से मामले को संज्ञान में लेकर उच्चस्तरीय जांच व कार्रवाई की मांग की है।

### आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश भीषण गर्मी से राहत

**महुआडांड़।** प्रखंड में सोमवार दोपहर के बाद आंधी, तुफान के साथ हुई बारिश के बाद भीषण गर्मी से लोगो को राहत मिला, वही रामपुर पूल स्थित आम का पेड़ आंधी तुफान से एस एच नौ रांची-नेतरहाट मुख्य सड़क पर गिरा, यातायात बाधित दोनों तरफ वाहनों की कतार घटों तक लगी रही। महुआडांड़ वन विभाग वनपाल कुंवर गंझू के पहल पर जेसीबी लगा गिरा हुआ पेड़ हटाया गया. आंधी तूफान से कई जगह बिजली के पोल तार टूट कर जमीन पर पड़े हुए है, उधर नेतरहाट में वज्रपात से एक भैंस की मौत हो गई, नेतरहाट पंचायत के ग्राम होरहेंग के जेम्स एक्का का भैंस बताया जा रहा है।

# अकीदत के साथ अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज

**संवाददाता। महुआडांड़**

उल अजहा (बकरीद) त्यौहार को लेकर सुबह से ही लोग नहा धोकर नए कपड़े पहन कर नमाज अदा करने के लिए मस्जिद के ओर रवाना हो गए। त्योहार को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। सभी के चेहरे खुशी देखी गई। महुआडांड़ के जामा मस्जिद गौसिया मस्जिद व मदीना मस्जिद में अकीदत के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज अदा की। तीनो मस्जिद में समय सुबह के 7:00 बजे जामा मस्जिद में ईमाम मौलाना रेयाज साहब, मदीना मस्जिद में इमाम खालिक साहब गौसिया मस्जिद में इमाम गुलाम सरवर फैजी के द्वारा नमाज अदा कराई गई। नमाज से पूर्व सभी मस्जिदों के इमाम के द्वारा उपस्थित लोगों को उल अजहा (बकरीद) के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जामा मस्जिद के इमाम रेयाज साहब ने कहा कि ये दिन कुर्बानी का दिन है। इस दिन जो मालदार है कुर्बानी देने की हैसियत रखतें हैं सभी को कुर्बानी देनी चाहिए।

हमें भी खुद का जायजा लेना चाहिए कि हम अल्लाह के राह में कितने खरे उतरते हैं : जामा मस्जिद के इमाम



### लातेहार में हर्षोल्लास से मनी बकरीद

**लातेहार।** जिले के सभी मस्जिदों में बकरीद के मौके पर नमाज अदा की गई। ग्रामीण और शहरी इलाकों में बकरीद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पुलिस भी मुस्तैद दिखी। वहीं नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। वही लातेहार के सांसग मस्जिद, कोढांस मस्जिद, अम्बाकोठी मस्जिद, कुजरी मस्जिद, डीही मस्जिद,में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। देश में अमन चैन सुख शांति की दुआएं की गई। वहीं सभी मुस्लिम धर्मवलंबी ने एक दूसरे को गले लगा कर लोगों को बकरीद की बधाई दी। एक दूसरे के घर जाकर सेवाएं एवं अनेक व्यंजनों का लुत्फ उठाया। भाई चारा एंव आपसी सौहार्द के साथ बकरीद पर्व का समापन हो गया।

# चंदवा में लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को दी बकरीद की बधाई

**संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार अकीदत के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जामा मस्जिद समेत प्रखंड के सभी मस्जिदों में अपने अपने तय समयानुसार विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद देश-दुनिया व राज्य में अमन चैन व खुशहाली की सामुहिक दुआ मांगी गई। गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे से गले मिले और एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। तत्पश्चात कुबार्नी की रस्म अदा की गई। इस्लामिक मान्यता के अनुसार इस्लाम धर्म में यह दूसरा सबसे बड़ा त्योहार है। हजरत



इब्राहीम की याद में कुबार्नी देने की परंपरा है इस दिन अपने सबसे प्यारे चीज की कुबार्नी दी जाती है इस्लाम में सिर्फ हलाल तरीके से कमाये हुए पैसों से ही कुबार्नी जायज मानी जाती है। वहीं त्योहार को लेकर चंदवा पुलिस पूरी मुश्तैद दिखी। सभी चौक-चौराहों और मस्जिदों के समीप पुलिस बल तैनात थे।

## हाथी का लगातार आतंक, भगवान भरोसे चंदवा के ग्रामीण

# वन विभाग के उदासीन रवैये से ग्रामीणों में रोष

**संवाददाता। चंदवा**

चंदवा थाना क्षेत्र के माल्हन पंचायत में हाथियों के आतंक से ग्रामीण त्रस्त हो चुके हैं उनकी जान पर आफत आ पड़ी है। अब इन ग्रामीणों की जान भगवान भरोसे ही है। रविवार मध्य रात्रि एक हाथी केकराही और माल्हन में प्रवेश कर गया और बाबूलाल गंझू व भावन ठाकुर के घर को नुकसान पहुंचाया और घर में रखे अनाज भी खा गया। हाथी के हमले से किसी तरह ग्रामीण अपने और अपने बच्चों की जान बचाते हैं पूरे क्षेत्र के ग्रामीण हाथी के डर से रतजग्गा करने को मजबूर हैं। इधर घटना की सूचना मिलते ही माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा ग्रामीणों से मिले और हाथी द्वारा पहुंचाये गए नुकसान का जायजा लिया। मुखिया के समक्ष ग्रामीणों ने कहा कि हमारी जान पर 24 घंटे आफत बनी रहती है कि कब जंगली हाथी आ जाये और किसी अनहोनी घटना को अंजाम दे दे।



**वन विभाग के प्रति नाराजगी**

ग्रामीणों ने कहा, वन विभाग हमलोगों के प्रति कोई दया नहीं दिखा रही है, लोगों में काफी रोष है

**ग्रामीण करेंगे डीसी कार्यालय का घेराव**

वन विभाग का उदासीन रवैया अगर इसी तरह चलता रहा, तो हम सभी ग्रामीण लातेहार डीसी कार्यालय का भी घेराव करेंगे



**पीड़ित परिवार को मिले अबुआ आवास : मुखिया**

मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने घटना की जानकारी ली और पीड़ित परिवार को हर संभव उचित विभागीय सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने आगे कहा कि हाथी प्रभावित पीड़ित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर अबुआ आवास दिलाने का अनुरोध उपायुक्त से करेंगे साथ ही ग्रामीणों की सुरक्षा, हक और अधिकार दिलाने का प्रयास करेंगे।

**ये ग्रामीण थे मौजूद**

मौके पर गूंजा देवी सावित्री देवी, तेतरी देवी, मंगरी देवी, सुनीता देवी, बसंती देवी, मोहरमानी देवी एवं दर्जनों लोग उपस्थियों एवं दर्जनों लोग उपस्थित थें।

### चतरा दुर्गा सेना के तमाम नेता-कार्यकर्ता आजसू में शामिल

**चतरा।** पूर्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा के चतरा जिले में रहे नेता व कार्यकर्ता वर्तमान में दुर्गा सोरेन सेना सामाजिक संगठन छोड़कर आजसू में शामिल हो गए। राज किशोर कमल उर्फ पिंकू के नेतृत्व में सभी आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो पर आस्था जताते हुए पार्टी का दामन थामा है। वहीं पार्टी सुप्रीमो श्री महतो ने सभी को माला पहनकर पार्टी में स्वागत किया एवं सभी को सदस्यता दिलाई। वहीं राजकिशोर कमल ने कहा कि जल, जंगल व जमीन को बचाने और लंबे समय से संघर्ष कर रहे आंदोलन की पार्टी आजसू के संघर्षों को देखते हुए हम सभी साथी पार्टी का दामन थाम रहे हैं और पार्टी सुप्रीमो के नेतृत्व में संघर्षों के साथ हम लोग झारखंड को आगे बढ़ने का काम करेंगे। चतरा जिला में पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे और चतरा एवं सिमरिया विधानसभा में अगर मौका मिला तो दोनों जगह से हम लोग विधायक बनाएंगे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में श्री कमल के साथ रविंद्र कुमार सिंह, आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह, सुगन साव, शिव शंकर यादव, वार्ड कमिश्नर नंदकिशोर भुईयां, डब्लू सोनी, राजेंद्र प्रसाद कसेरा, दिनेश सिंह, घीरन सिंह, जय कुमार, राजा रजक, राजू ठाकुर, विकास राज, ओमप्रकाश वर्मा, अशोक साव, मनोज कुमार राणा, संजय यादव, रीता देवी, पार्वती देवी, मंजू देवी, सविता देवी, मंदोदरी देवी आदि शामिल हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### विधायक ने दुर्घटना से पीड़ित युवक को दी आर्थिक सहायता



**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक वैद्यनाथ राम ने बीते दिन हुए सड़क हादसे के शिकार थाना क्षेत्र के नगड़ा ग्राम निवासी स्व धनेश्वर मांझी के पुत्र राजेश पासवान का इलाज के लिए आर्थिक सहयोग कर मदद की है। इसके बारे में जानकारी देते हुए झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि इस दुर्घटना में घायल राजेश पासवान के प्रति विधायक ने चिंता व्यक्त कर जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।और आगे भी हर संभव सहयोग करने की बात कही गई है। बता दे कि बीते कुछ दिन पहले राजेश पासवान बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज ऑफिस के पास बाइक से सड़क दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए थे जिसका बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया था।

### बकरीद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न, मस्जिदों व ईदगाहों में अदा की गई नमाज



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड में सोमवार को शांति व सौहार्द के साथ बकरीद अर्थात ईद उल अजहा का पर्व संपन्न हो गया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रखंड के विभिन्न गांव के मस्जिदों व ईदगाहों में ईदुल अजहा का नमाज अदा किया और एक दूसरे से गले मिल कर बधाई दी। नमाज आद करने के उपरांत बकरे की कुबार्नी भी दी गई। बताया गया की इस्लाम धर्म के अनुसार, मुस्लिम धर्म के लोग हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के याद में और अल्लाह की रजा के लिए कुबार्नी करते हैं। इस्लाम धर्म में कुबार्नी का बहुत बड़ा महत्व है। इस बीच देश में शांति व अमन के लिए अल्लाह से दुआ भी मांगी गई। वहीं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने लगातार गस्ती की।

### भुइयां कल्याण समिति ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन, वक्ताओं ने शिक्षा पर दिया जोर



**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोरिया मैदान में सोमवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति मयूरहंड द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष सह सिमरिया विधायक प्रत्याशी सदानंद भुइयां तथा संचालन कदगावां कला के मुखिया अशोक कुमार भुइयां ने किया। इस अवसर पर मैट्रीक, इंटर व अन्य प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज बच्चों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षक महावीर भुइयां ने कहा कि डॉक्टर भीम राव अंबेडकर ने ही दलित परिवार को पूर्ण रूप से स्वतंत्रता दिया है। गरीबी निवारण का मूल मंत्र एक मात्र शिक्षा है। समाज व गांव, प्रखंड का नाम रोशन करने के लिए बेटे व बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करना होगा।

### धूमधाम से जिले भर में मनाई गई बकरीद



**चतरा।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर जिला मुख्यालय के अलावे पत्थलगड़ा, गिद्धौर, इटखोरी, मयूरहंड, टंडवा, सिमरिया, प्रतापपुर व हंटरगंज आदि प्रखंड के ईदगाहों व मस्जिदों में सोमवार को विशेष नमाज अदा की गई। साथ ही ईद उल अजहा/बकरीद का पर्व संपूर्ण जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों में खासा उत्साह दिखा। ईद उल अजहा को लेकर शहर के ईदगाहों व मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी।

# झारखंड आंदोलनकारी संघ ने कई समस्याओं को लेकर की बैठक

**संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी मुरलीधर प्रसाद ने किया। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी के हित में सर्वसम्मति प्रस्ताव पास किया गया। जिसमें सभी झारखंड आंदोलनकारी को मान-सम्मान नियोजन पेंशन एवं सभी आंदोलनकारी को 25000 पेंशन राज सरकार लागू करने. लातेहार जिला में दो पावर प्लांट जो केंद्र सरकार और राज्य सरकार के गलत नीति के कारण बंद पड़ा है तथा 9 कॉल ब्लॉक कंपनी लातेहार जिला में आवंटित किया गया मगर कंपनियों के द्वारा यहां के नौजवानों को रोजगार नहीं देकर बाहर के लोगों को रोजगार दे रहा है इसका विरोध झारखंड आंदोलनकारी कड़ा विरोध करती है तथा आने वाले समय में झारखंड आंदोलनकारी यहां के



नौजवानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। प्रखंड के मंडल डैम का नीव 1971 में रखा गया था जो अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है, इसके लिए झारखंड आंदोलनकारीआंदोलन करते हुई मांग पूरा करने के लिए जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्ग दुबियाखाड़ रोड न 75 को जाम करने का निर्णय लिया गया. बैठक में निर्णय लिया गया की बरवाडीह मंडल मुख्य मार्ग का निर्माण 1971 में किया गया था जिसे 1985 के बाद इस पद की मरम्मत सरकार के द्वारा नहीं किया गया जिस कारण रोड का हालात जर्जर स्थिति में हो गया है।

# बरवाडीह में आंधी-तूफान ने मचाई तबाही हवा में उड़ीं कई घरों की एस्बेस्टस की छतें

**संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के मोरवाई पंचायत अंतर्गत ततहा में सोमवार की शाम आई तेज आंधी -तूफान से कई घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। आंधी से कई लोगो के घर का एल्वेस्टर और खपड़ा उड़ गया। तूफान से जगह -जगह कई पेड़ भी धराशायी होकर गिर गए हैं। प्रभावित ग्रामीण रामराज सिंह ने बताया कि शाम करीब 4:30 बजे अचानक आये आंधी -तूफान से उनके घर के अलावे बुधन मिस्त्री,धर्मेंद्र कोरवा, अजय कोरवा, विनोद कोरवा आदि ग्रामीणों के घरों का एल्वेस्टर और खपड़ैल घर का खपड़ा उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गया। उक्त आदिमजनजाति को बिरसा आवास मिला था। किसी तरह उस घर मे वह रह रहे थे। आंधी -तूफान से घरों का नुकसान पहुंचने से प्रभावित लोगों को रहने में दिक्कत हो रही है। इधर मुखिया आशीष कुमार सिंह ने भी तूफान से घरों को नुकसान होने की पुष्टि की है।




**लगातार आंधी-तूफान से सहमे ग्रामीण**

बरवाडीह प्रखण्ड के मोरवाई पंचायत में लगातार आंधी-तूफान आने से ग्रामीण काफी सहम गए हैं। हालांकि तूफान से अभी उनके घरों को ही नुकसान होता आ रहा है,लेकिन जिस तरह आंधी -तूफान आने का कहर हो रहा है,उससे ग्रामीणों में जनलमाल का नुकसान होने को लेकर भय बन गया है। ग्रामीण यह भी सोचने को विवश हो गए हैं कि प्रखण्ड के मोरवाई पंचायत में ही आंधी -तूफान का ज्यादा कहर ग्रामीणों पर ही क्यो बरप रहा है।

**भ्रष्टाचार** — मनिका प्रखंड में टीसीबी योजना के नाम पर करोड़ों की अवैध उगाही

# बीडीओ और बीपीओ के संरक्षण में घुसखोरी : बलवंत सिंह

**संवाददाता। लातेहार**

मनिका प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना के नाम पर घुसखोरी का खेल लगातार जारी है। अधिकारियों एवं मनरेगा कर्मियों के मिली भगत से मनिका ब्लॉक को लूट का अड्डा बना दिया गया है क्षेत्र वासियों को छोटा काम हो या बड़ा लेकिन अधिकारियों को बिना चढ़ावा चढ़ाए कोई भी काम पूरा नहीं होता है। कुछ योजनाओं में तो चढ़ावा चढ़ाने के बाद भी काम नहीं किया जा रहा है। ना ही लोगों के पैसे वापस किए गये हैं। ऐसा ही एक मामला मनिका प्रखंड का है जहां पश्चिम क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया। मनिका ब्लॉक को बीडीओ और बीपीओ के संरक्षण में पूर्व से ही घूसखोरी का चारागाह बना दिया गया है। हाल में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू किया गया था जिससे पूर्व में मनरेगा योजना अंतर्गत लगभग 2800 टीसीबी के नाम पर क्षेत्र के 15 पंचायत के लाभुकों से लगभग एक करोड़ 40 लाख रुपए की अवैध उगाही किया गया है लेकिन आचार संहिता समाप्त होने के बाद भी लाभुकों का टीसीबी आज तक शुरू नहीं हुआ है जिससे साफ तौर पर कहा जा सकता है कि मनिका ब्लॉक में अफसर शाही हावी है। आगे उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी व कार्यक्रम पदाधिकारी की जवाबदेही होती है। इसके बावजूद अगर ब्लॉक में कोई भी अधिकारी घुस ले रहा है तो कहीं ना कहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी की इसमें संलिप्ता है।



कुछ योजनाओं में तो चढ़ावा चढ़ाने के बाद भी काम नहीं हो रहा है

**क्या कहते हैं ग्रामीण**



कई ग्रामीणों नें नाम नहीं बताने के शर्त पर कहा कि आचार संहिता से पूर्व टीसीबी योजना के नाम पर प्रत्येक लाभुक से 3000 की अवैध उगाही की गई है लेकिन आज तक ना लाभुकों को योजना का लाभ मिला है और ना ही उन्हें पैसे वापस दिए गए उन्होंने बताया कि बिना पैसे के ब्लॉक में कोई भी काम नहीं किया जाता है।

# पिछले एक माह से चतरा शहर में पेयजलापूर्ति ठप, मचा हाहाकार

**संवाददाता। चतरा**

भीषण गर्मी के बीच चतरा जिला मुख्यालय नपा क्षेत्र में पेयजल संकट से जुझ रहे हैं लोग। शहर में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। क्षात हो कि शहर में बीते 30 दिनों से पेयजलापूर्ति पूरी तरह से ठप है। जिससे शहर में निवास करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के अधिकतर चापानलों ने भी जवाब दे दिया है, तो कई के जलस्तर काफी नीचे चले गये हैं। स्थिति ऐसी हो गई है की संपन कई लोग आरओ वाटर खरीद कर अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं। जबकी नगर परिषद द्वारा कुछ मुहल्लों में टैंकर से पानी आपूर्ति की जा रही है। स्थिति ऐसी हो गई है कि अहले सुबह से ही लोग पानी के जुगाड़ में लग जाते हैं।



**एक चापाकल के भरोसे 40 घरों के बिरहोर परिवार**

**कुंदा(चतरा) अजित यादव।** कुंदा प्रखंड क्षेत्र के सिक्कीदाग पंचायत अंतर्गत हरदियाटांड़ गांव के लगभग 40 घरो में में निवास करने वाले बिरहोर जनजाति लोगों को पानी के लिए भषण गर्मी में करनी पड़ रही है मस्कत। बिरहोर जनजाति विलुप्त होती प्रजाति मानी जाती है। आज भी समाज के लोग आदिमानव की भांति अपना जीवन यापन करते हैं। भौतिक सुख सुविधाओं की ना तो चाहत है और ना ही उपलब्ध है। यहां बिरहोर जाति के पुरुष महिलाएं एवं बच्चे समेत लगभग 100 सदस्य निवास करते हैं।

# अकीदत के साथ मनाया गया ईद उल अजहा पर्व

बकरीद की विशेष नमाज अकीदत के साथ पढ़ी गई



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला एवं गुमला जिला मुख्यालय सहित शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों एवं ईदगाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत और एतराम के साथ ईद उल अजहा की नमाज अदा किया। देश और शहर में अमन और शांति के लिए विशेष दुआ किया गया। इस मौके पर सिसई रोड स्थित ईदगाह में दिन के ठीक 8:00 जामा मस्जिद के इमाम ऐनाम रब्बानी साहब ने एक बड़ी जमात को नमाज पढ़ाई उन्होंने इस मौके पर कहा कि आज हम सब अल्लाह के प्यारे पैगंबर हजरत इब्राहिम अलेही वसल्लम के द्वारा पेश किया गया। महान कुर्बानी की याद में मना रहे हैं क्योंकि अल्लाह को सबसे ज्यादा कुर्बानी पसंद है। कुर्बानी का मतलब सिर्फ जानवर को कुर्बान करना नहीं बल्कि हम सबको इस मौके पर सीख लेने की आवश्यकता है और हमें अपने आचार, विचार, आचरण को ठीक रखना है। एक दूसरे के प्रति घृणा द्वेष बदला भेदभाव नहीं रखनी चाहिए। हम सभी को अपनी जिंदगी अल्लाह के बताए हुए दीन ए मोहम्मद के सुन्नत पर अमल करके गुजरने की जरूरत है। हम जैसा कर्तव्य करेंगे उसका फल भी हमें वैसा ही मिलेगा। हम सबको पता है कि हजरत इब्राहिम अलेही वसल्लम ने अपने प्यारे इकलौता पुत्र पैगंबर हजरत इस्माइल अलेही वसल्लम को अल्लाह की राह में जो कुर्बानी पेश किया है। वैसा कुर्बानी दुनिया में आजतक कोई पेश नहीं कर सका। इस कुर्बानी में समर्पण, त्याग, और बलिदान का जो नमूना पेश किया गया है वह अमूल्य है, इसे नहीं बुलाया जा सकता। इस मौके पर उन्होंने दुनिया में रहने वाले सभी जाति धर्म के रहने वाले सभी मनुष्यों के लिए शांति और अमन के लिए दुआ किया गया। ईद-उल-अजहा की नमाज को लेकर अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मुशाहिद आदमी, सेक्रेटरी मकसूद आलम तथा अंजुमन से संबंधित तमाम नौ पंचायतों के पदाधिकारियों मो० लड्डन कलीम अख्तर, अफसर आलम, शहजाद अनवर का महत्वपूर्ण योगदान रहा शहर गुमला में लगभग दर्जन भर जगह पर ईद अल-आधा की नमाज अदा की गई। सबसे पहले जमात सुबह 5:45 बजे मस्जिद फैजान ए राजा हुसैन नगर गुमला में मौलाना अशरफ राजा ने पढ़ाई दूसरी जमात 6:00 बजे दिन में तीन स्थानों पर क्रमशः पहल मस्जिद रजा ए मुस्तफा में जब समीर राजा ने दूसरा मदरसा इस्लामिया फैज ए आम सिसई रोड गुमला में हाफिज रुस्तम तथा तीसरा मस्जिद ए होदा में कारी आफताब ने पढ़ाई। इस तरह 6:15 बजे तीन स्थानों पर पहला, मस्जिद राजा ए हबीब गौस नगर गुमला में तनवीर हसन सब ने दूसरा मस्जिद गौसुल वारा आजाद बस्ती गुमला में हाफिज सद्दाम हुसैन ने नमाज पढ़ाई इस प्रकार 6:30 बजे तीन मस्जिदों में पहले मस्जिद ए जैनब राजा कॉलोनी गुमला में कारी मसीहुद्दीन दूसरा गौसिया मोती मस्जिद गुमला में हाफिज जाहिद राजा तथा तीसरा कादरिया मस्जिद चांदनी चौक गौस नगर गुमला में मुफ्ती काशिद राजा नीमी की इमामत में नमाज अदा की गई। इस प्रकार 7:30 बजे दो स्थानों पर पहले मक्का मस्जिद सिसई रोड गुमला में कारी शोएब आलम तथा मदीना मस्जिद आजाद बस्ती गुमला में मौलाना हबीब ने और अंतिम बकरा ईद की नमाज गुमला में 8:15 बजे स्थानीय जमा मस्जिद थाना रोड गुमला में जनाब हाफिज इरशाद ने पढ़ाई। जिला प्रशासन के तरफ से ट्रैफिक की समुचित व्यवस्था की गई थी। विभिन्न मोहल्ले में नगर परिषद की तरफ से पानी के टैंकर भेज कर जल आपूर्ति कराई गई। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम धर्म वलंबी के लोग गुमला कब्रिस्तान में जाकर अपने अपने परिजनों, पुरखों और रिश्तेदार के कब्रों में जाकर फतिया पढ़ी गई।

## चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया कुर्बानी का पर्व बकरीद

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में धुमधाम के त्याग और बलिदान का महापर्व बकरीद चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में भारी उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर चैनपुर, बरवेनगर, जमगाई, लंगड़ा मोड़ आदि स्थानों पर स्थित ईदगाहों को विशेष रूप से रंगाई-पोताई कर सजाया गया था जहां काफी संख्या में जुटे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सोमवार की सुबह के सात बजे पवित्र बकरीद की नमाज अदा कर एक-दूसरे को गले मिलकर आपसी सौहार्द एवं भाईचारा से रहने का संदेश दिया। इसके बाद त्याग और बलिदान के प्रतीक अपने पसंदीदा पशुओं की कुर्बानी दी गई। इस दौरान थाना क्षेत्र के सभी ईदगाहों पर पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई थी। थानाध्यक्ष अजय यादव, सहित नियुक्त किए गए मजिस्ट्रेट ईदगाहों के पास तैनात थे। इस मौके पर थानाध्यक्ष अजय यादव ने अपनी पूरी पुलिस टीम की ओर से बकरीद का पर्व शांति पूर्वक मनाए जाने पर क्षेत्र के लोगों को बधाई दिया। वहीं मो. जावेद खान ने बताया कि बकरीद का तात्पर्य सिर्फ कुर्बानी देना ही नहीं बल्कि अल्लाह ताला एवं खुदा के समक्ष अपनी अजीज इच्छाओं एवं भावनाओं को समर्पण करने का पर्व है।



# कैरो-कुडू में त्याग व बलिदान का त्यौहार ईदुल अजहा की रही धूम



नवीन मेल संवाददाता

**कैरो।** त्याग और बलिदान का त्यौहार ईदुल अजहा (बकरीद) मुस्लिम धर्मावलम्बियों के द्वारा सोमवार को हर्षोल्लास, आपसी प्रेम और सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाया गया। मौके पर पूर्व निर्धारित समयानुसार विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में सुबह 6 बजे से 7 बजे के बीच नमाज अदा की गई। कैरो, नवाटोली, चाल्हो, सढ़ाबे, उतका के लोग कैरो ईदगाह, पचागाई, नगजुआ चरीमा के लोग चरीमा ईदगाह व हनहट ईदगाह के अलावे बाकी गांव के मुस्लिम भाई अपने अपने मस्जिदों में इमाम के पीछे नमाज अदा की और गुनाहों से तौबा, दीन के हिसाब से जिंदगी गुजारने, जहन्नम से छुटकारे, देश दुनिया में सुख शांति की दुआ की। बाद नमाज ईदुल अजहा एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दिए तथा ईदुल अजहा की सुन्नतों की अदायगी की गई। कैरो ईदगाह में नमाज पढाने से पूर्व लोगो को खेताब करते हुए इमाम हजरत मौलाना नुरुल हसन ने कहा कि ईदुल अजहा का त्योहार इबादत का त्योहार है। जिन पर कुर्बानी फर्ज है उन्हें हरहाल में कुर्बानी देनी ही चाहिए। कुर्बानी अल्लाह की रजा के लिए दी जाती है। अल्लाह के पास तो कुर्बानी देने वाले का नियत ही पहुंचती है। अगर कोई शख्स दिखावे के लिए कुर्बानी दी है तो बेकार है। इस्लाम हमे ये सिख देती है कि कभी भी किसी को न सताओ दुसरे पर जुल्म व सितम न करो। हमेशा मिलजुलकर आपसी भाईचारे के साथ रहो। मौके पर प्रखंड अंजुमन के सदर जमील अख्तर, सेक्रेटरी समीद अंसारी, नायब सदर मजेबुल अंसारी, नायब सेक्रेटरी महबूब अंसारी, खजांची मो सनाउल्लाह, अनीश अहमद खान, मास्टर मुबारक हुसैन, अलीरजा अंसारी, इम्तियाज अंसारी, मोजहिर अंसारी, मो सजाद, मकसूद खान, ताहिर अंसारी, जमानत अंसारी, मजूल अंसारी, रिजवान अंसारी, रेयाज अंसारी समेत मुस्लिम बच्चे, बूढ़े जवान सभी शामिल थे।

**कुडू।** ईद-उल-जुहा (बकरीद) का पर्व प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को हर्षोल्लास और सद्भाव के साथ मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सुबह ईदगाहों और मस्जिदों में जाकर अल्लाह की ईबादत कर अमन-चैन की दुआएं मांगी। इस अवसर पर भारी संख्या में नमाजियों ने नमाज अदा की और मुल्क व क्षेत्र की अमन शांति के लिए दुआ मांगी। साथ ही आपस में मिलजुलकर रहने का संदेश भी दिया। इसके बाद एक दूसरे ने गले मिलकर ईद की बधाईयां दीं। ईद-उल-अजहा पर्व पर कुडू जामा मस्जिद, हमीद नगर स्थित छोटी मस्जिद, अहद कॉलोनी, सुन्दरू, लवागाड़, पंडरा, उडुमूडु, हुरहद, ककरगढ़, फुलसुरी, जिमा, चंडू सहित विभिन्न गांव की मस्जिदों और ईदगाहों में ईदुल अजहा की नमाज अदा की गई। और कुर्बानी की रस्म अदा की गयी। त्यौहार को लेकर पुलिस व्यवस्था चौकस रही है। नमाज के समय भी मस्जिद और चौक-चौराहों के पास मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती दिखी।

# गंगा दशहरा पर बजरंग दल ने किया नदी और तालाबों का पूजन



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** बजरंग दल के द्वारा भव्य तरीके से गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू के द्वारा किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में हमारी माताएं बहने राम भक्त गंगा दशहरा में शामिल हुई। गंगा दशहरा में हजारों की संख्या में दीप सजा कर एवं गंगा महाआरती का कार्यक्रम किया गया। जैसेः- जय श्री राम, स्वास्तिक, ओम जैसे चित्र पर दिया से सजाया गया सभी ने एक सुर पर जय श्री राम की जय घोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा और लोगों को लगा कि वह गंगा दशहरा लोहरदगा जिला में ऐतिहासिक तौर पर मनाया गया। जैसे-जैसे दीप का जगमग बढ़ता गया वैसे-वैसे सनातन धर्म की गूंज मंदिर परिसर में गूंजने लगा। गंगा दशहरा की पूरी विधिवत पूजा पाठ आचार्य सूर्य नारायण पाठक जी एवं उनके सहयोगी आनंद पांडे के द्वारा की गई। उनके मंत्र की उच्चारण से सभी भक्त भक्ति मै हो गए। पुलिस प्रशासन का भी बहुत ही सहयोग मिला और पूरा ट्रैफिक को क्लियर करके गंगा दशहरा में भरपूर सहयोग किया। नगर परिषद की ओर से भी पुरी मंदिर परिसर की साफ सफाई बहुत अच्छे से किया गया ताकि पूजा पाठ करने में माताएं बहने राम भक्तों को कोई तकलीफ ना हो। मंदिर परिसर में सभी धार्मिक संगठन एवं सामाजिक संगठन का भरपूर सहयोग मिला। जिससे गंगा दशहरा का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिस तरह माताएं बहने भक्तगण बढ़-चढ़ कर गंगा दशहरा में हिस्सा लिया। एवं सहयोग किया उसके लिए बजरंग दल सभी को धन्यवाद देती है।

अंजुमन इस्लामिया बोर्ड की बैठक

# खजांची, दो नायब सदर और दो ज्वाइंट सेक्रेटरी का हुआ चुनाव

**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के अध्यक्ष अब्दुल रउफ अंसारी की सदारत में एक विशेष बैठक जामा मस्जिद परिसर में हुई। बैठक का संचालन सचिव शाहिद अहमद बेलू ने की। बैठक में अंजुमन इस्लामिया के दो नायब सदर पद और दो ज्वाइंट सेक्रेटरी पद तथा एक ट्रेजर का चुनाव किया गया। जिसमें सैयद फिरोज शाह निर्विरोध रूप में खजांची चुने गए। जबकि नायब सदर पद और ज्वाइंट सेक्रेटरी पद के लिए तीन-तीन लोगों ने अपना नामांकन किए थे। अंजुमन इस्लामिया द्वारा इस चुनाव को बाइलेट पेपर के माध्यम से कराया गया। जिसमें सदर व सचिव सहित 44 मेंबरों ने अपने वोटों का प्रयोग किया। सभी मेंबरों को दो नाइब सदर के नाम पर और दो ज्वाइंट सेक्रेटरी के नाम पर टीक लगाकर बाइलेट को बाइलेट बॉक्स में डाला गया। जिसमें नायब सदर पद के चुनाव में हाजी नईम खान को सर्वाधिक 34 वोट मिले, आरीफ हुसैन को 26 वोट और फारूक कुरैशी को 24 वोट मिले। इस तरह हाजी नईम खान और आरीफ हुसैन नायब सदर चुने गए। उसी तरह ज्वाइंट सेक्रेटरी पद के चुनाव में अल्ताफ कुरैशी को सर्वाधिक 36 वोट मिले, अनवर अंसारी को 31 वोट और वासिफ कय्यूम को 17 वोट मिले। इस तरह अल्ताफ कुरैशी और अनवर अंसारी ज्वाइंट सेक्रेटरी के रूप में चुने गए। चुनाव संपन्न होने के बाद सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू एवं उपस्थित सभी मेंबरों ने नव निर्वाचित खजांची, नायब सदरों व ज्वाइंट सेक्रेटरी को मुबारकबाद दी और कौम व मिल्लत के फलाह व बहबूदी के लिए बढ़-चढ़कर भूमिका अदा करने की अपील की।

## बेबस | सब्जी मार्केट में दस चक्का वाहनों के लगने से जाम की समस्या आम

# अतिक्रमण के कारण बाइक से भी जाने में हो रही दिक्कत

अतिक्रमण से शहर की सब्जी मंडी भी अछूती नहीं






नो वेंडिंग स्थल पर किसी भी तरह का अतिक्रमण करना अवैध : ईओ जयपाल सिंह

इस मामले में नगर परिषद के प्रशासक जयपाल सिंह ने बताया कि नो वेंडिंग जोन में किसी भी तरह का अतिक्रमण करना अवैध है। कोई अवैध रूप से नो पार्किंग स्थल पर दुकान लगाता है तो यह सरासर गलत है। समय समय पर नगर परिषद अतिक्रमण हटाने का कार्य करती है तो यह दुकानदार हटा देते हैं लेकिन फिर से दुकान लगा देते हैं। लोगो मे जागरूकता की कमी है। हम इसपर सख्त कार्रवाई करेंगे।

राहुल कौशल

**लोहरदगा।** वर्तमान में लोहरदगा शहर के हालात ऐसे हैं कि फुटपाथ पर भी अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया है और दुकानदार सड़कों पर अपनी दुकान लगा रहे हैं। अपना खुद का स्थाई दुकान होने के बावजूद सड़कों पर दुकान को आगे बढ़ा लेते हैं। जिसके कारण सड़के संकीर्ण हो जा रही है। सड़को को अतिक्रमण से मुक्त कराने की दिशा में अवतक कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। वही दुकानदार एक जिम्मेदार शहरी होने का भी फर्ज नहीं निभा रहे है। शहर की हर मुख्य सड़कों पर वर्तमान में अतिक्रमण का कब्जा हो गया है। यहाँ तक कि सब्जी मंडी भी इससे अछूता नहीं है। सब्जी मंडी में व्यापिरयों के बड़े बड़े 10 चक्का वाहनों का लगवाना सड़क जाम की समस्या में मदद करता है। व्यापारी वर्ग के लोग बड़े वाहनों से अपने सामान को मंगवाते है। जो आम जनता के लिए नासूर बन जाता है। सब्जी मंडी में बड़े वाहन के लगने से दो पहिया वाहनों को भी बड़ी दिक्कत होती है। आम जनता मंडी में सुबह-सुबह सब्जी खरीदने जाते हैं तो उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि सब्जी मंडी में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रखा गया है बावजूद व्यापारी मनमानी तरीके से वाहनों को मंडी के अंदर लगवाते है। वही सड़को पर अतिक्रमण होने के कारण सड़क जाम लग जाती है जिसके कारण लोगो को ज्यादा समय लग जाता है। बरवाटोली चौक से महावीर चौक के बीच की सड़कों पर छोटे छोटे दुकानदार अतिक्रमण कर लिए है। वही सोमवार बाजार, बड़ा तालाब, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, थाना चौक आदि मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण ज्यादा है। वर्तमान में बढ़ती जनसंख्या के साथ अब गाड़ियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। इसके कारण शहर की अधिकांश सड़कों पर सुबह से देर शाम तक भीड़-भाड़ रहती है। अनुशासनहीनता के कारण पहले से ही खचाखच भरी सड़कें ट्रैफिक का भार संभालने में असमर्थ साबित हो रही है। दूसरी ओर सड़कों पर अतिक्रमण हो जाने से लगातार जाम की समस्या बढ़ गई है। बहरहाल सड़कों पर अतिक्रमण होने की वजह से आम जनता को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए, नगर परिषद लोहरदगा को विशेष पहल करने की जरूरत है।

## बड़ा तालाब के पास नो वेंडिंग जोन पर सज रहीं दुकानें

**लोहरदगा।** वही बड़ा तालाब के पास आई लव लोहरदगा का बड़ा सा बोर्ड लगा हुआ है और यहां पर नो वेंडिंग जोन का भी बोर्ड लगा हुआ है। जहाँ पर किसी भी तरह का पार्किंग नही बनाया जाना है लेकिन इसी नो वेंडिंग जोन में छोटे-छोटे व्यापारी फोल्डिंग चौकी लगाकर सामान बेच रहे हैं। जिसका व्यापारी चुंगी पैसा बिना रसीद दिए नगर परिषद के ठेकेदार को पैसे का भी भुगतान करते हैं। लोगों के द्वारा नगर परिषद के फरमान को धत्ता बताते हुए नो वेंडिंग जोन में दुकान लगाकर नगर परिषद को चुनौती देने का काम किया जा रहा है। वही उनके दुकान लगाकर लगाने के कारण सड़कों की चौड़ाई कम हो जा रही है और सड़क जाम की समस्याएं उत्पन्न हो रही है।

## एक नजर

### ग्रामीणों ने सड़क व पानी की समस्या को लेकर उठाई आवाज

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित शीशे प्रखंड के कांग्रेस पुसो मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र लोहरा ने सोमवार को सिसई प्रखंड के भुरसो पंचायत अन्तर्गत ग्राम लावागाई के ग्रामीणों ने ग्राम सभा कर कई मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु लिखित आवेदन सौंपा है और क्षेत्र में बन रहे सड़क निर्माण कार्य को यथा शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है। वहीं अत्यधिक गर्मी के कारण लोगों को अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए एवम गांव में किसी के अंतिम संस्कार पर नहाने धोवाने के लिए बहुत दिक्कत होने की बात बताई है। उक्त ग्राम में एक मात्र तालाब है किन्तु काफी समय से तालाब मरामति कार्य न होने के कारण तालाब में पानी का जमाव काफी कम हो गई है, जिससे गांव में पानी की समस्या बनी हुई है।

### वज्रपात से किसान के मवेशी की मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर क्षेत्र में सोमवार के दोपहर में अचानक हुई आंधी पानी वज्रपात के कारण उक्त वज्रपात में तेतर डिपा चीपरी गांव निवासी संतोष उरांव की मवेशी को अपने चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही एक गाय की मौत हो गई। जिसकी सूचना स्थानीय मुखिया राम प्रसाद बड़ाइक को पीड़ित किसान ने दिया और उचित मुआवजा प्रशासन से दिलाने की बात कही बताया जाता है कि 4:30 बजे के आसपास हल्की बारिश हो रही थी इस दौरान मवेशी एक पेड़ के नीचे बचने चली गई इसी दौरान वज्रपात हुआ और संतोष उरांव का गाय चपेट में आ गया।

### भंडरा में आ पहुंचा 17 हाथियों का झुंड

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के भीठा पंचायत अंतर्गत नगड़ी मकुंदा गांव स्थित आम की बगीचा में सोमवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने करीब 17 हाथियों का झुंड को विचरण करते हुए देखा। इस क्षेत्र में काफी दहशत का माहौल बन गया है। हाथी आनी की सूचना भंडरा थाना एवं वन विभाग को ग्रामीणों द्वारा दिया गया। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अरविंद सिंह दलबल के साथ पहुंचे साथ ही मौके पर वनकर्मी भी पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों से कहा गया की हाथी के पास नही जाय हाथी के ऊपर किसी प्रकार का पत्थर बाजी नही करे हाथी को शान्तिपूर्वक रहने दे हाथी को छेड़ना बहुत ही घातक हो सकता है। हाथी कभी भी हमला कर सकता है।

## न्यूज बॉक्स

### बीपी बामदा गांव में कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

**गुमला।** गुमला जिला के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पीपी बामदा गांव में गुमला जिला कांग्रेस कमेटी किसान विभाग के जिला अध्यक्ष हंदू भगत के निर्देशानुसार भूखला उरांव की अध्यक्षता में चैनपुर पठारी क्षेत्र के ग्रामीणों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हंदू भगत ने कहा कि बैठक में क्षेत्र की जन समस्या और संस्कृति को बरकरार बनाए रखना और आमजन तक सरकार के विकास योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए कृषि किसान विभाग विशेष रूप से कार्य कर रही है। भगत ने कहा कि क्षेत्र की जन समस्याओं के साथ ही सरना घेराबंदी के कार्य में तेजी लाने और वंचित सरना स्थल के घेराबंदी के लिए तत्काल कार्य आरंभ करने की मांग को लेकर चैनपुर प्रखंड अनुमंडल मुख्यालय में जोरदार धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर आने वाले 24 जून को बामदा पंचायत मुख्यालय में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में धरना प्रदर्शन की तिथि एवं रूपरेखा का निर्धारण भी कर लिया जाएगा। साथ ही पठारी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय समिति का गठन भी किया जाएगा। जो किसानों के हित में काम करेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की झामुमो कांग्रेस की सरकार किसानों के हितों को लेकर कई कार्यक्रम चला रखी है इसका भी लाभ लेने की जरूरत है। बैठक में ललिता देवी ज्योति मनी केरकेट्टा सालिम लकड़ा जीवा देवी सरिता कोसवाड़ा राजमणि तिर्की मीना देवी छोटू उरांव विनोद उरांव किशोर उरांव द्वितीय उरांव सुरेश उरांव, सुकरु टोप्पो शुक्र उराव बलदेव मुंडा व भावला मुंडा रामेश्वर मुंडा भूखला उरांव सहित सैकड़ो किसान महिला पुरुष मौजूद थे।

### लोहरदगा प्रीमियर लीग में दो मैच हुए



आर्यन कुमार व सुमित उरांव चुने गए मैन ऑफ द मैच

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित लोहरदगा प्रीमियर लीग के अंतर्गत खेले गए पहले मैच में लोहरदगा लायंस ने लोहरदगा सुपर किंग को 11 रनों से पराजित कर दिया। दूसरे मैच में लोहरदगा राइडर्स की टीम ने हिंडालको वॉरियर्स को पांच रनों से पराजित कर दिया। स्थानीय बलदेव साहू कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पहले मैच में लोहरदगा लायंस ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 148 रनो का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से ध्रुव सोनी ने 5 चौको तथा एक छक्के की मदद से 38 रन हिमांशु रंजन ने चार चौकों की मदद से 22 रन विकास नायक ने तीन चौकों की मदद से 27 रन तथा शुभम कुमार ने दो चौको की मदद से 16 रन का योगदान दिया सुपर किंग की ओर से गेंदबाजी करते हुए शिरीष ने तीन विकेट, प्रेम, विराट तथा शिव ने एक-एक विकेट लिया जवाबी पारी खेलते हुए लोहरदगा सुपर किंग की टीम 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 137 रन ही बना सकी। डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह ने एक चौके तथा एक छक्के की मदद से 25 रन अफरीद राजा ने 7 चौकों की मदद से 32 रन तथा आर्यन कुमार साहू ने 4 चौको तथा 5 छको की मदद से 52 रन का योगदान दिया लायंस की ओर से गेंदबाजी करते हुए जय जीत चौबे ने तीन विकेट तथा विकास कुमार और कुलदीप ने एक-एक विकेट लिया। आज पहले मैच के मैन ऑफ द मैच रहे आर्यन कुमार साहू। दूसरे मैच में लोहरदगा राइडर की टीम 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 111 रन का स्कोर खड़ा किया सुमित उरांव ने तीन चौकों की मदद से 27 रन और जफर ने एक चौका तथा दो छक्कों की मदद से तीस रन बनाया हिंडाल्को की ओर से जितेंद्र कुमार ने पांच विकेट लिया जवाबी पारी खेलते हुए हिंडाल्को की टीम 20 ओवर में 106 रन बनाकर ऑल आउट हो गई टीम की ओर से जितेंद्र ने 15 गेंद पर 3 चौके तथा 5 छक्के की मदद से 43 रन बनाया।

### आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश से लोगों को राहत, प्रशासन की बारिश में खुली पोल

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में बढ़ती गर्मी व तपिश से लोगों को सोमवार को राहत मिली। पिछले दो दिनों से लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल लग रहे थे। सुबह से लेकर दोपहर तक लोग भीषण गर्मी का अनुभव कर रहे थे। बारिश के बाद लोगों को राहत मिली। सोमवार को दोपहर से आसमान हल्के बादलों ने डेरा डाल लिया, साथ ही दिन भर रुक रुककर धूप देखने को मिल रहा था लेकिन, उमस भरी गर्मी आमजन के पसीने छुड़ाते रही। सोमवार शाम होते ही तेज हवा के साथ झमाझम बारिश होना शुरू हो गई, जिसके बाद उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल गई। मौसम सुहाना हो गया और लोग घरों के बाहर गली-मोहल्लों की सड़कों पर व घरों की बालकोनी पर मौसम का आनंद लेते दिखाई देने लगे। वहीं देर शाम तक आसमान पर बादल छाए रहे, इस वजह से रात को फिर एक बार बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव से सोमवार को चैनपुर प्रखंड का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा। बारिश से मौसम हुआ सुहावना, गर्मी से मिली राहत वहीं तापमान में भी कमी आई। आईओसी ऑफिस में पेड़ का डाली टूटा।

**बारिश में ही खुली पोल, नाली के गंदे पानी को पार करना पड़ रहा है नागरिकों को :** स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखाते हुए चैनपुर प्रखंड प्रशासन के पास इस वर्ष की बारिश को लेकर कोई प्लानिंग दिखाई नहीं दे रही है। प्रत्येक वर्ष बारिश के पहले प्रखंड प्रशासन के द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, किंतु जमीनी हकीकत कागजी बदतर होती है। मानसून की दस्तक के साथ सोमवार की दोपहर करीब डेढ़ घंटे की बारिश ने प्रखंड प्रशासन की पोल खोलकर रख दी। मुख्यालय के बस स्टैंड, चर्च रोड, ब्लॉक चौक, बैंक रोड, कुरूमगढ़ रोड़ तथा पिपल चौक, प्रेमनगर सहित नाली के वर्षों से जाम थी और यह स्थिति आज भी बरकरार है। कुछ देर जमकर पानी गिरने के बाद ही जाम नाली से गंदा पानी भी ओवर लो हो गया और स्टेट हाइवे गंदे पानी से लबालब भर गया। वहीं राहगीरों को घुटने तक भरे इस गंदे पानी को पारकर आवाजाही करना पड़ रहा है।

### तेज आंधी व बारिश से कई गरीब परिवारों का आशियाना उजड़ा

**भंडरा।** लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के गडरपो पंचायत अंतर्गत अमदरी गांव में सोमवार को आई तेज आंधी बारिश से कई गरीब परिवारों का आशियाना उजड़ गया है। इसके साथ ही गांव में नलजल योजना के तहत लगा जलमीनार के सिंटेक्स 16 बिजली पोल भी उखाड़कर सड़क पर बिखरे पड़े हैं। इससे गडरपो पंचायत में ब्लैक आउट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ ही कई परिवार के घरों के अल्बेस्टर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके कारण रात को सोने के लिए दूसरे लोगों के घर को अपना आश्रय बनाना पड़ा है। तीसरी गांव के राजेश उरांव आनंद कच्छप, विजय महतो, राजकुमार लोहार के घर में लगा अल्बेस्टर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी सूचना मिलते ही गडरपो पंचायत समिति जीवन लकड़ा ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं के निदान करने का आश्वासन दिया है। साथ ही अंचल कार्यालय से आपदा के तहत मुआवजा राशि दिलाने को लेकर सहयोग करने की बात कही है।

### धारधरिया जल प्रपात में नहाने के दौरान गिरने से किशोर की हुई मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अलीदी पंचायत अन्तर्गत स्थित धारधरिया जल प्रपात में नहाने के दौरान गिरने से एक युवक की मौत हो गई जिसकी पहचान अरु गांव राजउदीन अंसारी का 14 वर्षीय पुत्र साहिल अंसारी के रूप में किया गया है वही बताया जाता है की साहिल अंसारी बकरीद की नमाज पढ़ने के बाद अपने साथियों के साथ घूमने के लिये धरधरिया जलप्रपात गया हुआ था। तभी सभी साथी गर्मी पड़ने के कारण स्नान करने लगे वही साहिल अंसारी का पैर फिसल के कारण वह नीचे गिर गया। जिससे घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई।

## एक नजर

### सोनुवा के चेकनाका में होटल में लगी आग सामान जलकर खाक



**सोनुआ।** सोनुआ के चेकनाका समीप पुराना जगन्नाथ मंदिर के सामने रविवार की देर रात पूर्ण चंद्र कर नामक व्यक्ति के होटल में आग लगी गई।आग से होटल का घर और उसमें रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। देर रात की घटना के होने के कारण लोगों को जल्दी पता नहीं चला और जब तक आग के बारे में जानकारी मिली तब तक आग काफी अधिक फैल चुकी थी। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया तबतक होटल का सामान और घर जलकर खाक हो गया था।

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो घायल

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की मानुषमुड़िया पंचायत अंतर्गत शालदोहा गांव के समीप सोमवार को चाकुलिया-माटिहान मुख्य सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर पर बाइक स्किट करने पर सड़क पर गिर कर दो लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर एक पुरुष व महिला पश्चिम बंगाल के डुमरिया से अपने ससुराल जगन्नाथपुर आ रहे थे। चाकुलिया-माटिहाना मुख्य सड़क पर शालदोहा के समीप बने स्पीड ब्रेकर पर संतुलन खो जाने से बाइक स्किट करने पर दोनों सड़क पर गिर कर घायल हो गये। स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को निजी वाहन से चिकित्सा के लिये पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम ले जाया गया। जिसमें महिला की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।


### कथारा में ड्यूटी के दौरान सीसीएल कर्मी की तबीयत बिगड़ी, मौत

**बोकारो ।** सीसीएल की कथारा कोलियरी में केटगरी टू मजदूर के पद पर कार्यरत बाबूदास मांझी (59 वर्ष) की सोमवार की दोपहर ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ गई. उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गयी। सूचना मिलते ही बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने सीसीएल मुख्यालय के वरीय अधिकारियों व कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक से वार्ता की। अस्पताल परिसर में यूनियन नेताओं के साथ प्रबंधन वार्ता के बाद मृतक के एकलौते पुत्र रामकिशोर मांझी को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र देने पर सहमति बनी। कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने खुद अस्पताल पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढंढस बंधाया और पुत्र रामकिशोर मांझी को नियुक्ति पत्र सौंपा। मौके पर यूनियन नेता अजय कुमार सिंह, दिलीप कुमार, रामेश्वर कुमार मंडल, मथुरा सिंह यादव, टिकैत महतो, यदुनाथ गोप, कामोद प्रसाद आदि मौजूद थे।

### महुदा में अवैध कोयला लदे तीन ट्रक जब्त, केस दर्ज

**धनबाद।** भाटडीह ओपी पुलिस ने रविवार की देर रात हीरक मार्ग पर अवैध कोयला ले जा रहे तीन ट्रकों को पकड़ा। साथ ही भाटडीह के जंगल में एक स्थान पर जमाकर रखा करीब 300 बोरा कोयला भी जब्त किया गया। ओपी प्रभारी बाल मुकुन्द सिंह ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों को भाटडीह क्षेत्र से तस्करी का कोयला ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर कोयला लोड तीन ट्रकों को जब्त कर लिया। चालक भागने में सफल रहे। तीनों ट्रकों पर करीब 45 टन कोयला लोड था। इसके साथ ही जंगल में बोरियों में भरा करीब 10 टन जब्त किया गया। तीनों ट्रकों के मालिक व चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया गया है।

# सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया ईद उल अजहा



**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल**
चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चांडिल, कपाली, तिरुलडीह, चौड़ा, आमडा, गौरांगकोचा, सिंदुरपुर आदि स्थानों में सोमवार को त्याग और बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा (बकरीद) सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया. मौके पर मस्जिद और ईदगाहों में मुस्लिम समाज के लोगों ने निर्धारित समय पर सामूहिक रुप से अकीदत के साथ नमाज अदा की। इसके बाद लोग एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। मुस्लिम समाज के लोगों ने घरों में पर्दे के साथ कुर्बानियां पेश की। नूरी मस्जिद तिरुलडीह में पेशे इमाम कारी समीउल्लाह ने लोगों को अकीदत के साथ नमाज पढ़ाई और देश में अमन चैन और तरक्की की दुआ की। इस दौरान पेशे इमाम कारी समीउल्लाह ने बताया कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत को अदा करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कुर्बानियां पेश की और देश में अमन चैन और तरक्की की दुआ की गई। मालूम हो कि ईद के 70 दिन बाद ईद-उल-अजहा (बकरीद) मनाया जाता है। इस दिन कुबार्नी दी जाती है। मुस्लिम समाज के लोगों के लिए बकरीद का त्योहार बहुत महत्वपूर्ण है। इधर बकरीद को लेकर पुलिस-प्रशासन भी मुस्तैद रही। सुबह से ही ईदगाह और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी।

### मुस्लिम समाज ने धूमधाम से मनाई बकरीद, ईदगाह में हुई सामूहिक नमाज



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में मुस्लिम समुदाय का त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह शहर के मस्जिदों एवं ईदगाहों में मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों ने पूरी अकीदत के साथ नमाज अदा की। इस दौरान मानगो, साकची, बिष्टुपुर, जुगसलाई, परसुडीह, टेल्को समेत पूरे शहर के मस्जिद और ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। इस अवसर पर मुल्क में अमन शांति की विशेष दुआ की गई। इसके बाद समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर त्यौहार की बधाइयां दी और मुस्लिम समुदाय के लोग अपने मरहूमों के लिए माफिरत की दुआ करने कब्रिस्तान गए। वहां से लौटकर अपने घर पहुंचे। इसके बाद बकरे की कुबार्नी दी गई।

### बकरीद पर अहंकार, घमंड एवं बुराई की कुर्बानी देने का लिया संकल्प

**गंगाडीह।** बकरीद के मौके पर हल्दीपोखर, गंगाडीह एवं पोटका क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में सुबह के 6:30 से ही बकरीद की नमाज अदा की गई। वही गर्मी को देखते हुए 7:30 बजे तक सभी मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा कर सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक दूसरे को बकरीद की बधाई देते हुए अहंकार, घमंड एवं बुराई की कुबार्नी देने का संकल्प लिया। इस दौरान डीसीएलआर गौतम कुमार वरीय मजिस्ट्रेट के रूप में हल्दीपोखर में मौजूद रहे, साथ ही पोटका बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी भी उपस्थित रहे। डीसीएलआर गौतम कुमार ने कहा कि बकरीद कुबार्नी का पर्व है। इस पर्व में सभी को आपसी मेलजोल और भाईचारा का परिचय देते हुए खुशी और उल्लास के साथ इस पर्व को मनाना है ताकि समाज में एक अच्छा संदेश जाए। लोगों में मैत्रीपूर्ण संबंध हो इसको लेकर आज लोगों को संकल्प लेने का दिन है।

## एजीएम के प्रस्तावों को लेकर मंगाई गई ई-वोटिंग

**जमशेदपूर।** टाटा स्टील की वार्षिक आमसभा 15 जुलाई को दोपहर तीन बजे से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बुलायी गयी है। इसमें शेयरधारकों के सवालों का जवाब चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, टाटा स्टील के एमडी सह सीइओ टीवी नरेंद्रन और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर कौशिक चटर्जी देंगे। इसको लेकर पहले से 10 जुलाई की सुबह से लेकर 14 जुलाई की शाम 5 बजे तक एजीएम के प्रस्तावों पर ई वोटिंग मंगायी गयी है। इस बार डिविडेंड की भी घोषणा की गयी है, जिस पर टैक्स की कटौती भी की जायेगी। टाटा स्टील की वार्षिक आमसभा के पहले ही डिविडेंड की घोषणा कर दी गयी है। इसके तहत शेयरधारकों को 3160 रुपये प्रति शेयर दिया जायेगा। 21 जुलाई से लोगों को डिविडेंड का भुगतान शुरू कर दिया जायेगा।
कंपनी की ओर से यहां शेयरधारकों को अपना भविष्य का प्लान भी बतायेगी। कंपनी की ओर से करीब 3 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की गयी है ताकि कंपनी का विस्तार दोगुना हो सके और 40 मिलियन टन उत्पादन करने वाली सिंगल कंपनी बन जाये, जो देश के विभिन्न हिस्से में है। इसके अलावा टाटा स्टील नेट जीरो के मिशन को लेकर भी अपनी रणनीति का ऐलान कर सकती है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बांबे स्टॉक एक्सचेंज को इससे अवगत करा दिया गया है।

## देवप्रभा कंपनी के गुर्गों ने ग्रामीणों को जमकर पीटा, लोगों ने की सड़क जाम


**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
बीसीसीएल के एरिया 10 के कुजामा में चल रही एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के गुर्गों ने सोमवार को जमकर तांडव मचाया। कंपनी के गुर्गों ने कई राउंड फायरिंग करने के साथ ही मुहल्ले में घुसकर ग्रामीणों को जमकर मारा-पीटा। इस घटना में एक ग्रामीण को गोली लगने की भी बात कही जा रही है। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार को एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग में कोयले के उत्खनन के दौरान हैवी ब्लास्टिंग की गई, जिससे आउटसोर्सिंग से



उड़ा पत्थर मोहरीबांध मुहल्ला में आकर गिरा। मुहल्ले के लोग इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद मुहल्ले वाले विरोध प्रकट करने आउटसोर्सिंग पहुंचे। लोगों को देखते ही कंपनी का मालिक कुंभनाथ सिंह आग बबूला हो गया और अपने गुर्गों से सभी को मारने का आदेश दे दिया। इसके बाद गुर्गे ग्रामीणों पर टूट पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गईं। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। साथ ही कुंभनाथ सिंह और लालबाबू सिंह की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। झरिया विधायक ने कहा कि ये लोग हर जगह अपनी दबंगई चला रहे हैं लेकिन अब उनकी दबंगई नहीं चलने दी जाए। सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो भी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से बात की।

## झरिया में ब्लास्टिंग का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर फायरिंग, पथराव में 5 घायल

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
झरिया के घनुडीह ओपी क्षेत्र के कुजामा स्थित एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी में सोमवार की दोपहर गोली चलने से अफरा-तफरी मच गई. बताया गया कि कंपनी में ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर उड़कर बस्ती के घरों में जा गिरा। ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग पहुंचकर प्रबंधक को मामले की जानकारी दी और ब्लास्टिंग रोकने को कहा। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी के प्रबंधक एलबी सिंह व कुंभनाथ सिंह के दर्जनों गुर्गों ने भीड़ को देख करीब छह राउंड हवाई फायरिंग कर दी, जिससे ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। उनलोगों ने ग्रामीणों पर लाठी-डंडे से वार कर पत्थरबाजी शुरू कर



दी। पथराव में चार-पांच ग्रामीण घायल हो गए। बस्ती में रहने वाला जागो भुइयां उर्फ जगदीश भुइयां चोट लगने से बेहोश होकर गिर गया। ग्रामीण उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गए।
इधर, घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने झरिया-बलियापुर मुख्य मार्ग को मोहरीबांध के पास टायर जलाकर जाम कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए धरने पर बैठ गए। सूचना मिलते ही धनबाद के डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, डीएसपी सिंदरी, घनुडीह ओपी, झरिया थाना, तीसरा थाना समेत कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंच और स्थिति नियंत्रित करने में जुट गई।

## माता सर्व तीर्थमयी व पिता संपूर्ण देवताओं का स्वरूप : अमरेश सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
सहयोग फाउंडेशन व विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ की ओर से धनबाद के धैया में पितृ दिवस मनाया गया. समारोह में बच्चों ने पिता के सम्मान में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत अदिति तिवारी की गणेश वंदना से हुई। समाजसेवी सह भाजपा नेता अमरेश सिंह ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में पिता महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माता सर्वतीर्थ मयी हैं, तो पिता सम्पूर्ण देवताओं का स्वरूप है। इसे सभी को समझना चाहिए। विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नीतू तिवारी ने कहा कि पिता के त्याग को समझना मुश्किल है। डॉ। सीबी मेहता, अशोक गिरी, वैभव सिन्हा आदि ने पिता की अहमियत पर प्रकाश



डाला। इस मौके पर कलाकार मिंटू ठाकुर के नेतृत्व में गोमो की बैक स्टेज संस्था ने रामू रिक्शा वाला नाटक का मंचन किया। जौहर चौधरी, ओम कुमार, अशोक वर्मा व एक्सट्रीम यंगस्टर की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। अतिथियों का स्वागत आंवला पेड़ देकर किया गया। समारोह में झारखंड राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग के पूर्व सदस्य सुनील वर्मा,विष्णु अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## घाटशिला कॉलेज में मादक पदार्थों के खिलाफ आज से चलेगा जागरुकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**
मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ घाटशिला कॉलेज में 18 से 26 जून तक आठ दिवसीय विशेष जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर प्राचार्य डॉ। आरके चौधरी ने आठ दिनों तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर अधिसूचित भी कर दिया है। प्राचार्य ने बताया कि नशा समाज और देश के लिए घातक है। इस अभियान के माध्यम से मादक पदार्थ के प्रति युवा पीढ़ी को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है। भारतीय युवा पीढ़ी में मादक पदार्थों का सेवन एक गंभीर समस्या का रूप धारण करती जा रही है। युवा वर्ग गांजा, चरस, हीरोइन, कोकिन, अफीम, अल्कोहल आदि मादक पदार्थ का सेवन करने लगे हैं। इसके गंभीर दुष्परिणाम उन्हें भुगतना पड़ता है।

**अभियान के अंमित दिन निकाली जाएगी जागरुकता रैली**

उन्होंने बताया कि ऐसे नशीले पदार्थों के प्रति युवा पीढ़ी के भटकाव को रोकने के लिये घाटशिला महाविद्यालय में 18 जून से 26 जून तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंमित दिन विश्व नशा मुक्ति दिवस पर जागरुकता रैली निकाली जाएगी।

### एनएच पर कार के साथ टक्कर के बाद दो हिस्सों में बंटा ट्रैक्टर

**टाटा।** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 33 पर सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए टीएमएच जमशेदपुर भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार चांडिल थाना क्षेत्र के भादुडीह के पास एनएच 33 पर एक कार और ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हुई। इस टक्कर में ट्रैक्टर का इंजन दो हिस्सों में बंट गया। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर का चालक घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जमशेदपुर भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि कार पर एक महिला और बच्चा सवार थे।

## दो महीने बाद भी रितेश हत्याकांड की गुत्थी नहीं सुलझा सकी पुलिस



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर-खरसावां मुख्य मार्ग के कियाडपता गांव के समीप चक्रधरपुर के चांदमारी निवासी रितेश कुमार की दो माह पूर्व हत्या कर दी गई थी। लेकिन पुलिस अब तक इस हत्या की गुत्थी को नहीं सुलझा सकी है। पुलिस को इस हत्याकांड में कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिवार का आरोप है कि अब पुलिस ने फोन भी उठाना बंद कर दिया है। चाईबासा जाने पर सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है। चांदमारी निवासी देवा साव के बड़े पुत्र रितेश कुमार 10 अप्रैल को अपने घर से काम के लिए निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। घर वालों ने जब खोजबीन शुरू की तो 11 अप्रैल की सुबह चक्रधरपुर-खरसावां मुख्य मार्ग के कियाडपता गांव से कुछ दूरी पर जंगल में एक पेड़ से शव लटकता मिला था। शव पर चोट के निशान भी थे। उस वक्त चाईबासा मुफ्फसिल थाना के अधिकारियों ने जल्द ही हत्या की गुत्थी सुलझा लेने का आश्वासन परिजनों को दिया था, लेकिन दो महीने बाद भी पुलिस रितेश के हत्यारों को नहीं पकड़ पायी है। इससे परिजन परेशान हैं।

# आदिवासी उरांव समाज संघ 30 जून को मनाएगा स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**
चाईबासा कुडुख सामुदायिक भवन पुलहातु में सोमवार को आदिवासी उरांव समाज संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संचू तिर्की ने की। बैठक में सर्वसम्मति से स्थापना दिवस 30 जून को मनाने का निर्णय लिया गया। समारोह के आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया कि इस स्थापना दिवस में समाज के पूर्व संस्थापक मंडली के परिजनों को सम्मानित कर उन संस्थापको के किए गए कार्यों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। प्रत्येक वर्ष मैट्रिक एवं इंटर में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को

**स्थापना दिवस में समाज के पूर्व संस्थापक मंडली के परिजनों को सम्मानित कर उनके किए गए कार्यों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी**



भी पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष से समाज की ओर से समाज के छात्र-छात्राओं के लिए टैलेंट हंट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जो स्थानीय पुलहातु मध्य विद्यालय चाईबासा में 23 जून की सुबह 10 बजे को होगा। इस प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण प्रतिभागियों को 30 जून को पिल्लई हॉल चाईबासा में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जायेगा।
कार्यक्रम को लेकर समाज की महिला सदस्य काफी उत्साहित हैं इस समारोह में समाज के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को भी आमंत्रित कर सम्मानित किया जाता है। सरकारी नौकरी में नवनियुक्त युवक- युक्तियां को भी सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक नृत्य-संगीत का भी आयोजन होगा। इसके लिए समाज की महिला सदस्य काफी उत्साहित हैं। अंत में उपसचिव लालू कुजूर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में सहदेव किस्पोट्टा, बाबूलाल बरहा, अनिल डा, लक्ष्मण बरहा, दुर्गा खलखो, सुमित बरहा, किशन बरहा, विजयलक्ष्मी लकड़ा, लक्ष्मी बरहा, लक्ष्मी कच्छप, निर्मला लकड़ा, सावित्री कच्छप, लक्ष्मी खलखो, शिल्पा तिग्गा, तीजो तिर्की, चमरू लकड़ा, शम्भू टोप्पो, राजु तिग्गा, सीताराम मुण्डा, खुदिया कुजूर, बबलू खलखो, शम्भू कच्छप, भीम बरहा, नरेश कुजूर, विक्रम खलखो भरत कुजूर सुखराम तिर्की आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### माओवादियों से जुड़ा व्यक्ति गिरफ्तार नक्सलियों के लिए लेवी वसूली करने का आरोप



**गिरिडीह ।** पुलिस ने बगोदर थाना क्षेत्र के गौडा संतुरपी जंगल से माओवादियों से जुड़े एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चुन्नू लाल मुर्मू हजारीबाग जिला के टाटी झरिया थाना क्षेत्र के बिसाय गांव का रहने वाला है। गिरफ्तार अपराधी के पास से पुलिस ने माओवादी से संबंधित पर्चा ,रसीद और एक मोबाइल जब्त किया है। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगोदर सरिया के द्वारा एक टीम गठित कर गौडा संतुरपी की जंगल में अपराधियों के धर पकड़ के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान एक अपराधी को भगाकर पकड़ा गया। जिसके पास से माओवादियों से संबंधित पर्चा और एक मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी नक्सलियों का लेवी वसूली का काम करता है। गिरफ्तार चुन्नू लाल मुर्मू के खिलाफ बगोदर थाना में मामला दर्ज करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### रेलवे स्टेशन के पास मिला अज्ञात शव, जांच में जुटी पुलिस



**गिरिडीह।** रेलवे स्टेशन के पास एक शव देखें जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव होने की जानकारी पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर जमा हुई और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर शव को कब्जे में ले लिया। जांच के दौरान मृतक के जेब से मधुपुर का टिकट बरामद किया गया है। वहीं उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया है और मृतक की पहचान की जा रही है।

### तिरुलडीह में फ्लड लाइट फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**तिरुलडीह।** कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के तिरुलडीह में पहली बार फ्लड लाइट फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. रविवार की रात दूधिया रौशनी में खेले गए इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया. इसका समापन सोमवार सुबह हुआ। प्रतियोगिता शुरू होने के दौरान आतिशबाजी भी की गई। रविवार से सोमवार सुबह तक खेले गए इस 24 दलीय नाइट फुटबॉल प्रतियोगिता पर गौतम एफसी ने कब्जा जमा लिया। प्रथम पुरस्कार गौतम एफसी को नगद 28 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार लालटू स्पोर्टिंग को 23 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार आयुष स्पोरटिंग को 15 हजार रुपये, चतुर्थ पुरस्कार लालू स्पोर्टिंग को 11 हजार रुपये, पंचम पुरस्कार एचएम स्टार बॉयज को 11 हजार रुपये एवं षष्ठम पुरस्कार 1932 खतियान कुकड़ू को 11 हजार रुपये नगद दी गई। मौके पर जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील कुमार महतो, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, तिरुलडीह के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा, दीपक रंजन महतो, राहुल रंजन, राजू गोप, नरोत्तम गोप, निखिल महतो, मदन महतो, निधुराम कुमार समेत बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### छेड़खानी का विरोध किया तो पति-पत्नी ने मिलकर पीटा, गिरफ्तार

**सोनारी।** सोनारी थाना अंतर्गत झाबरी बस्ती निवासी रानी देवी को सोमवार सुबह मरारपाड़ा निवासी बबलू साहू उर्फ पीके साहू और उसकी पत्नी अंजू देवी ने मारपीट कर घायल कर दिया। रानी पर रॉड से हमला किया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों पति-पत्नी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इधर, घटना के बाद रानी ने सोनारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। रानी ने पुलिस को बताया कि वह सुबह अपने घर से निकलकर काम करने आशियाना जा रही थी। रास्ते में बबलू ने उसका हाथ पकड़ लिया और मेला चलने की बात कहकर छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर स्थानीय लोग जुटे। इसके बाद बबलू भाग गया। काम करने के बाद वापसी के क्रम में बबलू अपनी पत्नी के साथ बैठा था। पत्नी से छेड़खानी की शिकायत करने की बात पर बबलू भड़क उठा और मारपीट करने लगा। इतने में बबलू की पत्नी अंजू घर से रॉड लेकर आई और सिर पर हमला कर दिया। घटना के बाद एमजीएम अस्पताल में रानी का इलाज कराया गया। इधर, पुलिस ने बबलू और उसकी पत्नी अंजू को जेल भेज दिया है।

### नकटी के कुईतुका में आंधी-तूफान से जलमीनार का सोलर प्लेट गिरा



**बंदगांव।** बंदगांव प्रखंड की नकटी पंचायत के कुईतुका गांव में रविवार शाम आंधी तूफान के कारण सोलर आधारित जल मीनार का सोलर एवं पानी पाइप तेज हवा से गिर गया। इससे लोगों को पेयजल की काफी कठिनाई हो गई है। सोमवार को ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुखिया मिथुन गागराई को दी। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द जलमीनार का सोलर और पानी पाइप को ठीक कराने की मांग की है, जिससे लोगों को पानी मिल सके। ग्रामीणों ने कहा कि यह आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां के लोग को पानी नहीं मिलने से काफी दिक्कतें हो रही हैं।

### ईदगाह समेत शहर के चारों मस्जिदों में अदा की गई बकरीद की नमाज

**घाटशिला।** बकरीद के अवसर पर सोमवार को शहर के ईदगाह समेत पांच स्थानों पर नमाज अदा की गयी। इसमें ईदगाह, जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, आसरा मस्जिद और सदर बाजार मस्जिद शामिल है। मदीना मस्जिद में सुबह 6 बजे, ईदगाह में सुबह 6:15 बजे, जामा मस्जिद में सुबह 6:30 बजे, सदर बाजार मस्जिद में सुबह 6:45 और आसरा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे बकरीद की नमाज अदा की गयी। मदीना मस्जिद में मौलाना अमातुल्लाह हबीबी, ईदगाह में मौलाना साजिदुल कादरी, जामा मस्जिद में मौलाना ताहा हुसैन, सदर बाजार मस्जिद में मौलाना एहतेशाम और आसरा मस्जिद में हाफिज शौकत अली ने बकरीद की नमाज की पढ़ाई। बकरीद की नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिले और मुबारकबाद दी। इसके बाद लोगों ने अल्लाह की राह में जानवरों की कुबार्नी दी।

# हर साल नए घोटाले से नीट सवालों के घेरे में

*बिहार* के एडमिशन माफिया रंजीत से लेकर ब्लू टूथ और न जाने क्या तरीके से भ्रष्टाचार से नीट सवालों के घेरे में है। इस साल मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट परीक्षा) कुछ गलत कारणों से सुर्खियों में आ गई है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तक गड़बड़ी बता रहे हैं। देश भर में विद्यार्थी सड़कों पर हैं, मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया है, विपक्षी दलों ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया है। कारण यह है कि इस बार की परीक्षा में कुछ ऐसी अजीबोगरीब बातें हुई हैं, जो पहले कभी नहीं हुई थीं। एक तो इसका परिणाम नियत तिथि से 10 दिन पहले, यानी जिस दिन लोकसभा चुनावों के परिणाम घोषित हो रहे थे, ठीक उसी दिन सियासी गहमागहमी के बीच चुपके से घोषित कर दिया गया। इसके अलावा, पेपर लीक होने, इक्का-दुक्का की तुलना में 67 टॉपर्स होने, असंभव स्कोर होने, करीब 1,500 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए जाने, कट-ऑफ अधिक होने, एक ही कोचिंग सेंटर से आठ विद्यार्थियों के मेरिट लिस्ट में शामिल होने आदि के आरोप लगे हैं। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी-नीट) भारत में स्नातक चिकित्सा कार्यक्रमों (एमबीबीएस और बीडीएस) में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाने वाली राष्ट्रव्यापी परीक्षा है। यह परीक्षा भारत के अधिकांश मेडिकल कॉलेजों के लिए एकमात्र प्रवेश परीक्षा के रूप में आयोजित की जाती है। इनमें सरकारी और निजी, दोनों तरह के मेडिकल कॉलेज शामिल हैं और सीटों की संख्या लगभग एक लाख है। साल में एक बार आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा में 24 लाख से अधिक विद्यार्थी बैठते हैं, यानी एक सीट के लिए लगभग 24 विद्यार्थी अपना भाग्य आजमाते हैं। इससे पता चलता है कि ये दाखिले कितने आकर्षक और लाभदायक माने जाते हैं। विद्यार्थी इसके लिए कड़ी मेहनत करते हैं, कोचिंग करते हैं, और कुछ विद्यार्थी एवं उनके माता-पिता इसके लिए कोई भी कीमत देने के लिए तैयार रहते हैं, और ठीक यहीं से समस्या शुरू होती है। यह परीक्षा बहुविकल्पी (मल्टीपल-चॉइस) प्रश्नों के आधार पर ली जाती है, जिसमें विद्यार्थियों को ओएमआर (ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन) शीट पर उत्तर अंकित करने होते हैं। यह परीक्षा की विश्वसनीयता स्थापित करने और शीघ्रता से परीक्षा परिणाम घोषित करने में मदद करता है। तो फिर समस्याएं क्यों हो जाती हैं? सबसे बड़ी समस्या पेपर लीक होने की है। चूंकि मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश केवल परीक्षा के स्कोर पर ही निर्भर होता है, इसलिए भ्रष्टाचारी लोग इसमें आसान कमाई का रास्ता ढूंढ लेते हैं, खासकर तब, जब कुछ माता-पिता इसके लिए कोई भी कीमत देने के लिए तैयार रहते हैं। इसका कारण यह है कि प्राइवेट कॉलेजों की फीस की तुलना में यह कीमत फिर भी काफी कम रहती है। और कम खर्चे वाले सरकारी कॉलेजों में प्रवेश इसी परीक्षा के माध्यम से संभव होता है। इसके बाद एनटीए को प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। सवाल है क्या यह सब इसी तरह से चलता रहेगा? अन्य देश इस काम को किस तरह हमसे बेहतर विश्वसनीयता के साथ करते हैं, और क्या हम उनसे कुछ सबक ले सकते हैं? अमेरिका में इसके लिए मेडिकल कॉलेज एडमिशन टेस्ट (एमसीएटी) आयोजित किया जाता है। इस टेस्ट की तीन मुख्य बातें ध्यान देने योग्य हैं-प्रवेश के अनेक घटक, सुरक्षा और पारदर्शिता। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि अमेरिका में दाखिले के लिए केवल परीक्षा पर ही निर्भर नहीं रहा जाता। इसमें इसके अलावा तीन घटक और शामिल हैं। इसके लिए आवेदक को समग्र आवेदन पैकेज जमा करना होता है, जिसमें शामिल हैं-आवेदक अपनी अभिप्रेरणाओं, अनुभवों और गुणों को स्पष्ट करते हैं, जो उन्हें दाखिले के लिए उपयुक्त सिद्ध करें। अध्यापक या स्वास्थ्य सेवा पेशेवर आवेदक के शैक्षिक निष्पादन, कार्य नैतिकता और सफल विद्यार्थी होने की संभावना के बारे में जानकारी देते हैं। मेडिकल कॉलेज आवेदक के संप्रेषण कौशलों, पारस्परिक कौशलों, और पाठ्यक्रम के लिए उपयुक्तता का आकलन कर सकते हैं। परीक्षा में धोखाधड़ी रोकने के लिए अमेरिका में कड़े प्रोटोकॉल लागू किए जाते हैं। इसमें सुरक्षित परीक्षा केंद्र स्थापित करना, नियंत्रित परीक्षा परिवेश और परीक्षा सामग्री तक अनधिकृत पहुंच को रोकने के उपाय शामिल हैं।

इन दिनों

# शेयर मार्केट की रिकॉर्ड उछाल मोदी सरकार का हाल



शशांक भारद्वाज

*विदेशी* वित्तीय संस्थान भी अब राजनीतिक परिदृश्य सकारात्मक स्पष्ट होने से भारतीय शेयर मार्केट में इस स्तरों से भी बड़ी तथा सतत तेजी का अनुमान दे रहें हैं। विश्व की एक प्रमुख रेटिंग प्राधिकरण मूडी ने सेंसेक्स का लक्ष्य अगले 12 माह के लिए 82000 रखा है तथा आनेवाले 5 वर्षों में प्रतिवर्ष 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि की भविष्यवाणी की है। ऐसा होता है तो भारतीय शेयर मार्केट इस अवधि में अद्भुत प्रतिफल देंगे। मूडी का कहना है कि अगले कुछ वर्ष में भारत में सबसे बड़ी तथा शक्तिशाली शेयर मार्केट की तेजी देखी जायेगी। भारत में निवेश प्रवृत्ति तथा लगाव का विस्तार तथा विकेद्रीकरण हो रहा है। छोटे नगरों में भी शेयर में निवेश के प्रति रुझान बढ़ रहा है। वहां के म्यूचुअल फंड निवेश की 85 प्रतिशत राशि इक्विटी कोष में लग रही है। अप्रैल तथा मई माह में म्यूचुअल फंड के 81 लाख नए खाते खुलें हैं एवं इनकी संख्या बढ़कर 18.6 करोड़ हो गई है। एमएफ की बहुत सी योजनाएं बहुत अच्छा लाभ भी दे रहीं हैं। यह भी शेयर मार्केट के प्रति विश्वास को सुदृढ़ कर रहा,करेगा। पिछले सप्ताह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक पुनः क्रय करने की मुद्रा में आ गए हैं एवं उन्होंने 11730 करोड़ रूपए के शेयर क्रय किए हैं तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भी नकद संभाग में 2069 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। ऊंचे स्तरों पर भी उनकी यह खरीदारी तथा मनोभाव में तेजी की ओर झुकाव परिवर्तित होना भारतीय शेयर मार्केट की तेजी की सहयोग देगा, उसका विस्तार करेगा। भारत सेवा निर्यात के साथ साथ अब वस्तु निर्यात में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अमेरिका तथा यूरोप को भारतीय वस्तुओं के निर्यात में भागीदारी बढ़ रही है। विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार ने सफल नीतियां बनाई। इस क्षेत्र में और भी प्रोत्साहनात्मक कार्य हो रहें हैं। विनिर्माण क्षेत्र का अच्छा होना अर्थव्यवस्था की आधारभूत संरचनाओं को शक्तिशाली बनाता है। 59 नए विदेशी उपक्रमों ने वर्ष 2023 - 24 में भारत में व्यापार करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। यह भारत के प्रति उनकी उत्साहजनक अवधारणा प्रदर्शित करता है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2030 तक भारत में मध्यवर्ग देश की कुल जनसंख्या का 50 प्रतिशत हो जायेगा। अभी ये 30 प्रतिशत है। इससे अर्थव्यवस्था की क्रय शक्ति तो बहुत बढ़ेगी ही,यह एक निर्णायक मतदाता समूह हो जायेगा जिसका प्रमुख एजेंडा आर्थिक विकास की नीतियां रहेंगी। इससे अव्यवहारिक तथा हानिकारक प्रलोभनवादी आर्थिक नीतियों का प्रभाव तथा प्रचलन कम होगा। भारत एक परिपक्व लोकतंत्र की ओर बढ़ेगा। भारत में अगले दस वर्षों में 10 करोड़ घरों की मांग आने की संभावना है तथा 76 लाख करोड़ रुपए भवन क्षेत्र में आ सकते हैं। यह सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को बड़ी गति देने वाला होगा। एक घर का निर्माण बहुत से उद्योगों को व्यापार के अवसर उपलब्ध कराता है। वर्ष 2034 तक देश के 9.5 प्रतिशत परिवारों की आय 34 लाख रुपए वार्षिक से अधिक हो जायेगी। यह एक संपन्नता क्रांति होगी। विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार अगले तीन वर्षों में प्रति वर्ष 6.7 प्रतिशत की वृद्धि से भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। यह बड़ी मात्रा में विदेशी निवेश आकर्षित कर सकता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था भी अगले दो वर्षों में बढ़कर 2.7 प्रतिशत हो जायेगी। भारत में थोक महंगाई दर बढ़कर मई में 2.61 प्रतिशत हो गई है किंतु खुदरा मुद्रास्फीति पिछले 12 का के निचले स्तर 4.75 पर आ गई। इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मई माह में 34697 करोड़ रूपए पहुंच गया जो अप्रैल से 83 प्रतिशत अधिक है। इक्विटी में शुद्ध निवेश होने का यह लगातार 39 वा महीना है। एसआईपी के माध्यम से निवेश 20904 करोड़ रुपए हो गया है। एमएफ के अंतर्गत कोष प्रबंधन की राशि 58.91 लाख करोड़ रुपए हो गई है। आने वाले वर्षों ने इसके भी कई गुणा होने की संभावना है। मोर्गन स्टेनली के अनुसार 2034 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 9 ट्रिलियन डॉलर की होगी। ऐसा होगा तो भारतीय शेयर मार्केट का पूंजीकरण न्यूनतम 9 ट्रिलियन डॉलर तो होगा ही,मोदी सरकार जैसी विकासोन्मुख सरकार रही तो भारत को 10 प्रतिशत तक का मूल्यांकन प्रीमियम भी मिल सकता है तथा मार्केट पूंजीकरण 13 से 15 ट्रिलियन डॉलर भी हो सकता है। अभी 5 ट्रिलियन डॉलर के निकट ही है। भारत में एक लाख रुपए से छोटे ऋणों की संख्या वर्ष 23 -24 में 25 प्रतिशत बढ़कर 4.34 लाख करोड़ रूपए हो गई है। ऋण खातों की संख्या भी 15 प्रतिशत बढ़कर 14.9 करोड़ हो गई है। यह एक बड़े स्तर पर स्वजीविका एवं समृद्धि के विस्तार का परिचायक है, आधार है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा शुभ संकेत है। यूएस में नासदक तथा एसएंडपी नई ऐतिहासिक ऊंचाइयां बनाते जा रहें हैं। यह विश्व के अन्य प्रमुख शेयर मार्केट को उत्साहित रख रहें हैं। भारत में मोदी सरकार की वापसी से अच्छी आर्थिक नीतियों की निरंतरता,अन्य अच्छी आर्थिक पहल सुनिश्चित सी हो गई है। भारतीय शेयर मार्केट निफ्टी की ईपीएस के आधार पर अभी न्यायोचित हैं परंतु आगे तीव्र विकास की संभावना तथा घरेलू निवेशकों की बढ़ती संख्या, विश्वास, उत्साह, कंपनियों की आय में 20 प्रतिशत तक की वार्षिक वृद्धि मार्केट में तेजी का विस्तार भी कर सकती है। थोड़ी दीर्घ अवधि में तो मार्केट में और भी बढ़त तो निश्चित सी है, मात्र मोदी सरकार को ले कर कोई नकारात्मक समाचार न आए। जिस प्रकार से मोदी जी ने अपने मंत्रिमंडल का गठन कर महत्वपूर्ण मंत्रालय भाजपा के पास ही रखें हैं, वो मोदी जी की दृढ़ता तथा निश्चय को ही दर्शाता है, किसी राजनीतिक संकट से निपटने के लिए उनके पास कोई वैकल्पिक योजना भी होगी ही। पिछले सप्ताह निफ्टी में 85 अंकों की बढ़त रही। 85 अंक बड़ी बढ़त नहीं हैं परंतु मार्केट उच्चतम स्तरों पर है, ऐसे में वहां टिकना, थोड़ी बढ़त भी महत्वपूर्ण है। मार्केट में मंदी के सौदों की एक कटान अभी आनी अपेक्षित है। यह निफ्टी को 23700 से 24000 को ओर ले जा सकता है। निवेश के लिए शेयर विशेष पर ध्यान केन्द्रित करें। बहुत बड़ा लाभ मिल सकता है। ब्रेंट क्रूड पिछले सप्ताह 83 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चला गया था। यह भाव टिकने वाले नहीं लगते क्योंकि क्रूड की मांग साधारण रहने का ही अनुमान है। यह भारत के लिए अच्छा है। भारतीय विक्स पूरी तरह ठंडा हो 12.82 आ गया है। यह मार्केट के आश्वस्त भाव में होने का संकेत है। मोदी सरकार बनी रहे तो भारत की उज्ज्वल आर्थिक प्रगति तो सुनिश्चित है ही, उज्जवल शेयर मार्केट भी सुनिश्चित है एवं अच्छा शेयर मार्केट अच्छे धन ,परिसंपत्ति का निर्माण करता है। यूएस डॉलर इंडेक्स तथा यूएस बॉन्ड यील्ड थोड़ी बढ़ी है पर लगता है शेयर मार्केट युद्धों की तरह इसकी भी अवहेलना के भाव में आने लगे हैं। विश्वास होगा क्या कि बीएसई सेंसेक्स मई 21 की पीई 28.8 की तुलना के अभी 73961 के स्तर पर 22.8 की पीई पर है,यह 20 प्रतिशत सस्ता है। अच्छी सरकार तथा अच्छी अर्थव्यवस्था के करण शेयर मार्केट के तो अच्छे दिन बने रहेंगे। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**



**भारत में निवेश प्रवृत्ति तथा लगाव का विस्तार तथा विकेद्रीकरण हो रहा है। छोटे नगरों में भी शेयर में निवेश के प्रति रुझान बढ़ रहा है। वहां के म्यूचुअल फंड निवेश की 85 प्रतिशत राशि इक्विटी कोष में लग रही है। अप्रैल तथा मई माह में म्यूचुअल फंड के 81 लाख नए खाते खुलें हैं एवं इनकी संख्या बढ़कर 18.6 करोड़ हो गई है।**

## आपकी बात

# हे ! किसान पुत्र, किसान दरिद्र हो चुका है



राकेश दुबे

*नई* सरकार में किसानी 'किसान पुत्र' के हाथों में हैं। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री रहते हुए शिवराज सिंह अपने को किसान पुत्र कहलाने में गौरव महसूस करते थे। उन्हें यह तो याद होगा कि पिछले 10 वर्षों में ग्रामीण मजदूरी स्थिर है या घटती रही है, और खेती घाटे का सौदा बनी हुई है। ऐसे में चुनावी नतीजों में किसानों का मोहभंग निश्चित रूप से झलकता है। सत्तासीन दल को न केवल किसानों के प्रति उपेक्षा और उदासीनता बल्कि उनके विरोध-प्रदर्शनों के समक्ष मनमानी और पुलिस दमन का भी परिणाम भुगतना पड़ा। बताते हैं कि पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में किसानों के प्रभाव वाले कम से कम 38 संसदीय सीटें कांग्रेस के खाते में गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की दिक्कतों को स्वीकार किया, जब उन्होंने परिणाम के बाद भाजपा **मुख्यालय में विजय भाषण में कहा :** 'हम बीजों की खरीद के स्तर से लेकर बाजारों में बिक्री के स्तर तक कृषि को आधुनिक बनाने के कार्य को प्राथमिकता देते रहेंगे। दालों से लेकर खाद्य तेलों तक, हम अपने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम करेंगे।' लेकिन आगे बढ़ने से पहले, यह समझना जरूरी है कि कृषि संकट नाकाफी आधुनिकीकरण के कारण है या इसलिए है कि कृषि को जान-बूझकर दरिद्र रखा गया है। हम किसानों को गारंटीशुदा कीमत न देने के सवाल पर आंखें मूंदकर नहीं बैठ सकते, ताकि पहले आजीविका के गंभीर मुद्दों पर ध्यान दिया जा सके। कई विशेषज्ञ कहेंगे कि इसका समाधान फसल विविधीकरण में है, परंतु जो बात बड़ी आसानी से नजरअंदाज कर दी जाती है वो यह कि विविधीकरण के लिए पहली जरूरत है यह यकीनी बनाना कि मुहैया कराये जा रहे विकल्पों से होने वाली शुद्ध प्राप्ति किसानों को गेहूं और धान फसल चक्र से होने वाली कमाई से कम न हो।

(भोपाल)

कला संस्कृति

# दिनोद के लोकगीतों में हरियाणवीं संस्कृति की झलक



डॉ. सत्यवान सौरभ

*प्राचीन* समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है। कभी कलाकारों के फन ने तो कभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस जमाने में नए-नए रंग बिखेरें हैं। यह माना जाता है कि आत्मा की तरह कला भी अजर-अमर है। ये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है और नया रूप लेती है। आज कला के रूप बदरंग हो गए है। कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए हैं और पैसों के पीछे दौड़ पड़े हैं जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है। मगर इन सबके बीच आज भी देश में कुछ ऐसे लोक कलाकार और कवि हैं जो भारत की प्राचीन सभ्यता को नए रंग देकर उन आदर्श और मूल्यों को बचाने की कोशिश में लगे है। जी हां, उन्हीं में से एक हैं हरियाणा के भिवानी जिले के दिनोद गांव की माटी में जन्मे मौजु डॉक्टर दिनोद। किसान परिवार में जन्मे मौजु डॉक्टर पेशे से पशु चिकित्सा से जुड़े है। इनके पिता स्वर्गीय कप्तान सुबे सिंह यादव एक किसान होने के साथ-साथ भारतीय सेना के जांबाज सिपाही रहे हैं। उनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली। पशुसेवा को जारी रखते हुए मौजु डॉक्टर लेखन क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। पिछले दो दशक से मौजु डॉक्टर अपने लिखे गीतों-कविताओं के साथ-साथ प्राचीन और वरिष्ठ लोककवियों की रचनाओं को समाज के सामने लाकर समाज को हरियाणावी संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे हैं। पेशे से पशु चिकित्सा एवं विकास सहायक मनोज कुमार उर्फ मौजु डॉक्टर एक आशु कवि और हरियाणवी के अच्छे गायक हैं। इन सबके अलावा मौजु डॉक्टर यू-ट्यूब एवं सोशल मीडिया के जरिए भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़े किस्सों को वीडियो और ऑडियो रूप में फ्री में शेयर करते हैं ताकि हरियाणवी संस्कृति को बचाया जा सके। हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न रंगों को इन्होंने रागनियों और नाटकों के जरिए शेयर करके बखूबी डिजिटल तौर पर पिरोया है और लोगों के मनों तक पहुंचाया है। कवि मौजु डॉक्टर अपने सिद्धांतों और कलम से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करते। आज जब नग्न संस्कृति सामयिक गीतों व रागनियों पर हावी है तब भी इन्होंने अपने मूल्यों को बनाए रखा और हमारे ऐतिहासिक व पौराणिक गीतों से समाज को रूबरू करवाया है। **(लेखक के निजी विचार है।)**

**आज कला के रूप बदरंग हो गए है। कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए हैं और पैसों के पीछे दौड़ पड़े हैं जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है।**

बोधि वृक्ष

# चतरा में मां भद्रकाली का मंदिर




मां भद्रकाली लक्ष्मी स्वरूपा कमल पुष्प पर विराजमान हैं। यहां पहुंचनेवाले भक्त मां भद्रकाली के मस्तक पर चढ़नेवाले फूल के गिरने का बेसब्री से इंतजार करते हैं, जिसे साक्षात माता का आशीर्वाद माना जाता है। यह माना जाता है कि जिसके हाथों में माता का आशीर्वाद पुष्प गिरा है, उसकी मनोकामना पूर्ण हुई है।

**तस्कर के हाथ से मुक्त होकर दोबारा स्थापित हुई मूर्ति :** मान्यता है कि माता कि यह प्रतिमा स्वतः प्रकट हुई है, इसलिए इसका महत्व व ख्याति प्रसिद्ध है। माता की शक्ति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ष 1968 में चोरी होने के बाद भी अंतरराष्ट्रीय मूर्तियों के तस्कर नौलखा के चंगुल से मुक्त होकर पुनः स्थापित हुई। प्राचीनकाल में माता झाड़ियों से घिरी हुई थीं। समय के अनुसार मंदिर के स्वरूप में बदलाव हुआ। नवरात्र के मौके पर बिहार के कई क्षेत्रों से साधक माता की साधना करने के लिए यहां पहुंचते हैं।

(समाप्त)

## फेसबुक वॉल से




## X - से

Dina Sahu
1 d

संकल्प-सर्वे भवन्तु सुखिनः · Follow
2 d

हाई एजुकेटेड बेरोजगार युवक एक बात गांठ बांध लें।
6 महीने में आप बाइक के मैकेनिक बन सकते हो।
6 महीने में आप कार के मैकेनिक बन सकते हो।
6 महीने में आप साइकिल के मकैनिक बन सकते हो।
6 महीने में आप मधुमक्खी पालन सीख सकते हो।
6 महीने में आप दर्जी का काम सिख सकते हो।
6 महीने में आप डेयरी फार्मिंग सीख सकते हो।
6 महीने में आप हलवाई का काम सीख सकते हो।
6 महीने में आप घर की इलेक्ट्रिक वायरिंग सीख सकते हो।
6 महीने में आप घर का प्लंबर का कार्य सीख सकते हो।
6 महीने में आप मोबाइल रिपेयरिंग सीख सकते हो।
6 महीने में आप जूते बनाना सीख सकते हो।
6 महीने में आप दरवाजे बनाना सीख सकते हो।
6 महीने में आप वेल्डिंग का काम सीख सकते हो।
6 महीने में आप मिट्टी के बर्तन बनाना सीख सकते हो।
6 महीने में आप घर की चिनाई करना सीख सकते हैं।
6 महीने में आप योगासन सीख सकते हो।
6 महीने में आप मशरूम की खेती का काम सीख सकते हो।
6 महीने में आप बाल काटने सीख सकते हो।
6 महीने में आप बहुत से काम ऐसे सीख सकते हो जो आपके परिवार को भूखा नहीं सोने देगा।
आज भारत में सबसे अधिक दुखी वह लोग हैं जो बहुत अधिक पढ़ लिखकर बेरोजगार हैं।
जो शिक्षा आप को रोजगार न दे सके वह शिक्षा किसी काम की नहीं।
रोजगार के लिए आपका अधिक पढ़ा लिखा होना कोई मायने नहीं।
भारत में 90% रोजगार वे लोग कर रहे हैं जो ज्यादा पढ़े लिखे नहीं हैं।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# सपनों का भारत



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

*मुंशी* जी, जो कि एक छोटे से कस्बे में रहते थे, उनके मन में भारत को विकसित देश बनाने का सपना बसा था। उन्होंने हर सभा और संगोष्ठी में यही कहा, 'हमारा भारत, स्वच्छ भारत, सशक्त भारत!' परंतु मुंशी जी के अपने घर के बाहर ही गंदगी का ढेर पड़ा रहता था, और सड़कें टूटी-फूटी थीं। एक दिन मुंशी जी ने सोचा कि क्यों न अपनी कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। उन्होंने बैनर और पोस्टर छपवाए, 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत।' उन्होंने कॉलोनी के सभी लोगों को एकत्र किया और जोशीले अंदाज में बोले, 'हमें अपने आसपास की सफाई खुद करनी होगी। चलो, आज से ही शुरूआत करें।' मुंशी जी के उत्साह को देख लोग भी प्रेरित हुए। सबने अपने-अपने घरों से झाड़ू, फावड़ा, और कूड़ेदान निकाले। सफाई शुरू हुई, लेकिन एक घंटे के भीतर ही लोग थक गए और वापस अपने घरों में चले गए। मुंशी जी अकेले ही बचे थे, कूड़ा उठाते हुए। तभी एक सरकारी अफसर वहाँ से गुजरा और उसने मुंशी जी को देखा। उसने गाड़ी रोकी और पूछा, 'अरे मुंशी जी, आप अकेले ही सफाई कर रहे हैं? क्या यहाँ सफाई कर्मचारी नहीं आते?' मुंशी जी ने निराश होकर कहा, 'साहब, कर्मचारी तो हैं, पर उनका काम तो केवल कागजों पर ही होता है।' अफसर ने कुछ सोचते हुए कहा, 'चलो, मैं कल ही सफाई कर्मचारियों की टीम भेजता हूँ।' मुंशी जी खुश हो गए और घर लौट गए। अगले दिन सचमुच सफाई कर्मचारियों की एक टीम आई। लेकिन वे केवल फोटो खिंचवाने आए थे। उन्होंने कुछ झाड़ू मारकर और फोटो खिंचवाकर वापस चले गए। कुछ दिनों बाद, मुंशी जी को एक समारोह में बुलाया गया। उन्हें 'सर्वश्रेष्ठ नागरिक' का पुरस्कार दिया गया। मंच पर खड़े होकर मुंशी जी ने कहा, 'मैं तो केवल अपना कर्तव्य निभा रहा था।' पुरस्कार पाकर मुंशी जी खुश तो थे, लेकिन भीतर से टूट चुके थे। उन्हें अहसास हो गया था कि केवल भाषणों और अभियानों से कुछ नहीं बदलता। असली बदलाव के लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**



**मंच पर खड़े होकर मुंशी जी ने कहा, 'मैं तो केवल अपना कर्तव्य निभा रहा था।' पुरस्कार पाकर मुंशी जी खुश तो थे, लेकिन भीतर से टूट चुके थे। उन्हें अहसास हो गया था कि केवल भाषणों और अभियानों से कुछ नहीं बदलता।**

टेक वर्ल्ड

# अब अपने बच्चों के मोबाइल पर रखिए सावधानी से नजर



*जरा* सोचिए कि अगर किसी बच्चे को किसी खास गेम या एप्लीकेशन की लत लग गई है तो इसकी लत आप इसके जरिए छुड़ा सकते हैं। न केवल एंड्रॉयड में बल्कि क्डर में भी पैरेंटल कंट्रोल टूल आपकी काफी सहायता कर सकता है। इसके लिए बड़ा आसान है गूगल प्ले एप्लीकेशन को आप खोलिये और सबसे ऊपर दाएं और प्रोफाइल आइकन पर क्लिक करें वहां पर सेटिंग में माता-पिता के कंट्रोल वाली सुविधा पर आपको टाइप करना है और यहां से आप इस सुविधा को चालू कर सकते हैं। इसको सुरक्षित रखने के लिए एक पिन बनाएं इसके बारे में आपके बच्चे को पता ना हो अब अगले स्टेप में आप इस तरह के कंटेंट को चुनिए जिसे आप फिल्टर करना चाहते हैं फिल्टर करने या एक्सेस पर रोक लगाने का तरीका चुनिए अब आपका पैरेंटल कंट्रोल एक्टिव हो गया है। यकीन मानिए यह बेहद सार्थक स्टेप है और इसके जरिए आप अपने बच्चों के कंटेंट पर नजर रख सकते हैं और भविष्य की भावी पीढ़ी को एक सही दिशा दे सकते हैं।

(समाप्त)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बालासोर ट्रेन हादसे की यादें ताजा करती है कंचनजंगा हादसा

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग के जलपाईगुड़ी के पास भयानक रेल हादसा हुआ है। इस रेल हादसे में कंचनजंगा एक्सप्रेस से एक मालगाड़ी भिड़ गई। इस भयानक रेल हादसे में दो रेलकर्मियों सहित नौ लोगों की मौत हो गई है। 41 लोग घायल हुए हैं। यह रेल दुर्घटना ओडिशा के बालासोर ट्रेन हादसे की यादें ताजा कर देती है। वहां भी एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों के आने से रेल हादसा हुआ था। किसकी गलती से यह ट्रेन दुर्घटना हुई, यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा। इस भयानक रेल हादसे में इंजन पर बोगियां तक चढ़ गई। वहीं कई बोगियां पटरी से भी उतर गई थीं। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी के पास हुए इस रेल हादसे में दुर्घटना के बाद ही लोगों को बचाने का कार्य शुरू कर दिया गया था। इधर, रेलवे सूत्रों के अनुसार, रानीपात्रा रेलवे स्टेशन और पश्चिम बंगाल के छत्तर हाट जंक्शन के बीच सुबह साढ़े पांच बजे से ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम खराब पड़ा था। सूत्रों ने बताया कि ट्रेन नंबर 13174 (सियालदह कंचनजंगा एक्सप्रेस) रंगापानी स्टेशन से सुबह आठ बजकर 27 मिनट पर रवाना हुई थी और सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम खराब होने के चलते रानीपतरा रेलवे स्टेशन तथा छत्तर हाट के बीच रुकी रही थी।



बालासोर हादसा

### बंगाल रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 हुई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सोमवार सुबह हुए रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रॉय ने बताया कि मृतकों में उस मालगाड़ी का लोको पायलट में शामिल है जिसने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मारी थी। उन्होंने कहा कि अब तक 30 से अधिक लोगों के घायल होने की जानकारी है। बचाव कार्य अभी जारी है, तथा हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है।





कंचनजंगा हादसा

### कंचनजंगा ट्रेन हादसे में बिहार के एक यात्री की मौत
### मृतक के परिजनों से मिले सांसद राजेश वर्मा

**पटना।** पश्चिम बंगाल में हुई रेल दुर्घटना में बिहार के एक यात्री की भी मौत हुई है। उसकी पहचान खगड़िया जिले के छुट्टन साह के रूप में हुई है। इसकी जानकारी मिलते ही खगड़िया के नवनिर्वाचित सांसद राजेश वर्मा मृतक के परिवार से मिलने पहुंचे और ढांढस बंधाया। साथ ही प्रशासन से बात कर हर संभव प्रशासनिक सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के रंगापानी स्टेशन के निकट खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से आ रही मालगाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में यात्री ट्रेन के पीछे के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए और आठ लोगों की मौत हो गई।

## बंगाल में रेल दुर्घटना के बाद लंबी दूरी की नौ ट्रेनों के मार्ग बदले गए

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सोमवार सुबह कंचनजंगा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी के बीच हुई टक्कर के बाद लंबी दूरी की नौ ट्रेनों के मार्गों में परिवर्तन किया गया है। इन सभी ट्रेनों के नियमित मार्ग न्यू जलपाईगुड़ी और रंगापानी रेलवे स्टेशनों पर उस जगह से होकर गुजरते हैं जहां सोमवार को ट्रेन हादसा हुआ था। जिन ट्रेनों के मार्ग बदले गये हैं, उनमें 19602 न्यू जलपाईगुड़ी-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस, 01666 अगरतला-रानी कमलापति (हबीबगंज) स्पेशल, 12423 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 12377 सियालदाह-न्यू अलीपुरद्वार पदातिक एक्सप्रेस, 22301 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस, 06105 नागरकोइल-डिब्रूगढ़ स्पेशल, 20506 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, और 12424 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस शामिल हैं।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ये ट्रेनें अलुआबाड़ी जंक्शन होकर बागडोगरा-सिलीगुड़ी-न्यू जलपाईगुड़ी मार्ग से जाएंगी। दुर्घटना स्थल पर बचाव एवं आपदा प्रबंधन टीमों ने प्रभावित डिब्बों को मुख्य ट्रेन से अलग कर लिया है। अप्रभावित डिब्बों के साथ ट्रेन को उसके गंतव्य सियालदाह रवाना कर दिया गया है। इस बीच बगल की रेल पटरी पर से मलबा हटाने का काम जारी है, जिस पर पटरी से उतरे डिब्बों का कुछ हिस्सा चला गया था। इस काम में बड़ी जेसीबी मशीनों को लगाया गया है। रेल अधिकारियों ने कहा कि पटरी को साफ करने के बाद इस मार्ग पर ट्रेनों का यातायात काफी हद तक सामान्य हो जाएगा।



## एक नजर

### कांग्रेस ने उद्यान घोटाले को लेकर मंत्री गणेश जोशी पर बोला हमला



**देहरादून।** उद्यान घोटाले को लेकर कांग्रेस पार्टी लगातार हमलावर है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जांच के घेरे में गणेश जोशी को भी आना चाहिए क्योंकि वे कैबिनेट मंत्री हैं और उनकी नाक के नीचे ऐसा कैसे हो गया। करन माहरा ने कहा कि उन पर शक इसलिए होता है क्योंकि जब हाईकोर्ट ने निर्णय दिया कि इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए, तब मंत्री और मंत्री का विभाग सुप्रीम कोर्ट चला गया और डाट खाकर वापस आए हैं। आज कह रहे हैं कि जीरो टॉलरेंस है इसलिए कार्रवाई होगी। माहरा ने कहा कि सबसे पहली कार्रवाई मंत्री गणेश जोशी पर होनी चाहिए। उनकी ज्यादा जिम्मेदारी है।

### कोटा में फांसी लगाकर बिहार के छात्र ने की खुदकुशी

**कोटा।** राजस्थान के कोटा के महावीर नगर थाना इलाके में कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। कोचिंग छात्र ने रोशनदान से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। जानकारी के मुताबिक मृतक आयुष कोटा में रहकर जेईई की तैयारी कर रहा था। मृतक के परिजनों के कोटा पहुंचने के बाद पुलिस ने छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराया। जांच अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि रविवार की रात बिहार के मोतिहारी निवासी कोचिंग छात्र आयुष जायसवाल ने रोशनदान में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जब छात्र अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो उसके दोस्तों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब नहीं आने पर पुलिस को सूचना दी गई।

## भाजपा ने पंजाब और प. बंगाल के विस उपचुनाव के लिए प्रत्याशी किए घोषित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने पंजाब एवं पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने पंजाब एवं पश्चिम बंगाल राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनाव हेतु उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगा दी है। भाजपा ने पंजाब के जालंधर पश्चिम से शीतल अंगुराल को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के रायगंज से मानस कुमार घोष, राणाघाट दक्षिण से मनोज कुमार बिस्वास, बगदा से बिनय कुमार बिस्वास और मानिकतला से कल्याण चौबे भट्टाचार्य को उम्मीदवार बनाया है।



इन विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना 14 जून को जारी की जा चुकी है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है। 24 जून को मतपत्रों की जांच की जाएगी। जबकि, नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है।

चुनाव आयोग के मुताबिक, सभी निर्वाचन क्षेत्रों में 10 जुलाई को मतदान होगा और परिणामों की घोषणा 13 जुलाई को होगी।


### बाराबंकी में भरभरा कर गिरी छत, चार लोग मलबे में दबे

**बाराबंकी।** रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्रांर्गत भोजपुर मजरे सादुल्लापुर में सोमवार भोर के वक्त भरभराकर छत गिर गयी। मलबे के नीचे दबकर पति-पत्नी और दो बच्चें दब गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। रविवार की रात में सराफ अली अपनी पत्नी परवीन बेटी,शबनम और बेटे इमरान के साथ छत पर सोने रहे थे। सोमवार सुबह चार बजे अचानक छत भरभराकर गिरी और उस पर सो रहे सभी लोग मलबे में दब गए। छत गिरने की तेज आवाज से आसपास के ग्रामीण जाग गए और सराफ अली के घर के पास पहुंचे। मलबे में दबे परिवारों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस की मदद से सभी को राम सनेही घाट सीएससी में भर्ती कराया गया।

## प्रधानमंत्री आज उत्तर प्रदेश और कल बिहार का करेंगे दौरा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार उत्तर प्रदेश और बिहार के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा आज सोमवार (17 जून) को जारी विज्ञप्ति के अनुसार 18 जून को शाम 5 बजे प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान सम्मेलन में भाग लेंगे। यहां वे किसान सम्मान निधि की अगली किस्त जारी करेंगे। इसके बाद शाम 7 बजे प्रधानमंत्री दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में भाग लेंगे। रात 8 बजे वह काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन और दर्शन भी करेंगे। प्रधानमंत्री 19 जून को बिहार के दौरे पर होंगे। यह वे सुबह 9.45 पर प्रधानमंत्री नालंदा की प्राचीन धरोहर का दौरा करेंगे। सुबह 10.30 बजे प्रधानमंत्री बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर का उद्घाटन के पश्चात आयोजित जनसभा को संबोधित भी करेंगे।



### नागपुर में तेज रफ्तार कार ने फुटपाथ पर सो रहे नौ को कुचला, दो की मौत

**मुंबई।** नागपुर में दिघोरी नाका के पास बीती रात तेज रफ्तार कार ने सड़क के किनारे सो रहे बंजारा परिवार के 9 लोगों को कुचल दिया, जिसमें एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गयी है। अन्य घायलों को शासकीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार दिघोरी नाका के पास बंजारा परिवार के कुल 9 सदस्य सड़क किनारे फुटपाथ पर सो रहे थे। रविवार को देर रात करीब साढ़े 12 बजे तेज रफ्तार कार ने इन सभी को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार में एक पुरुष और एक महिला था। इस घटना में पुलिस ने भूषण लांजेवार को गिरफ्तार किया है और उसकी मेडिकल जांच करवाई गई है।

## आज का राशिफल

**मेष** — निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृषभ** — अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**मिथुन** — अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है।

**कर्क** — दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**सिंह** — मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**कन्या** — संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**तुला** — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**वृश्चिक** — अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**धनु** — शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें।

**मकर** — व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**कुम्भ** — महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**मीन** — प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

### अयोध्या में राम की पैड़ी पर सन्नाटा
## श्रद्धालु 25 जून तक डुबकी नहीं लगा सकेंगे

एजेंसी

**अयोध्या।** भीषण गर्मी में पिकनिक स्पॉट बनी राम की पैड़ी परिसर में अब सन्नाटा पसर गया है। 25 जून तक श्रद्धालु पैड़ी में डुबकी नहीं लगा सकेंगे। कारण यह है कि राम की पैड़ी का अविरल प्रवाह थम गया है। पैड़ी की सिल्ट की सफाई का काम चल रहा है, जिसके चलते पैड़ी के प्रवाह को रोका गया है। भीषण गर्मी में पूरे दिन राम की पैड़ी में डुबकी लगाने वालों का तांता लगा रहता था, लेकिन अब श्रद्धालु यहां आकर मायूस हो रहे हैं। अयोध्या आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं के लिए राम की पैड़ी आकर्षण का केंद्र रही है। जब से राम की पैड़ी अविरल हुई है, पर्यटकों व श्रद्धालुओं को संख्या बढ़ती ही जा रही है। दो साल पहले तक राम की पैड़ी गंदा नाला के रूप में नजर आती थी। 2022 में 40 करोड़ की लागत से इसकी रिमॉडलिंग का कार्य संपन्न किया गया। पहले दो पंप चलते थे अब पंपों की संख्या बढ़ाकर छह कर दी गई है। जिससे राम की पैड़ी का प्रवाह 24 घंटे अविरल रहता है। जो किसी कारण से सरयू में स्नान नहीं कर पाते वे राम की पैड़ी में भी डुबकी लगा लेते हैं क्योंकि पैड़ी में भी सरयू की पावन जलधारा ही प्रवाहित होती है। सरयू नहर खंड के सहायक अभियंता अरुण कुमार ने बताया कि साल भर में एक बार राम की पैड़ी की सफाई की जाती है। पैड़ी में अविरल जल प्रवाह रहे इसलिए छह पंप कैनाल लगाए गए हैं। साल भर पंप चलते हैं इससे पंपों में सिल्ट जम जाती है, इसके अलाव पैड़ी में भी सिल्ट जम जाती है। इसीलिए साल में एक बार पैड़ी की सफाई के लिए पंप बंद किया जाता है। बताया कि सफाई का कार्य पिछले 11 जून से चल रहा है। 25 जून तक सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा।

### चार राज्यों के चुनाव के लिए भाजपा ने प्रदेश चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारियों की नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं सह-प्रभारियों के नामों का ऐलान कर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हरियाणा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड और केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को जम्मू-कश्मीर का प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं, प्रदेश चुनाव सह-प्रभारियों की नियुक्ति की बात करें तो, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को महाराष्ट्र, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को झारखंड और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को हरियाणा का प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की गई है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर करीब आधे घंटे तक गुल रही बिजली

### बोर्डिंग-चेक इन में देरी से यात्री हुए परेशान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को अचानक से कुछ देर के लिए बिजली गुल हो जाने से हंगामा मच गया। बताया गया है कि एयरपोर्ट पर करीब 20 से 30 मिनट के लिए बिजली गुल हो गई, जिससे यहां बोर्डिंग से लेकर चेक-इन तक में समस्या पैदा हो गई। इससे यात्री परेशान हो गए। एयरपोर्ट पर यह दिक्कत अचानक क्यों आई, यह अभी साफ नहीं है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से अंधेरा छा गया। साथ ही फ्लाइट ऑपरेशन सहित एयरपोर्ट का पूरा सिस्टम ठप्प हो गया। इतना ही नहीं यात्रियों का पानी सहित जरूरी चीजों की समस्याओं से भी जूझना पड़ा।



### एयरपोर्ट पर कई अहम ऑपरेशन ठप हुए

सूत्रों के मुताबिक, अचानक बिजली जाने से एयरलाइंस चेक इन सिस्टम, सुरक्षा जांच के लिए इस्तेमाल होने वाले डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी), इमीग्रेशन ब्यूरो सिस्टम सहित एयरोब्रिज का ऑपरेशन ठप्प हो गया। कुछ मिनटों के बाद बिजली की आपूर्ति को बहाल कर दिया गया, लेकिन इन सिस्टम को दोबारा रिस्टार्ट होने में काफी समय लग गया।

### यूजर्स ने सोशल मीडिया पर की शिकायत

गौरव कुमार नाम के एक यूजर ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि बिजली जाने से बोर्डिंग और चेक-इन में समस्या आ रही है। बीते 30 मिनट से आईजीआई पर पावर कट हुआ है। इससे दिल्ली एयरपोर्ट में बोर्डिंग पर प्रभाव पड़ा है।

## बिहार में भीषण गर्मी के कारण 8वीं कक्षा तक सभी स्कूल बंद

### पटना और गया के डीएम ने जारी किया आदेश

एजेंसी

**पटना/ गया।** बिहार में झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। आसमान से आग बरस रहे हैं। पटना समेत कई जिलों में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। कई लोग लू लगने से बीमार पड़ रहे हैं। पटना और गया में प्रचंड गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन सभी स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि 18 और 19 जून तक उष्ण लहर की स्थिति बने रहने की सूचना मिली है। इसलिए 19 जून तक सभी स्कूल में आठवीं कक्षा तक अवकाश घोषित कर दिया गया है।





### शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगाई गई

पटना के डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि उष्ण लहर के कारण छात्रों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए आठवीं कक्षा तक स्कूल में पढ़ाई 19 जून तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। इस अवधि में अपने कार्यालय कार्य कर सकते हैं। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से कक्षाओं के संचालन की छूट होगी। 19 जून तक प्रभावी रहेगा।

### गया के स्कूल भी 19 जून तक बंद रहेंगे

वहीं गया के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने 18 जून से 19 जून तक जिले के सभी सरकारी एव निजी विद्यालयों के वर्ग एक से आठ कक्षा तक पठन पाठन कार्य को बंद कराने का आदेश दिया है। साथ ही सभी कोचिंग संस्थानों को भी बन्द रखने का आदेश दिया है। सभी आंगनबाड़ी सेन्टर भी उक्त अवधि तक बन्द रहेंगे। जिला पदाधिकारी गया ने जिलेवासियों से अपील किया है कि आपदा विभाग द्वारा हीट वेव को लेकर जारी किए गए एडवाइजरी को पूरी तरह पालन करें।

### नीट पेपर लीक मामले में ईओयू का बड़ा दावा
## मूल प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं करा रहा एनटीए

एजेंसी

**पटना।** बिहार सरकार की जांच एजेंसी आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने नीट पेपर लीक मामले में बड़ा दावा किया है। ईओयू ने सोमवार को कहा है कि उसे अभी तक एनटीए की ओर से परीक्षा की मूल प्रश्नपत्र की प्रति नहीं भेजी गई है। इस वजह से ईओयू इस मामले की जांच को आगे नहीं बढ़ा पा रहा है। ओयू की ओर से एनटीए को अबतक तीन बार रिमाइंडर भेजा जा चुका है लेकिन प्रश्नपत्र की प्रति उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसको लेकर जांच में शामिल अधिकारी भी हैरान हैं। ईओयू के अनुसार 18-19 जून को 9 परीक्षार्थियों से अलग-अलग पूछताछ किए जाने के लिए प्रश्नावली तैयार की गयी है। यह जानकारी ली जायेगी कि परीक्षार्थियों के अभिभावकों से क्या पहले ही ब्लैंक चेक ले लिया गया था। पूछताछ के दौरान उनके द्वारा परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाने की तिथि से लेकर परीक्षा देने के दिन तक की सभी गतिविधियों की जानकारी ली जाएगी। इसके अलावा नीट परीक्षा को लेकर उन्हें किन-किन स्रोतों से क्या-क्या मदद मिली है, इसको लेकर भी पूछताछ की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इन सभी नौ परीक्षार्थियों को ईओयू द्वारा नोटिस जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। नीट पेपर लीक मामले में चार परीक्षार्थियों एवं छह परीक्षा माफियाओं को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा चुकी है। इसमें कई अहम जानकारियां भी इन लोगों ने पुलिस को दी है।

## आज के मैच

वेस्ट इंडीज VS अफगानिस्तान

समय : 06:00 बजे | स्थान : सेंट लूशिया

## एक नजर

### नीदरलैंड्स के साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)।** टी 20 विश्व कप में श्रीलंका के हाथों 83 रन की हार के साथ नीदरलैंड्स का अभियान समाप्त होने के कुछ देर बाद साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन ने एक बयान में यह जानकारी दी। साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट 1988 में दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग में जन्मे थे। उन्होंने नीदरलैंड्स के लिए अपना अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण 35 साल की उम्र में 2023 में किया था। वह 2008 में पुरुष अंडर 19 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के लिए खेले थे जहां उन्होंने जोंटी रोड्स शैली में युवा विराट कोहली का बेहतरीन अंदाज में कैच लपका था।

### पांड्या और पंत का प्रदर्शन भारत के लिए सबसे सकारात्मक पहलू : हरभजन सिंह

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि हार्दिक पांड्या का उम्मीद से बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और ऋषभ पंत का तीसरे नंबर पर बल्ले से उपयोगी योगदान टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीजों में शामिल हैं। भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। कनाडा के खिलाफ टीम का आखिरी मैच गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया था। हरभजन ने कहा, टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि हार्दिक पांड्या विकेट चटका रहे हैं। अगर आप उनके विकेटों की संख्या पर नजर डालें तो उन्होंने उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है।'



# सुपर-8 की तैयारी करने उतरेंगे वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान

## 03 मैच दोनों टीमें जीत चुकी हैं

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)।** टी20 विश्व कप 2024 का अंतिम ग्रुप मुकाबला मेजबान वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच सेंट लूसिया के ग्रॉस आइलेट मैदान पर खेला जाएगा। भारतीय समयानुसार यह मुकाबला मंगलवार को सुबह छह बजे खेला जाएगा। दोनों टीमें ग्रुप मुकाबलों में अपने तीनों मैच जीतकर आ रही हैं, इसलिए उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है और यह मुकाबला रोमांचक हो सकता है।

### क्या राशिद खान वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने फॉर्म को सुधार पाएंगे?

वहीं अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान के नाम इस विश्व कप के तीन मैचों में छह विकेट हैं। वह बीच के ओवरों में आते हैं और विपक्षी टीम की रीढ़ ही तोड़ देते हैं। हालांकि वेस्टइंडीज के खिलाफ उनका रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है और उन्होंने इस टीम के खिलाफ आठ टी20 मैचों में सिर्फ.नौ विकेट लिए हैं। वेस्टइंडीज उन चार अंतर्राष्ट्रीय टीमों में से है, जिनके खिलाफ राशिद का औसत भी 20 से अधिक हो जाता है। वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाजी क्रम को देखते हुए राशिद इस मैच में अपने रिकॉर्ड को सुधार सकते हैं।

वेस्टइंडीजः रोवमन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उपकप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रॉस्टन चेज, शिमरॉन हेटमायर, शमार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), शाई होप, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, ओबेद मकॉए, अकील हुसैन, गुडाकेश मोती, शर्फेन रदरफोर्ड

अफगानिस्तानः राशिद खान (कप्तान), रहमानउल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, मोहम्मद इशाक, अजमतउल्लाह ओमरजाई, करीम जनत, गुलबदीन नईब, नजीबउल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, नवीन उल हक, नांगेलिया खरोटे, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, मुजीब उर रहमान

### कप्तानी के बारे में निर्णय पीसीबी को लेना है, मुझे नहीं : बाबर आजम



**लौडरहिल।** टी 20 विश्व कप से ग्रुप चरण में पाकिस्तान के बाहर होने के बाद बाबर आजम के पाकिस्तान का कप्तान बने रहने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि बाबर ने कहा कि वह इस संबंध में वह कोई भी निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ पाकिस्तान के वर्ल्ड कप अभियान की समीक्षा के लिए होने वाली मीटिंग के बाद ही लेंगे।

बाबर ने कहा, जब मैंने कप्तानी छोड़ी थी, तब मुझे यही लगा था कि मुझे आगे कप्तानी नहीं करनी चाहिए और इसीलिए मैंने खुद ही कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद मुझे वापस कप्तानी दे दी गई और यह पीसीबी का निर्णय था। जब मैं वापस जाऊंगा तब जो भी चीजें यहां घटित हुई हैं उनके ऊपर बोर्ड के साथ चर्चा करूंगा और अगर मुझे कप्तानी छोड़नी पड़ी तो मैं सार्वजनिक तौर पर इसकी घोषणा करूंगा।

# मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल संघ समिति गठित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल संघ समिति सोमवार को गठित की गई। साथ ही खेलों का प्रशिक्षण सुचारू रूप से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में पहले की तरह शुरू करने का निर्णय लिया गया। कुछ खेलों का प्रशिक्षण चल भी रहा है। इसके लिए सभी की अनुमति से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर खेल संघ की एक समिति का गठन किया गया। इसमें सभी के सहयोग से हमेशा हर सप्ताह किसी न किसी खेल का एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता कराते रहने का निर्णय भी लिया गया। इससे सभी खेल का और खिलाड़ियों का विकास हो सके। बैठक में सभी के सर्वसम्मति से संरक्षक आशुतोष द्विवेदी, अरुण कुमार, राजेंद्र प्रसाद, गोविंद झा, मिथलेश कुमार सिंह, अजय वर्मा, रिंकू वर्मा को बनाया गया है। दीपक वर्मा को अध्यक्ष, गौतम सिंह, गणेश कुमार गुप्ता,नीरज वर्मा, संतु कुमार, आचार्य प्रहलाद, ऋषि केश लाल को उपाध्यक्ष, चंदन कुमार, पंकज जोसेफ को सह सचिव बनाया गया है। अंश वर्मा को सह सचिव, सचिन लोहार को सह कार्यालय प्रभारी और शमा टोप्पो को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में किक बॉक्सिंग, कराटे, चॉकबॉल, कॉर्फबॉल, टेनिस वॉलीबॉल, ताइक्वांडो, बास्केटबॉल, वुडबॉल, नेटबॉल, थ्रो बॉल, मिक्सड नेटबॉल, फुटबॉल, योग सहित अन्य खेल संघ के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

द्वितीय राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम

# झारखंड के विकास कुमार गोपे को मिला तीसरा स्थान, जीता यूरोप का टिकट




**रांची।** राष्ट्रीय योगासन कोच का प्रशिक्षण वर्ग एन एस एन आई एस पटियाला में किया गया। इसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि अफ्रीका महाद्वीपीय समन्वयकजयराम ठक्कर रहे। साथ ही साथ अफ्रीकी महाद्वीपीय अंतर्राष्ट्रीय योगा एंबेसडर मॉरिस मैक्स ने भी इस समापन समारोह में शिरकत की, योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्या द्वारा प्रथम 6 स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए प्रशिक्षकों में झारखंड के विकास कुमार गोपे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्हें पुरस्कार के रूप में यूरोप जाने का टिकट दिया गया। साथ ही साथ इन्होंने तीन अन्य श्रेणियों में भी पुरस्कार जीते। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष संजय सिंह महासचिव विपिन कुमार पांडे राची जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दी बधाई।

# नीरज चोपड़ा ओलंपिक की तैयारी फिर से शुरू करने के लिए तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चोट से उबरने के लिए थोड़े समय के ब्रेक पर जाने के बाद ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को यहां पावो नूरमी खेलों में कई बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धी मुकाबले में वापसी करेंगे।



26 वर्षीय सुपरस्टार, जो इस स्पर्धा में एकमात्र भारतीय हैं, का मुकाबला जर्मनी के किशोर खिलाड़ी मैक्स डेहिंग से होगा, जो प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब के सबसे युवा सदस्य हैं, जिसमें चोपड़ा प्रवेश करना चाहते हैं। 19 वर्षीय खिलाड़ी को चोपड़ा के लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है, जब वह पेरिस में टोक्यो खेलों में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करेंगे।

### पेरिस ओलंपिक टीम में यदि मैं चुना गया तो यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व की बात होगी : जरमनप्रीत सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के लिए 106 मैच खेलने वाले डिफेंडर जरमनप्रीत सिंह ने ब्रेडा में 2018 पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में पदार्पण किया, जहां भारत दूसरे स्थान पर रहा। तब से, उन्होंने देश के लिए कई पुरस्कार अर्जित किए हैं, जिसमें मस्कट, ओमान में 2018 पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण जीतना और बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतना शामिल है। जरमनप्रीत ने 2023 में हांग्जो में एशियाई खेलों में भारतीय हॉकी टीम के साथ स्वर्ण पदक भी जीता।27 वर्षीय खिलाड़ी हाल ही में एंटवर्प और लंदन में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में शानदार प्रदर्शन करके लौटे हैं, जहाँ उन्हें 24 मई को भारत और बेल्जियम के बीच हुए मैच में अपना 100वाँ अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का सम्मान मिला था। 1 जून को जब भारत ने जर्मनी को 3-0 से हराया था, तब उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था, जिसमें उनके दाहिने फ़्लैंक पर लगातार खतरे और गुरजंत सिंह को गोल करने में मदद करने वाले एक शानदार असिस्ट के अलावा उनके अथक रक्षात्मक कर्तव्यों का भी योगदान था।

# सुपर 8 का शेड्यूल हुआ जारी

## भारत का पहला मुकाबला 20 जून को

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की नेपाल पर जीत के बाद टी20 विश्व कप के सुपर 8 में क्वालीफाई करने के साथ ही सुपर-8 का शेड्यूल भी साफ हो गया है। सुपर 8 में दो ग्रप हैं जिसमें 4-4 टीमें हैं। प्रत्येक टीम को अपने ग्रुप की टीमों से एक-एक मैच खेलना है जिसके बाद चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

**सुपर-8 में पहुंचने वाली टीमें**

- **ग्रुप-ए :** भारत, अमेरिका (USA)
- **ग्रुप-बी :** ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड
- **ग्रुप-सी :** अफगानिस्तान, वेस्टइंडीज
- **ग्रुप-डी :** साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश

**सुपर-8 के ग्रुप**

- **ग्रुप-1 : भारत, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, अफगानिस्तान**
- **ग्रुप-2 : यूएसए, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका**

**सुपर-8 मैचों का शेड्यूल**

19 जून : यूएसए बनाम साउथ अफ्रीका, एंटीगा, रात 8 बजे
20 जून : इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज, सेंट लूसिया, सुबह 6 बजे
20 जूनः अफगानिस्तान बनाम भारत, बारबाडोस, रात 8 बजे
21 जूनः ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश, एंटीगा, सुबह 6 बजे
21 जूनः इंग्लैंड बनाम साउथ अफ्रीका, सेंट लूसिया, रात 8 बजे
22 जूनः यूएसए बनाम वेस्टइंडीज, बारबाडोस, सुबह 6 बजे
22 जूनः भारत बनाम बांग्लादेश, एंटीगा, रात 8 बजे
23 जूनः अफगानिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया, सेंट विंसेंट, सुबह 6 बजे
23 जूनः यूएसए बनाम इंग्लैंड, बारबाडोस, रात 8 बजे
24 जूनः वेस्टइंडीज बनाम साउथ अफ्रीका, एंटीगा, सुबह 6 बजे
24 जूनः ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, सेंट लूसिया, रात 8 बजे
25 जूनः अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश, सेंट विंसेंट, सुबह 6 बजे
27 जूनः सेमीफाइनल 1, गुयाना, सुबह 6 बजे
27 जूनः सेमीफाइनल 2, त्रिनिदाद, रात 8 बजे
29 जूनः फाइनल, बारबाडोस, रात 8 बजे

### यूरो 2024 : इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया

**गेल्सेनकिर्चेन (जर्मनी)।** इंग्लैंड ने अपने यूरो 2024 अभियान की शुरूआत जूड बेलिंगहैम के हैडर की बदौलत एरेना औफशाल्के में ग्रुप सी में सर्बिया के खिलाफ 1-0 की करीबी जीत के साथ की। इंग्लैंड ने आशाजनक शुरूआत की, विरोधियों के खिलाफ शुरूआती कब्जे का भरपूर आनंद लिया। काइल वॉकर ने बुकायो साका को एक सटीक पास दिया, जिसका दाहिनी ओर से क्रॉस स्ट्रहिंजा पावलोविच से टकरा गया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### मस्क की एक्स ने मई में भारत में दो लाख से अधिक खातों पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी एक्स ने 26 अप्रैल से 25 मई के बीच भारत में 2,29,925 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। इनमें से अधिकतर बाल यौन शोषण और नग्नता को बढ़ावा देने वाले थे। उथल-पुथल से गुजर रहे माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने पर 967 खातों को भी हटा दिया। कुल मिलाकर, एक्स ने 230,892 खातों पर प्रतिबंध लगाया। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि उसे भारत में यूजर्स से 17,580 शिकायतें मिलीं। खाता निलंबन की अपील करने वाली 76 शिकायतों पर कंपनी ने कार्रवाई की। कंपनी ने कहा, हमें इस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान खातों के बारे में सामान्य प्रश्नों से संबंधित 31 अनुरोध प्राप्त हुए। भारत से सबसे अधिक शिकायतें प्रतिबंध से बचने (6,881) के बारे में थीं, इसके बाद घृणित आचरण (3,763), संवेदनशील वयस्क सामग्री (3,205) और दुर्व्यवहार/उत्पीड़न (2,815) के बारे में थीं।

### भारत में आईपीओ की खबर से दक्षिण कोरिया में उछले हुंडई के शेयर

**सोल।** भारत में आईपीओ लाने की पुष्टि के बाद दक्षिण कोरिया की अग्रणी कार निमार्ता कंपनी हुंडई मोटर से शेयरों में छह प्रतिशत के अधिक का उछाल दर्ज किया गया है। दक्षिण कोरिया में सोमवार को शेयर बाजार खुलने के कुछ ही देर बाद कंपनी के शेयर 6.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,85,000 वॉन (लगभग 206 डॉलर) पर पहुंच गये जो इसका 52 सप्ताह का नया उच्चतम स्तर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय समय के अनुसार सुबह 10.30 बजे तक इसकी बढ़त में थोड़ी कमी आई और यह 2,79,000 वॉन पर आ गया। इससे पहले हुंडई मोटर ने आज एक नियामक फाइलिंग में बताया कि उसकी भारतीय इकाई ने भारतीय नियामकों के पास आईपीओ के लिए आवेदन दिया है। उसने कहा कि नियामक द्वारा आवेदन की समीक्षा के बाद कंपनी के भारतीय शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने पर फैसला होगा। हुंडई मोटर इंडिया ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए प्रारूप रेड हेरिंग दस्तावेज जमा कराए हैं।

# अदाणी समूह भूटान में 570 मेगावाट के ग्रीन हाइड्रो प्लांट का करेगा निर्माण : गौतम अदाणी



- गौतम अदाणी ने कहा, राजा से मिलकर मैंने खुद को सम्मानित महसूस किया
- भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे के साथ मुलाकात बहुत ही रोमांचक रही
- पिछले साल नवंबर में गौतम अदाणी ने राजा से मुलाकात की थी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को भूटान में 570 मेगावाट के ग्रीन हाइड्रो प्लांट के निर्माण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर की घोषणा की। साथ ही पड़ोसी देश में बुनियादी ढांचे के विकास में भी सहयोग करने की बात कही।

गौतम अदाणी ने थिम्पू में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे के साथ मुलाकात बहुत ही रोमांचक रही। चुखा प्रांत में 570 मेगावाट के हरित हाइड्रो प्लांट के लिए ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीजीपीसी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा, महामहिम राजा के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए और पूरे देश में व्यापक बुनियादी ढांचे की पहल को आगे बढ़ाते हुए पीएम भूटान को देखना सराहनीय है।

अदाणी समूह भूटान में हाइड्रो और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है। गौतम अदाणी ने आगे कहा कि राजा से मिलकर उन्होंने खुद को सम्मानित महसूस किया और भूटान के लिए उनके दृष्टिकोण और बड़े कंप्यूटिंग केंद्रों व डेटा सुविधाओं सहित गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी के लिए महत्वाकांक्षी पर्यावरण-अनुकूल मास्टरप्लान से प्रेरित हुए। उन्होंने कहा, कार्बन नकारात्मक राष्ट्र के लिए हरित ऊर्जा प्रबंधन के साथ-साथ इन परिवर्तनकारी योजनाओं के लिए सहयोग करने को उत्साहित हूं। पिछले साल नवंबर में गौतम अदाणी ने राजा से मुलाकात की थी और कहा था कि वे अपने खुशहाल और गर्मजोशी से भरे पड़ोसी के लिए हरित बुनियादी ढांचे के विकास में योगदान देने के लिए अदाणी समूह के लिए अवसरों का पता लगाने के लिए उत्साहित हैं।

### एफआईआई ने शेयर बाजार में 11,730 करोड़ रुपये का किया निवेश

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से पिछले कुछ महीने से लगातार बिकवाली की जा रही थी, लेकिन बीते हफ्ते इस ट्रेंड में बदलाव देखने को मिला है। 14 जून को समाप्त हुए हफ्ते में एफआईआई की ओर से कुल 11,730 करोड़ रुपये का निवेश भारतीय बाजारों में किया गया है। बता दें, मई में एफआईआई की ओर से 40,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिकवाली की गई थी। यह एफआईआई द्वारा 2024 के किसी एक महीने में की गई बिकवाली का सबसे बड़ा आंकड़ा था। लोकसभा चुनाव के कारण शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के चलते एफआईआई ने 3 जून से लेकर 7 जून के बीच 14,794 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। इस वजह से जून का एफआईआई आउटफ्लो 3,064 करोड़ रुपये पर है।

# ओयो 2.5 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर जुटाएगा 125 मिलियन डॉलर की पूंजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बजट होटल चेन चलाने वाली कंपनी ओयो की ओर से 2.5 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर 100 से लेकर 125 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया जा रहा है।

सोमवार को सूत्रों के हवाले से बताया गया कि बजट होटल चेन की ओर से 100 अरब डॉलर से लेकर 125 अरब डॉलर की राशि जुटाई जा रही है और कंपनी ने इसके लिए अपना वैल्यूएशन कम करके 2.5 अरब डॉलर कर दिया है। इस रिपोर्ट पर ओयो की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

पिछले महीने कंपनी की ओर से भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दोबारा से जमा कराए गए आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) के पेपर में कहा गया कि कंपनी ने अपने 450 मिलियन डॉलर के टर्म लोन बी (टीएलबी) को दोबारा से कम ब्याज दर पर रिफाइनेंस कराया है। कंपनी के इस कदम से पहले साल 8 से 10 मिलियन डॉलर की राशि बचेगी। इसके बाद 15 से 17 मिलियन डॉलर की राशि की बचत करने में मदद मिलेगी।

ओयो के संस्थापक और सीईओ, रितेश अग्रवाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने पहली बार 100 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है।

अग्रवाल ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हम लगातार आठ तिमाहियों से सकारात्मक ईबीआईटीडीए पोस्ट कर रहे हैं और कंपनी की बैलेंस शीट में 1,000 करोड़ रुपये का कैश मौजूद है।

मुझे पूरा विश्वास है कि वित्त वर्ष 25 और भी अच्छा होगा।

# भारतीय कंपनियां बदलाव के लिए अपना रहीं डिजिटल ट्विन टेक्नोलॉजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

90 प्रतिशत कंपनियों का मानना है कि डिजिटल और वर्चुअल ट्विन टेक्नोलॉजी ग्रोथ में मदद कर सकती है। सोमवार को आई एक रिपोर्ट में ये दावा किया गया।

सरकार की ओर से 'डिजिटल ट्विन' टेक्नोलॉजी अपनाने को लेकर जोर दिया जा रहा है। डसॉल्ट सिस्टम्स और नैसकॉम की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया कि प्रोडक्ट और प्रोसेस स्तर पर 45 प्रतिशत 'वर्चुअल ट्विन' अगले 12 से 45 महीनों में डिप्लॉय हो जाएंगे। भारत में 'वर्चुअल ट्विन' ग्रोथ में बड़ी भूमिका निभा सकता है। इससे वैल्यू चेन को और अधिक किफायती बनाया जा सकता है।

भारत में 33 प्रतिशत वर्चुअल ट्विन इनिशिएटिव लाइफ साइंस की ओर से लिए जा रहे हैं। इसका अन्य इडस्ट्री में औसत 22 प्रतिशत है। रिपोर्ट के मुताबिक, 63 प्रतिशत कंपनियां वर्चुअल ट्विन को प्रोडक्ट और प्रोसेस स्तर पर डिप्लॉय कर रही हैं।

नैसकॉम के सीनियर वाइस प्रोसिडेंट और चीफ स्ट्रेटेजी ऑफिसर, संगीता गुप्ता का कहना है कि बजट सीमित होने के कारण पूर्ण पैमाने पर इसका कार्यान्वन सीमित है। यह संपत्तियों और प्रोसेस पर ध्यान केंद्रित करके वृद्धि के अवसर उपलब्ध कराता है।

उन्होंने आगे कहा कि सॉफ्टवेयर पाने की बाधाओं को दूर करने, शीर्ष स्तर की प्रतिबद्धता बढ़ाने और इकोसिस्टम में तालमेल बैठाने से नए इनोवेशन को अनलॉक किया जा सकता है। इसके इंडस्ट्री को अधिक कुशल और भविष्य के लिए डिजिटली एकीकृत बनाया जा सकता है। सरकार की ओर से 'संगम : डिजिटल ट्विन' इनिशिएटिव को लॉन्च किया जा चुका है। इसकी मदद से फिजिकल एसेट्स का डिजिटल अवतार क्रिएट किया जा सकता है।

### आर्यना सबालेंका स्वास्थ्य कारणों से पेरिस ओलंपिक से हटी

**बर्लिन।** विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका स्वास्थ्य कारणों और हार्ड कोर्ट पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से आगामी पेरिस ओलंपिक से हट गयी हैं। 26 वर्षीय मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन पिछले महीने फ्रेंच ओपन में रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा से हारकर क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गईं। सबालेंका ने बर्लिन लेडीज ओपन में संवाददाताओं से कहा, विशेष रूप से उन सभी संघर्षों के साथ, जिनसे मैं पिछले महीनों में जूझ रही हूं, मुझे लगता है कि मुझे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। शेड्यूल के हिसाब से यह बहुत ज्यादा है और मैंने अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने का फैसला किया है।

# अमूल ने आइस्क्रीम से कनखजूरा मिलने की शिकायत के बाद जांच के लिए उत्पाद वापस मांगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अब अमूल के आइसक्रीम में कनखजूरा निकलने का मामला सामने आया है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद कंपनी ने नोएडा में रहने वाले उस महिला ग्राहक से आइसक्रीम का टब वापस करने का अनुरोध किया है, ताकि उसकी गहन जांच की जा सके। महिला ने दावा किया था कि उसे आइसक्रीम से कनखजूरा मिला है।

अमूल ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा है कि वो इस मामले की पूरी जांच कराना चाहती हैं। नोएडा में महिला ग्राहक को हुई असुविधा पर खेद व्यक्त किया है। अमूल ब्रांड के तहत दुग्ध उत्पादों का विपणन करने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) ने अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि वह भारत और वैश्विक बाजारों में बेहतर गुणवत्ता वाले दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है। इस बीच नोएडा के खाद्य सुरक्षा विभाग ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।



गौरतलब है कि नोएडा में एक महिला ने दावा किया है कि उसने एक इंस्टेंट डिलीवरी एप के जरिए आइसक्रीम मंगवाई थी, जिसके अंदर उसे एक कनखजूरा मिला है। दरअसल नोएडा निवासी दीपा देवी नाम की ग्राहक ने 15 जून को अपने बच्चों के लिए ब्लिंकिट से ऑनलाइन आइसक्रीम आर्डर की थी। उन्होंने अमूल कंपनी का वानिला मैजिक फ्लेवर आइस्क्रीम 195 रुपये की मंगवाई थी। आर्डर आने के बाद जब उन्होंने उसे खोलकर देखा तो उसके अंदर कनखजूरा रेंगता हुआ दिखाई दिया।

### विधानसभा की तैयारी में जुटा आजसू, पांच माह का रोड मैप जारी

# खोखले वादों से जनता को गुमराह कर रही राज्य सरकार : सुदेश महतो

**ब्यूरो रिपोर्ट । रांची**

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। आजसू नेता ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अब विधानसभा चुनाव में राज्य सरकार की विदाई का समय है। जाते-जाते राज्य सरकार खोखले वादे करके जनता के साथ भद्दा मजाक कर रही है। स्थानीय नीति,नियोजन और विस्थापन को लेकर युवाओं और आमलोगों को गुमराह कर रही है। बना किसी आंकड़ा के आरक्षण की घोषणा करना सिर्फ जनता का आईवाश और मीडिया इवेंट के लिए है। सुदेश ने कहा कि उनके गठबंधन के नेता जातीय जनगणना की बात करते हैं,यहां उनकी सरकार है, फिर उन्हें जातीय जनगणना कराने से किसने रोका है। आजसू नेता सुदेश महतो सोमवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विधानसभा चुनाव की तैयारी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी अगले कुछ माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एक्टिव मोड में आ गयी है। लोकसभा चुनाव के बाद अब यहां विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में आने वाले समय को देखते हुए पार्टी ने अगले पांच माह का रोड मैप तैयार किया है। सुदेश महतो ने बताया कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में पार्टी को लगातार दूसरी बार जीत मिली है, इसके लिए जनता का आभार जताने के लिए गिरिडीह क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र में तीन दिन 18-20 जून तक आभार यात्रा निकाली जाएंगी, जिसमें वे खुद शामिल होंगे। 22 जून को पार्टी के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस दिन पार्टी का स्थापना दिवस है जिसे बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जबकि 26 जून से जुलाई के अंत तक पार्टी के विधानसभावार ग्राम प्रभारी, जिला प्रभारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा।



**16 अगस्त से 2 अक्टूबर तक सुदेश करेंगे पदयात्रा**

सुदेश महतो ने कहा कि 30 जून हूल दिवस है जिसे सभी विधानसभा क्षेत्र में मनाया जाएगा। उसके बाद अगस्त महीने की 8 तारीख को पार्टी के संस्थापक निर्मल महतो शहादत दिवस है, उस दिन रांची के मोरहाबादी मैदान में संकल्प दिवस मनाया जाएगा, जिसमें राज्य के लाखों युवा शामिल होंगे । 9 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस और आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। 16 अगस्त से दो अक्टूबर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में पदयात्रा होगी। इसी दौरान हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 100 पौधे लगाए जाएंगे।

सुदेश महतो ने कहा कि आरक्षण, सरना धर्म कोड और अन्य विषयों पर हम सरकार के साथ खड़े रहे, लेकिन सरकार गुमराह ही करती रही। जिसकी जितनी आबादी, उतनी भागीदारी होनी चाहिए। आजसू नेता ने कहा कि राज्य सरकार दलित समाज के लोगों को पसंद नहीं करती है, इसलिए कैबिनेट में 12 वां मंत्री का पद खाली होने के बावजूद नहीं भरा जा रहा है।

# मजबूर सरकार के सामने मजबूत विपक्ष बनेगा इंडी गठबंधन : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने जनता समझ रही थी कि भाजपा फिर अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए चुनाव में धर्म का व्यापार करने में लगी है। इसलिए सिर्फ अयोध्या ही नहीं, बल्कि पूरे देश की जनता ने चुनाव में धर्म के प्रवेश को बंद कर मूल मुद्दों को सामने रखा जिसके कारण भाजपा की इतनी बुरी हालत हो गई है। जनता ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की बातों और घोषणाओं पर पूरा भरोसा जताया है। लेकिन हम चंद कदम पीछे रह गए। जनमत का सम्मान है, संसद में जनता की आवाज इंडिया गठबंधन के सांसद मजबूती से बनेंगें। तानाशाह के फैसले अब लागू नहीं होंगे। मजबूर सरकार के सामने मजबूत विपक्ष है। प्रदेश प्रवक्ता भाजपा पर निशाना साधते कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों की बात करती है और जनता ने पूरे चुनाव में सारी बातों को देखा सुना और फैसला किया। लोकसभा चुनाव में नफरती भाषणों का दौर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाया गया, संविधान बदलने के नाम पर वोट भाजपा के नेताओं ने मांगा, ओबीसी आरक्षण और जातिगत जनगणना के नाम पर भाजपा चुप्पी साधे रही, जनता ने उनके मंशो को समझ लिया था। भाजपा हमेशा एक छुपे एजेंडे पर काम करती है उसके नेताओं के साथ मुख में राम और बगल में छुरी वाली कहावत सार्थक सिद्ध होती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर कहा कि देश की जनता को 15 लाख देने का झांसा देकर भाजपा ने 10 वर्षों तक इस देश में शासन किया। उनके आका पीएम मोदी ने देश में उद्योगपतियों और अधिकारियों के संगठित समूह को संरक्षण प्रदान कर तानाशाही रवैये से शासन किया। जिसका जवाब जनता ने दिया और उन्हें घुटनों पर ला दिया और उन्हें संविधान के ताकत की पहचान करा दी। झारखंड में बाबूलाल मरांडी की दाल गलने वाली नहीं है। आदिवासी समुदाय ने इन्हें सिरे से खारिज कर दिया है,जिसकी टीस इन्हें चैन से सोने नहीं दे रही।



# वित्त मंत्री ने जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के धुर्वा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने सोमवार को पूजा-अर्चना की। इस दौरान रथ मेला की तैयारियों की समीक्षा भी की। मंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्होंने भगवान जगन्नाथ से अच्छी बारिश के लिए भी प्रार्थना की है ताकि किसानों सहित आम जनजीवन को भी राहत मिल सके। उरांव ने कहा कि इस बार भी रथ मेला का आयोजन पुरानी परंपरा और भव्यता के साथ होगा। इसके लिए राज्य सरकार सभी आवश्यक सहयोग करेगी। रथ यात्रा का धार्मिक महत्व के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व भी है। सात जुलाई को आयोजित रथ यात्रा सह मेला में राज्य के कोने-कोने से एवं दूसरे प्रदेशों से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु आयेंगे। मंत्री ने रथ मेला की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने रथ यात्रा की तैयारी में लगे स्थानीय कारीगरों से भी मुलाकात की और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। निर्माण हो रहे रथ के कार्यों पर भी संतोष जाहिर किया। इस दौरान आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता (छोटू) ने भी भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया।



### शिवराज और हेमंत विश्व शरमा का प्रदेश भाजपा ने किया स्वागत

# चुनाव प्रभारी के मार्गदर्शन में बनेगी डबल इंजन की सरकार : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है। केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश के चुनाव प्रभारी और असम सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शरमा सह प्रभारी बनाए गए हैं। प्रदेश भाजपा ने दोनों नियुक्तियों का स्वागत और अभिनंदन किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दोनों नेता अनुभवी ,परिश्रमी और कुशल संगठनकर्ता हैं। मरांडी ने कहा कि शिवराज सिंह और हेमंत विश्व शरमा ने झारखंड के लोकसभा चुनाव में भी खूब पसीना बहाया है। तपती गर्मी में कई सभाओं को संबोधित किया। बाबूलाल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में इनके अनुभवों,कार्य कुशलता और प्रत्यक्ष मार्गदर्शन का लाभ पार्टी को मिलेगा।बाबूलाल ने कहा कि चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी के मार्गदर्शन में भाजपा प्रदेश की भ्रष्ट , निकम्मी ठगबंधन सरकार को उखाड़ फेंकते हुए प्रदेश में मजबूत डबल इंजन सरकार बनाएगी। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। जनता ने लोकसभा चुनाव में ही इंडी एलायंस को सबक सीखा चुकी है। उन्होंने कहा कि शिवराज जी एवम हेमंत विश्व शरमा के मार्गदर्शन में पार्टी रिकॉर्ड मतों से प्रदेश में सरकार बनाएगी। स्वागत करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,मनोज सिंह सहित अन्य शामिल हैं।



# इरफान का मंत्री व बन्ना का विधायक दल का नेता बनना लगभग तय, घोषणा इसी सप्ताह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के जेल जाने के बाद उनके दोनों को लेकर राजनीति गलियारों में कई तरह के चर्चे तैर रहे हैं। मंत्री पद को लेकर जहां कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और विधायक दल के नेता के रूप में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का नाम लगभग तय है, लेकिन अभी कांग्रेस की ओर से अभी किसी तरह की कोई अधिकारिक नहीं की गई है। अगले दो-तीन दिन में दोनों के नाम की घोषणा करने की पूरी उम्मीद है। गौरतलब है कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम अल्पसंख्यक कोटे से मंत्री बने थे, इसलिए उनके स्थान पर किसी अल्पसंख्यक कोटे के विधायक को ही मंत्री दिया जाना है, जिसमें जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी का दावा सबसे मजबूत है। वहीं विधायक दल के नेता के रूप में पहले प्रदीप यादव का नाम सामने आया, लेकिन तकनीकी कारणों से उनका दावा कमजोर पड़ गया। चूंकि वे जेवीएम के टिकट पर चुनाव जीते थे, इसलिए उनके नाम पर कई विधायकों ने आपत्ति दर्ज की थी। फिर रामेश्वर उरावं के नाम पर भी चर्चा हुई, लेकिन चुनाव में पिछड़ों की नाराजगी को देखते हुए बन्ना गुप्ता के नाम को आगे किया गया, ताकि विधानसभा चुनाव में पिछड़ें वर्ग को साधा जा सकें।



**कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिंहा ने कहा कि सभी विधायकों से राय लेने के बाद राष्ट्रीय नेतृत्व को दोनों का नाम भेज दिया गया है। आलाकमान से निर्देश मिलने के बाद नामों की घोषणा कर दी जाएगी। उम्मीद है कि दो-तीन दिनों में सब कुछ साफ हो जाएगा।**

## न्यूज बॉक्स

### कंचनजंगा एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर विस अध्यक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष ने जताया शोक

**रांची।** झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सिलीगुड़ी से कोलकाता के बीच चलने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर दुख प्रकट किया है । दुर्घटना में मारे जाने वाले लोगों एवं घायलों के परिवार जनों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। अध्यक्ष ने कहा कि यह ट्रेन अपने प्रस्थान और गन्तव्य की दूरी तय करने के बीच झारखंड के संथाल से जुड़े इलाकों से होकर भी गुजरती है। दुर्घटना में मृतकों के परिवारों एवं दुर्घटनाग्रस्त लोगों के लिए ये बहुत ही दुखद क्षण है।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने भी शोक जताया :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिवारों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को मृत व्यक्तियों के परिवारों तथा घायलों को उचित मुआवजे तथा उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा सरकार के स्तर पर उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रेल हादसे की नैतिक की जिम्मेवारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लेनी चाहिए,उनके कार्यकाल में देश में कई रेल हादसों में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है, जिसके कारण हजारों परिवार उजड़ गए लेकिन रेल मंत्रालय की कार्यप्रणाली में कोई सुधार देखने को नहीं मिला।

# एचईसी में वेतन को लेकर स्थायी कामगारों ने किया टूल डाउन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बकाया वेतन को लेकर एचईसी के स्थायी कर्मचारी पिछले एक साल दस महीनों से आंदोलनरत हैं। लेकिन, वेतन का भुगतान अब तक नहीं हुआ है, और ना ही प्रबंधन की ओर से इस संबंध में कोई पहल की गई है। 1180 स्थायी कामगारों ने सोमवार को एचईसी के निदेशक (कार्मिक) और निदेशक (उत्पादन) का घेराव करते हुए संचालित तीन प्लांटों में टूल्स डाउन का एलान किया। काम नहीं होने से एचईसी को प्रत्येक दिन करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। कामगारों ने अधिकारियों से वेतन के संबंध में एक निश्चित तिथि की घोषणा करने को कहा है। रक्षा राज्य मंत्री बने संजय सेठ के विभाग का लगभग 200 करोड़ रुपये का डिफेंस का अकांक्षा प्रोजेक्ट एचईसी के पास पड़ा हुआ है। एचईसी को अभी बेलआउट पैकेज की जरूरत है। ऐसे में वहां के कामगारों को फिलहाल सांसद संजय सेठ से काफी उम्मीदें बनी हुई हैं। बता दें कि कार्यशील पूंजी की कमी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। क्योंकि, जो खर्च बैंक, बिजली, पानी आदि का है, वे सब दिए जाने हैं। केवल कार्यशील पूंजी की जरूरत है। वर्तमान में एचईसी के पास 1000 करोड़ का काम आया हुआ है।



**एचईसी के पास क्षमता की कमी नहीं : भवन सिंह**

एचईसी में स्थायी और अस्थायी रूप से कुल 3700 कामगार कार्यरत है। उन सभी को पिछले एक साल से अधिक समय से वेतन नहीं दिया गया है। वे सभी कुशल कामगार है और एचईसी मैनेजमेंट से काम का आस लगाए हुए हैं। वेतन नहीं मिलने के साथ काम भी नहीं करने पर कर्मी मानसिक रूप से परेशान हैं। एचईसी बिना अपग्रेड हुए आज भी देश के लिए जरूरी सामानों का निर्माण करती है। पिछले 60 सालों से एचईसी को अपग्रेड का इंतजार रहा है। यहां पर मौजूद पुराने मशीनों से ही काम किया जा रहा हैं।

### एचईसी की क्षमता

**एचईसी के पास कुल 1100 मशीन है, जिसमें 500 मशीने कार्यशील है। लेकिन, महज छह से सात मशीनों पर ही काम हो रहे हैं।**

### 300 करोड़ का हो रहा है नुकसान

**कुशल कामगार होने के साथ सभी मदों में खर्च किए जा रहे हैं। सभी मशीने बंद होने से तकरीबन 300 करोड़ का नुकसान हो रहा है। साल भर बंद पड़े मशीनों को जल्द चालू नहीं किया गया, तो वे भी खराब हो सकते हैं।**

### झारखंड में मौसम ने ली करवट

# कहीं बादल छाए, तो कहीं हुई हल्की बारिश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची समेत कई जिलों में रविवार रात को हल्की बारिश हुई। इसके बाद मौसम में थोड़ा बदलाव आया। रांची समेत कई जिलों में सोमवार सुबह आसमान में बादल छाए रहे। शाम के बाद रांची में ठंडी हवाओं से लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, रामगढ़, बोकारो, गुमला, लोहरदगा, लातेहार में कहीं-कहीं हल्की बारिश ने मौसम को सुहाना कर दिया।

दूसरी ओर, गढ़वा, पलामू और रामगढ़ जिले में कहीं-कहीं तेज लू (हीट वेव) चली। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, 18 जून से 23 जून तक गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इससे अगले 3 दिनों के दौरान राज्य में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है.

मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में 18 जून को गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार में 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। अन्य जिलों में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे हवाओं के साथ वज्रपात हो सकता है। कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने सकती है। 19 से 23 जून तक राज्य के सभी जिलों में गरज और तेज हवाओं के झोंकों के साथ वज्रपात की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में कई स्थानों पर गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के उत्तर-पश्चिमी तथा निकटवर्ती उत्तरी भागों में कहीं-कहीं पर लू चल सकती है। इसे लेकर गढ़वा, पलामू, लातेहार, बोकारो, चतरा, हजारीबाग, जामताड़ा, रामगढ़, गिरिडीह, धनबाद, कोडरमा और देवघर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर आंधी के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 6.1 एमएम पलामू में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस डालटनगंज में रिकार्ड किया गया। सबसे न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो थर्मल में दर्ज हुआ।

**शहर का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 39.5 | 26.2 |
| जमशेदपुर | 40.0 | 29.2 |
| डालटनगंज | 46.0 | 31.3 |
| बोकारो | 42.5 | 26.1 |
| चाईबासा | 40.5 | 27.2 |
| देवघर | 45.2 | 28.9 |
| गिरिडीह | 43.3 | 29.8 |
| गढ़वा | 45.1 | 33.7 |
| सरायकेला | 41.5 | 28.6 |
| गोड्डा | 41.0 | 30.1 |

# खूंटी में भाजपा की हार के बाद जिला संगठन में फेरबदल संभव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी पांचों आदिवासी आरक्षित सीट पर भाजपा की करारी हार के बाद पार्टी के अंदर कोहराम मचा है। भाजपा को सबसे बड़ा आघात खूंटी लोकसभा सीट पर लगा है, जहां से पार्टी के सबसे बड़े आदिवासी चेहरा और पूर्व केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा चुनाव हार गए। उन्हें कांग्रेस के कालीचरण मुंडा ने डेढ़ लाख से भी अधिक मतों से हराया। इस हार के बाद पार्टी ने समीक्षा बैठक की, जिसमें हार के कारणों का जानने का प्रयास किया गया। खूंटी लोकसभा क्षेत्र में पडने वाले सभी छह विधानसभा क्षेत्र तोरपा, खूंटी, सिमडेगा, कोलेबिरा, तमाड और खरसावां के प्रमुख भाजपा कार्यकर्ताओं को बैठक में बुलाया गया था। समीक्षा बैठक में नेता-कार्यकर्ता एक-दूसरे पर ही आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे। पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता और नेता खूल कर प्रदेश स्तर और जिला स्तर के नेताओं को जिम्मेवार ठहरा रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा भेजे गये करीब तीस बिंदुओं पर कार्यकर्ताओं से भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, जानकारी ली। कार्यकर्ताओं ने सभी सवालों का खुलकर जवाब दिया।



**अभेद्य किला और सबसे सुरक्षित सीट है खूंटी**

खूंटी लोकसभा सीट भाजपा के लिए अभेद्य किला और सबसे सुरक्षित क्षेत्र माना जाता रहा है। अब तक हुए 18 लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सर्वाधिक नौ बार जीत दर्ज की है। कांग्रेस को चार बार और पांच बार झारखंड प्रत्याशी को यहां से जीत मिली है। पद्मभूषण कड़िया मुंडा आठ बार भाजपा के सांसद रहे हैं। इसके बावजूद राज्य में तीन बार सीएम रहे चुके और केंद्र में जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा की हार से सभी सकते में हैं। अब खूंटी जैसी सुरक्षित सीट बड़े अंतर से गंवाने के बाद भाजपा नेता हार के कारण ढूंढ रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर खूब हो रही है समीक्षा बैठक की चर्चा

भाजपा की समीक्षा बैठक की व्हाट्एसप, एक्स, फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी खूब चर्चा हो रही है। भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी रविंद्र राय के बयान पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। चुनाव प्रभारी होने के नाते इस हार के लिए नैतिक रूप से लोकसभा प्रभारी, संयोजक से लेकर जिला संगठन तक जिम्मेवार है। लोगों का कहना है कि इसके बाद भी यदि संगठन में फेरबदल नहीं हुआ, तो पांच महीने बाद होनेवाले विधानसभा चुनाव में इसका खमियाजा पार्टी को भुगतना पड़ सकता है।

## पृष्ठ एक के शेष

**एंबुलेंस के टक्कर से मोपेड सवार की...**

के आश्वासन के बाद ढाई घंटे बाद सड़क जाम हटाया गया। केश्वर साव धान का बीज खरीद कर मोपेड से घर जा रहे थे। इस दौरान उक्त स्थल पर पिपरा की ओर मुड़ने के क्रम में पीछे से आ रही अज्ञात एंबुलेंस ने टक्कर मार दिया। इससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। घटना स्थल पर उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। सड़क जाम रहने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गयी थी। बाद में पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दी है। टक्कर मारने वाले एंबुलेंस की पहचान की जा रही है।

**भाजपा ने शिवराज को बनाया...**

गठबंधन हार गया। इसे देखते हुए अब भाजपा ने प्रदेश चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी के रूप में दो मजबूत चेहरों को जिम्मेदारी दी है। शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश में लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे और अब केंद्रीय मंत्री हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता भी बड़े चेहरे के तौर पर पहचान रखते हैं। पार्टी को उम्मीद है कि राज्य में सत्तारूढ दल झामुमो, कांग्रेस, राजद की सरकार को चुनाव में परास्त करने में शिवराज और हिमंता का अनुभव काम आएगा, जिससे 2014 की तरह भाजपा फिर से सत्ता में आ सकेगी।

**बंगाल में कंचनजंगा एक्सप्रेस...**

बंगाल की सीएम ममता बनर्जी घटनास्थल के लिए रवाना हो गईं। नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे के प्रवक्ता सव्यसाची डे ने एजेंसी को बताया कि कंचनजंगा एक्सप्रेस सिक्किम के अगरतला से पश्चिम बंगाल के सियालदह जा रही थी। एक्सप्रेस ट्रेन सिलीगुड़ी के फांसीदेवा में रंगापानी स्टेशन के पास रुइधासा में रेड सिग्नल की वजह से रुकी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आ रही मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं सीईओ जया वर्मा सिन्हा ने कहा, इस दुर्घटना में 15 लोगों की मौत हुई है। प्रथम दृष्टया इसका कारण मानवीय भूल प्रतीत होती है। प्रारंभिक संकेत बताते हैं कि यह सिग्नल की अनदेखी का मामला है। कवच को पश्चिम बंगाल के लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रचारित करने की आवश्यकता है। सीईओ ने कहा, मालगाड़ी के चालक और सहायक चालक तथा कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन के गार्ड की इस दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। बचाव अभियान पूरा हो गया है। सिग्नल की अनदेखी करने वाले चालक (लोको पायलट) की मौत हो गई है और कंचनजंगा एक्सप्रेस के गार्ड की भी जान चली गई है। उन्होंने बताया, आज सुबह यह हादसा हुआ है, कंचनजंगा एक्सप्रेस अगरतला से सियालदह जा रही थी उसे पीछे से मालगाड़ी ने सिग्नल को तोड़ते हुए टक्कर मारी है। ट्रेन के पीछे का गार्ड का डिब्बा, दो पार्सल वैन और जनरल डिब्बे क्षतिग्रस्त हुए हैं। हमने हेल्पलाइन, हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं, जिससे यात्रियों के परिजन उनके बारे में जानकारी ले सकें। यह ट्रेन अगरतला से सियालदह जा रही थी, इसलिए मार्ग के हर स्टेशन पर हेल्प डेस्क स्थापित स्थापित किए गए हैं। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) ने सोमवार को एक बयान जारी कर बताया कि आज सुबह 8.55 बजे ट्रेन संख्या 13174 डाउन (सिलचर-सियालदह) कंचनजंगा एक्सप्रेस को पूसीरे के कटिहार (केआईआर) डिवीजन में रंगापानी (आरएनआई)-चत्तर हाट (सीएटी) सेक्शन के बीच जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी। पूसीरे ने बताया कि इस हादसे में ट्रेन संख्या 13174 डाउन के पीछे के चार डिब्बे और मालगाड़ी के पांच कंटेनर और आगे का इंजन क्षतिग्रस्त हुआ।

**राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री...**

है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का इलाज
- टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा इलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रीफ न्यूज

### अमेरिकी एनएसए सुलिवन पहुंचे भारत, विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन भारत की दो दिवसीय यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर व भारत के एनएसए अजीत डोभाल से मुलाकात की और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। दोनों देशों के बीच रक्षा प्रौद्योगिकी और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी बात हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सुलिवन से मुलाकात के बाद एक्स पर पोस्ट किया,आज सुबह नई दिल्ली में अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन का स्वागत करते हुए प्रसन्नता हुई।

### वोकार्ड हॉस्पिटल सहित मुंबई के 60 अस्पतालों को उड़ाने की धमकी मिली



**मुंबई।** मुंबई से सटे मीरा रोड के वोकार्ड हॉस्पिटल सहित मुंबई के 60 अस्पतालों में बम विस्फोट की धमकी मिलने के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। मुंबई और मीरा भाईंदर पुलिस की टीम इन अस्पतालों की गहन छानबीन कर रही है, लेकिन अभी किसी भी अस्पताल में बम जैसी कोई भी विस्फोटक नहीं मिला है। अस्पतालों को मिली धमकी से मरीजों सहित आम नागरिकों में हड़कंप मच गया है।

### पानी की किल्लत के खिलाफ भाजपा का मटका फोड़ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पानी की किल्लत के विरोध में भाजपा पूरी दिल्ली में मटका फोड़ प्रदर्शन कर रही है। सोमवार को दिल्ली के गीता कालोनी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कार्यकताओं के साथ मटका फोड़ प्रदर्शन किया। दिल्ली में पैदा हुए जल संकट पर भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस दौरान कार्यकताओं ने दिल्ली सरकार के खिलाफ हाथों में बैनर पोस्टर लेकर जमकर नारेबाजी भी की। भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने आरोप लगाया कि दिल्ली में पानी की चोरी हो रही है और उसकी कालाबाजारी की जा रही है।

### नए आपराधिक कानूनों से सहमत नहीं थी संसद : मनीष तिवारी

**नई दिल्ली।** भारत में एक जुलाई 2024 से तीन नए आपराधिक कानून 'भारतीय न्याय संहिता','भारत सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' लागू होने जा रहे हैं। इसे लेकर विपक्ष ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी का कहना है कि इन कानूनों से संसद पूर्ण रूप से सहमत नहीं थी और रिकॉर्ड 146 विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित करने के बाद इन्हें पारित किया गया था। तिवारी ने कहा कि ये नए कानून संसद के सामूहिक ज्ञान को प्रदर्शित नहीं करते।

### पाकिस्तान में सड़क हादसा, 5 पुलिसकर्मियों की हुई मौत

**इस्लामबाद।** पाकिस्तान में आज सवेरे हुए सड़क हादसे में पांच पुलिस कर्मचारियों की जान चली गई। यह हादसा बलूचिस्तान के लासबेला के पास क्वेटा-कराची राजमार्ग पर हुआ। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एक कार ने पुलिस वैन को टक्कर मार दी। इससे पुलिस वैन पलट गई। हादसे में पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। लासबेला के एसएसपी कैप्टन (रिटायर्ड) नवीद आलम के अनुसार, दुर्घटना उथल पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुई। तीन पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

# दिल्ली में ईद उल अजहा का पर्व पूरी अकीदत व ऐहतराम के साथ मनाया गया

एजेंसी


**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा का पर्व पूरी अकीदत और ऐहतराम के साथ मनाया गया। ईदगाह, मस्जिदों और दरगाहों में बकरीद की नमाज अदा की गई और बाद में मुस्लिमों के जरिए जानवरों की कुबार्नी पेश की गई। दिल्ली की मशहूर जामा मस्जिद (शाहजहानी मस्जिद) में ईद की नमाज सुबह 6 बजे शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने अदा कराई। शाही मस्जिद फतेहपुरी में शाही इमाम डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने ईद की नमाज अदा कराई। इसी तरह बाड़ा हिन्दू राव स्थित ऐतिहासिक शाही ईदगाह में भी बड़ी तादाद में मुस्लिमों ने ईद की नमाज अदा की। शिया जामा मस्जिद कश्मीरी गेट पर बड़ी तादाद में शिया मुसलमानों ने ईद की नमाज अदा की। इस मौके पर ईदगाह और मस्जिदों के बाहर बच्चों के लिए खिलौने, गुब्बारे और खाने-पीने के समान खरीदते हुए लोग दिखाई पड़े। बच्चों में काफी उत्साह और उमंग देखने को मिला।

शाही जामा मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने अदा कराई। इस मौके पर मस्जिद का पूरा सेहन और सीढ़ियां आदि नमाजियों से भरी हुई थीं। शाही इमाम ने मुसलमानों से ईद की कुबार्नी करते समय सावधानी बरतने और गंदगी वगैरा नहीं करने की अपील की। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से शांतिपूर्वक ईद की नमाज संपन्न कराने पर बधाई दी है।

*डॉ मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने देश-दुनिया में अमन और शांति के लिए विशेष दुआ की। उन्होंने मुसलमानों से कुर्बानी करते समय संयम बरतने की हिदायत दी।*

## बाड़ा हिंदू राव स्थित ऐतिहासिक शाही ईदगाह में भी बड़ी तादाद में मुस्लिमों ने ईद की नमाज अदा की

- शाही मस्जिद फतेहपुरी में शाही इमाम डॉ मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने ईद की नमाज अदा कराई।
- बाड़ा हिंदू राव स्थित ऐतिहासिक शाही ईदगाह में भी बड़ी तादाद में मुस्लिमों ने ईद की नमाज अदा की।
- शाही जामा मस्जिद में ईद उल अजहा की नमाज शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने अदा कराई।
- शाही इमाम ने ईद की कुर्बानी करते समय सावधानी बरतने और गंदगी वगैरा नहीं करने की अपील की।



### चांदनी चौक रोड पर भी बड़ी तादाद में मुसलमानों ने नमाज अदा की

इस मौके पर मस्जिद फतेहपुरी के शाही इमाम डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने भी ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई। यहां पर मस्जिद के अलावा चांदनी चौक रोड पर भी बड़ी तादाद में मुसलमानों ने नमाज अदा की। डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने देश-दुनिया में अमन और शांति के लिए विशेष दुआ की। उन्होंने मुसलमानों से कुबार्नी करते समय संयम बरतने की हिदायत की। उन्होंने कहा कि आपके अमल से किसी को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अल्लाह की राह में कुबार्नी करना जरूरी है, मगर इसको करते वक्त किसी को बिना वजह परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंपी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में हाल ही में एक यात्री बस पर हुए आतंकी हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। एनआईए द्वारा आज सोमवार (17 जून) ने यह बयान जारी किया है। एनआईए के एक अधिकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में 9 जून को एक यात्री बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई है। यह फैसला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा यहां लगातार दो बैठकों में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति और वार्षिक अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के एक दिन बाद लिया गया। ये बैठकें रियासी जिले में बस पर हुए आतंकी हमले और केंद्र शासित प्रदेश में कुछ अन्य आतंकी घटनाओं के मद्देनजर बुलाई गई थीं।

उल्लेखनीय है कि बीती 9 जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले के बाद उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे तीन महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 घायल हो गए थे। आतंकवादियों ने 53 सीटों वाली बस पर तब गोलीबारी की, जब वह कटरा में शिव खोड़ी मंदिर से माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही थी। इसके बाद बीती 11 जून को भी आतंकवादियों ने भद्रवाह के चटरगल्ला में राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की एक संयुक्त जांच चौकी पर गोलीबारी की, जबकि 12 जून को डोडा जिले के गंदोह इलाके में एक तलाशी दल पर हमला किया गया। इस हमले में एक पुलिसकर्मी सहित सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी 13 जून को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की थी।




*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 13 जून को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की थी*

## पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोपी अमेरिका के हवाले

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश रचने के आरोपी निखिल गुप्ता को अमेरिका को सौंप दिया गया है और कैदियों की रिकॉर्ड के अनुसार, वह संघीय हिरासत में है। फेडरल ब्यूरो ऑफ प्रीजन्स के रविवार के रिकॉर्ड के अनुसार, गुप्ता इस समय ब्रुकलिन में मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर में बंद है। यहां संघीय अदालतों में पेशी का इंतजार कर रहे कैदियों को रखा जाता है। एबीसी टीवी नेटवर्क ने न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले की संघीय अदालत के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि गुप्ता को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा। उसे पिछले साल 30 जून को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। अमेरिका ने उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया था। गुप्ता ने इस साल के आरंभ में अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ चेक कांस्टीट्यूशनल कोर्ट में अपील की थी। पिछले महीने उसकी अपील खारिज होने के बाद प्रत्यर्पण संभव हो सका है।

अदालत के दस्तावेज के मुताबिक, 'निक' नाम का भी इस्तेमाल करने वाले गुप्ता पर एक अनाम भारतीय वरिष्ठ फील्ड अधिकारी के साथ मिलकर पंजाब को (भारत से) अलग कर खालिस्तान नाम से एक स्वायत्त राष्ट्र बनाने की वकालत करने वाले एक अमेरिकी संगठन के नेता की हत्या की साजिश रचने का आरोप है।



**पन्नू को भारत सरकार ने आतंकवादी घोषित कर रखा है :** अदालती दस्तावेज में खालिस्तान समर्थक नेता के नाम का उल्लेख नहीं है, लेकिन मामला गुरपतवंत सिंह पन्नू से जुड़ा है जो पेशे से वकील है और अमेरिका तथा कनाडा की नागरिकता रखता है। वह न्यूयॉर्क में रहता है और खालिस्तान के समर्थन में अभियान चलाता है। उसे भारत सरकार ने आतंकवादी घोषित कर रखा है।

### चीन में रेफ्रिजरेटेड लॉरी में दम घुटने से आठ की मौत

**बीजिंग।** चीन के हेनान राज्य में एक रेफ्रिजरेटेड लॉरी के अंदर आठ लोग मृत पाए गए। बताया गया है कि दम घुटने से उनकी मौत हुई है। चीनी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना हेनान प्रांत की राजधानी झेंग्झौ से लगभग 140 किलोमीटर दक्षिण की है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, लॉरी के ड्राइवर ने अपने कार्गो में आठ लोगों को बेहोश पाया और आपातकालीन सेवाओं को इसकी सूचना दी। उन्हें होश में लाने का प्रयास किया गया। अंत में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है, जिसमें वाहन के चालक की जांच भी शामिल है। अधिकारियों ने कहा है कि वो सभी गलत तरीके से ले जाए जा रहे थे। उनकी पहचान भी अभी नहीं हुई है।

## भाजपा नेता किरीट सोमैया ने ईवीएम हैक के आरोपों को सिरे से किया खारिज

एजेंसी

**मुंबई।** ईवीएम विवाद पर महाराष्ट्र की सियासत गर्मा गयी है। पूर्व सांसद और महाराष्ट्र भाजपा के वरिष्ठ नेता किरीट सोमैया ने इस पर बड़ा बयान दिया है। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कहा है कि उद्धव ठाकरे और राहुल गांधी को मुंह दिखाने के लिए जगह नहीं मिल रही है। इसलिए वो प्रतिदिन कोई ना कोई ऐसी बयानबाजी करते रहते हैं। एक ईवीएम मशीन हो या अन्य ईवीएम मशीन हर मशीन का निरीक्षण किया जाता है।



उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने इस मामले में कहा है कि हर ईवीएम मशीन अलग-अलग है। इसमें किसी भी प्रकार का ना तो इंटरनेट कनेक्शन है और ना ही कोई मोबाइल कनेक्शन है। उसमें किसी प्रकार के सिम कार्ड का भी इस्तेमाल नहीं हो सकता है। ऐसे में मोबाइल फोन के जरिए ईवीएम कैसे हैक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी मोबाइल या इंटरनेट के जरिए ईवीएम मशीन को हैक नहीं किया जा सकता। एक बात तय है कि मोबाइल के जरिए संजय राउत और उद्धव ठाकरे की बुद्धि को हैक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीन के मामले में भी कोर्ट ने साफ कहा था कि मशीन के मामले में किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार को रोका जाए। यही वजह है कि कोंकण में उद्धव ठाकरे का सफाया हो चुका है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भी उनका बुरा हाल होगा।

**उपलब्धि** नौसेना के पास पहले एआईपी सिस्टम वाली पनडुब्बियां नहीं थीं

# भारतीय नौसेना में शामिल होंगी आधुनिक छह पनडुब्बियां

*इस योजना के तहत भारत सरकार के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे*

एजेंसी

**मेड्रिट।** भारतीय नौसेना स्पेन में ह्यप्रोजक्ट 75 भारत (पी75आई) के तहत अत्याधुनिक उपकरणों का परीक्षण करने जा रही है। स्पेन की एक जहाज निमार्ता (शिपयार्ड) कंपनी नवंतिया के अनुसार इस परीक्षण के बाद भारतीय नौसेना छह आधुनिक पनडुब्बियों को अपने बेड़े में शामिल करेगी।

**भारत सरकार के साथ अनुबंध पर होंगे हस्ताक्षर:** नवंतिया के चेयरमैन रिकार्डो डोमिंगुज गार्सिया बाकुएरो का कहना है कि स्पेन की सरकार और नौसेना पी75आई को लेकर काफी उत्साहित है और हर तरह से इस प्रोजक्ट में भारत की मदद करना चाहती है। इस योजना के तहत भारत सरकार के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। नवंतिया के प्रमुख ने कहा कि जून के आखिरी सप्ताह से भारतीय नौसेना काटार्जेना के पोत कारखाने में वायु स्वतंत्र प्रणोदन (एआईपी- Air Independent Propulsion) परीक्षण की शुरूआत करेगी।



### पनडुब्बियां लंबे समय तक पानी के भीतर रह सकेंगी

रिकार्डो डोमिंगुज ने आगे कहा कि इस परीक्षण में उनका साथ लार्सन एंड टर्बो (एल एंड टी) कंपनी देगी। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना को विश्व स्तर की एआईपी तकनीक की जानकारी दी जाएगी। आगे बताया गया कि भारतीय नौसेना एआईपी तकनीक से सुसज्जित छह पनडुब्बियों का अधिग्रहण करेगी। इस तकनीक की मदद से पनडुब्बियां लंबे समय तक पानी के भीतर रह सकती हैं। भारतीय नौसेना के पास इससे पहले एआईपी सिस्टम वाली पनडुब्बियां नहीं थीं। करीब 60 हजार करोड़ की इस परियोजना में एल एंड टी और नवंतिया के साथ जर्मनी की थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स और भारत की मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड भी शामिल हैं। नवंतिया ने भारतीय नौसेना की परियोजना के लिए एस-80 पनडुब्बी के डिजायन की पेशकश की है। इनमें से एक पनडुब्बी वर्ष 2024 में स्पेनिश नौसेना में शामिल हो चुकी है। नवंतिया ने दावा किया कि ₹80 की खास बात यह है कि यह बिना किसी पुनर्निमाण की आवश्यकता के पी75(आई) की तकनीक आवश्यकताओं को आसानी से पूरा करती है।

## कांग्रेस ही लाई थी ईवीएम, उस पर सवाल उठाना गलत : लक्ष्मण

एजेंसी

**भोपाल।** दिग्विजय सिंह के भाई और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह ने ईवीएम पर बढ़ते विवाद के बीच कहा है कि कांग्रेस पार्टी ही ईवीएम लेकर आई थी, इस पर सवाल उठाना कहीं से भी उचित नहीं है। उन्होंने इसके साथ ही कई और मुद्दों पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। एनसीईआरटी की किताबों में बाबरी मस्जिद के विषय को हटाने का मामला तूल पकड़ रहा है। इस विषय पर तमाम राजनीतिक दल के नेताओं की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। लक्ष्मण सिंह ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि क्या बच्चों को ये बताना चाहेंगे कि मुगलों ने हमारे मंदिर को तोड़ा था। बच्चों को यह इतिहास पढ़ना चाहिए कि वहां पर राम मंदिर था। एनसीईआरटी की किताब से अगर बाबरी मस्जिद के विषय को हटाया गया है तो कोई गलत नहीं है। जो सच है वही बच्चों को बताया जाना चाहिए।

लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की करारी हार के बाद प्रदेश कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की मांग पर लक्ष्मण सिंह ने कहा कि नेतृत्व परिवर्तन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर तक हमें समितियां बनानी चाहिए। समितियां जो भी फैसला करे, उस पर निर्णय लेना चाहिए, ना कि बंद कमरे में 10-12 लोगों को बिठाकर कोई निर्णय लें।